राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 12
अंक : 81
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
बुधवार 05 अक्टूबर 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट
पेज 3 दि.प.ला. द्वारा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में 'राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं आज़ादी का अमृत काल' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन
पेज 5 अग्निपथ योजना में फर्जी दस्तावेजों के जरिए भर्ती कराने का देते थे झांसा, पुलिस ने पांच को दबोचा
पेज 7 नॉर्थ कोरिया ने जापान के ऊपर से दागी बैलिस्टिक मिसाइल; अलर्ट जारी होते ही अंडरग्राउंड छिपे लोग

पूजा-अर्चना



केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह ने जम्मू में माता वैष्णो देवी मंदिर, कटरा में पूजा-अर्चना करते हुए।

## गुजरात के वडोदरा में बड़ा हादसा

### तिपहिया वाहन को कंटेनर ने मारी टक्कर, 2 बच्चों व महिला समेत 9 की मौत; 5 गंभीर

एजेंसी

वडोदरा। गुजरात के वडोदरा शहर में दर्जीपुरा एयरफोर्स एरिया के पास मंगलवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य पांच गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को वडोदरा को सयाजी हॉस्पिटल में भर्ती



करवाया गया है। हादसा उस वक्त हुआ, जब एक कंटेनर ने छकड़ा को टक्कर मार दी।

#### कार को बचाने के चलते हुआ हादसा

मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा कंटेनर को ओवरटेक कर रही एक कार को बचाने के चलते हुए। इस दौरान कंटेनर चालक का स्टीयरिंग पर कंट्रोल नहीं रहा और रॉन्ग साइड से आ रहे छकड़ा से जा टकराया। कंटेनर का अगला हिस्सा छकड़ा के साथ एयरफोर्स की बाउंड्री वॉल में जा घुसा।

#### सूरत से वडोदरा आ रहा था छकड़ा

हादसे की आवाज सुनते ही एयरफोर्स के जवान मदद के लिए दौड़े। घायलों को एयरफोर्स की एंबुलेंस से ही अस्पताल पहुंचाया गया। मृतकों में दो बच्चे, एक महिला समेत कुल 9 लोग शामिल हैं। मिला जानकारी के अनुसार छकड़ा में सवार सभी लोग सूरत से वडोदरा आ रहे थे।

## उत्तरकाशी में एवलॉन्च, 10 शव मिले

### पर्वतारोहण संस्थान के 29 ट्रेनी बर्फ में फंसे, 8 को रेस्क्यू किया; 11 लापता

देहरादून। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में मंगलवार को एवलांच आया। यह घटना द्रौपदी का डांडा नाम की जगह पर हुई, जहां आमतौर पर पर्वतारोहियों को ट्रेनिंग दी जाती है। ट्रेनिंग के लिए नेहरू पर्वतारोहण संस्थान के 29 ट्रेनी गए थे। 8 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। 10 शव बरामद हुए हैं, 11 लोग अभी लापता हैं। राज्य के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से बात कर रेस्क्यू ऑपरेशन में तेजी लाने के लिए सेना की मदद मांगी है। एसडीआरएफ



(स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के DIG रिद्धिम अग्रवाल ने जानकारी दी कि एसडीआरएफ की टीम कैंप पहुंच चुकी है। एयरफोर्स के एक अधिकारी ने बताया कि रेस्क्यू के लिए IAF के 2 चीता हेलिकॉप्टर लगाए गए हैं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि एवलॉन्च के दौरान 20 ट्रेनी की मौत हो गई। कुछ में कहा जा रहा है कि 2 ट्रेनी की मौत हुई है। लेकिन, अभी तक मौतों पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है।

#### 12 दिन में 3 बार एवलांच आया

**इससे पहले 1 अक्टूबर को केदारनाथ मंदिर के करीब एवलांच हुआ था। वहीं, 23 सितंबर को मंदिर से करीब 5 किमी पीछे बने चौराबाड़ी ग्लेशियर में एवलांच आया था। इसका भी वीडियो सामने आया था। रुद्रप्रयाग के डिजास्टर मैनेजमेंट अधिकारी एनएस रजवार ने बताया था कि यह काफी छोटा एवलांच था। दोनों ही एवलांच में नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली।**

### मोदी ने उत्तरकाशी में पर्वतारोहियों की मौत पर जताया दुख

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उत्तराखंड के उत्तरकाशी में पर्वतारोहियों की हुई मौत पर शोक व्यक्त किया है। श्री मोदी ने ट्वीट कर कहा,एनआईएम (निम) उत्तरकाशी पर्वतारोहण अभियान से जुड़े लोगों की मृत्यु से दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदना है। बचाव अभियान जारी है और स्थिति पर अधिकारी कड़ी नजर रख रख रहे हैं। उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड के सीमांत जनपद उत्तरकाशी में द्रौपदी का डांडा 2 पर्वत चोटी के पास हिमस्खलन में दस लोगों की मौत हो गयी है।

### अटारी बॉर्डर से 3 करोड़ की ड्रग्स बरामद

## अफगानिस्तान का सामान लेकर पहुंचा पाकिस्तानी ड्राइवर गिरफ्तार, चुंबक से छिपाई थी खेप

अमृतसर। भारतीय कस्टम विभाग ने पाकिस्तानी नशा तस्करों द्वारा भेजी गई 3 करोड़ रुपए की ड्रग्स बरामद की है। अटारी बॉर्डर पर चैकिंग के दौरान BSF जवानें की नजर खेप पर पड़ गई और कस्टम विभाग ने इसे जब्त कर लिया। कस्टम और नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने पाकिस्तानी ड्राइवर को गिरफ्तार करके उससे पूछताछ शुरू कर दी है। पुलवामा अटैक के बाद भारत ने पाकिस्तान से व्यापारिक रिश्ते खत्म कर दिए, लेकिन अमृतसर के अटारी बॉर्डर पर इंटिग्रेटेड चैक पोस्ट के माध्यम से सिर्फ अफगानिस्तान से आने वाले सामान को रिसीव किया जा रहा है। इसकी आड़ में पाकिस्तानी तस्कर लगातार नशीले पदार्थों भेज रहे हैं। अभी जो ड्रग्स पकड़ी गई है, वह ट्रक के नीचे चुंबक के साथ काले पैकेट में चिपका रखा था।

#### 400 ग्राम से अधिक ड्रग्स की मात्रा

बता दें कि चैकिंग के दौरान जवानों की नजर पैकेट पर पड़ गई। इसके बारे में ड्राइवर से पूछा तो वह कुछ बता नहीं पाया। बीएसएफ ने पैकेट जब्त कर लिया। इसकी जांच एनसीबी ने शुरू कर दी है। पैकेट का भार 400 ग्राम से अधिक आंका जा रहा है। फिलहाल पैकेट को खोला नहीं गया है। वहीं खेप की इंटरनेशनल वैल्यू 3 करोड़ रुपए के करीब आंकी जा रही है।

## मथुरा ट्रिपल मर्डर का खुलासा, दो बच्चों सहित महिला का हुआ था कत्ल

मथुरा। मथुरा ट्रिपल मर्डर की गुत्थी को पुलिस ने 11 माह बाद सुलझा लिया। केस में एक आरोपी को अरेस्ट कर लिया। बता दें कि यमुना एक्सप्रेस-वे पर दो बच्चों और मां के शव मिले थे। जिनकी दस महीने तक पुलिस पहचान ही नहीं कर पाई थी। मंगलवार को आखिरकार पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया। हालांकि अभी कई अपराधी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। वजह सामने आई कि महिला की ये तीसरी शादी थी। उसके दो बच्चे थे। तीसरा पति उन बच्चों के साथ नहीं रहना चाहता था। वो उन्हें छोड़ने को कहता था। इस बात पर दोनों में बहस भी होती थी। इसी वजह से उसने हत्या की प्लानिंग बनाई।

2 नवंबर 2021 को सुरीर में माइल स्टोन- 79 पर एक बच्चे का कंटीले तारों में शव मिला। यहीं से कुछ दूरी पर 5 किलोमीटर दूर नौहझील में माइल स्टोन- 74 के सर्विस रोड पर एक और बच्चे का शव मिला।

पुलिस शिनाख्त करने की कोशिश कर रही थी। तभी 48 घंटे के अंदर ही बलदेव क्षेत्र में 4 नवंबर को माइल स्टोन- 129 पर एक महिला का शव मिला। उसी हालात में जैसे दोनों बच्चों के मिले थे।

## केरल के 873 पुलिस कर्मियों का पीएएफआई से लिंक

### एनआईए की रिपोर्ट में खुलासा; सभी पर छापेमारी से जुड़ी इंफॉर्मेशन लीक करने का आरोप

एजेंसी

तिरुवनन्तपुरम। केरल में कम से कम 873 पुलिस कर्मी प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया से जुड़े है। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने केरल पुलिस चीफ को एक रिपोर्ट सौंपी है, जिसमें इस बात का खुलासा हुआ है।
अब राज्य के सब-इंस्पेक्टर और स्टेशन हेड ऑफिसर रैंक के अधिकारी और सिविल पुलिस कर्मी केंद्रीय एजेंसियों की जांच के दायरे में हैं। इन अफसरों के बैंक अकाउंट्स और पैसे के लेन-देन का ब्योरा जुटाया जा रहा है।
जानकारी के अनुसार, एनआईए की लिस्ट में स्पेशल ब्रांच, इंटेलिजेंस, लॉ और ऑर्डर विंग से संबंधित कर्मी और केरल पुलिस के अधिकारियों के ऑफिस में काम करने वाले कर्मचारी शामिल हैं।
आरोप है कि इन लोगों ने पुलिस की ओर से की गई छापेमारी सहित कई हम जानकारियां लीक की हैं।

#### फरवरी में कई पुलिस कर्मी हुए सस्पेंड

पिछली फरवरी में, थोडुपुझा में करीमन्नूर पुलिस स्टेशन से जुड़े एक सिविल पुलिस अधिकारी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेताओं की जानकारी पीएफआई को लीक करने के लिए सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। इसी तरह के मामले में मुन्नार थाने में भी एक एसआई समेत तीन पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया गया था।

#### जांच एजेंसियों ने दो राउंड में ताबड़तोड़ छापे मारे थे, 2 दिन में 278 गिरफ्तारियां हुईं

एनआईए, ईडी और राज्यों की पुलिस ने 22 और 27 सितंबर को पीएफआई और उससे जुड़े संगठनों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की थी। 2 दिन के भीतर 278 गिरफ्तारियां हुईं। जांच एजेंसियों को पीएफआई के खिलाफ पर्याप्त सबूत मिले। इसके बाद यह कार्रवाई की गई। हालांकि, इस दौरान कई जगहों पर प्रदर्शन भी किए गए। सबसे ज्यादा प्रदर्शन केरल राज्य में हुआ।

## गुजरात में भाजपा पार्षद के बेटे का खूनी खेल

### पुरानी रंजिश में मंदिर से लौट रहे युवक को चाकू मारकर मौत के घाट उतारा



जूनागढ़। गुजरात के जूनागढ़ शहर में मंगलवार रात को बीजेपी पार्षद जीवा सोलंकी के बेटे हरेश सोलंकी ने एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। हत्या के बाद हरेश फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। वारदात का एक सीसीटीवी भी सामने आया है, जिसमें मृतक खून से लथपथ लड़खड़ाते हुए नजर आ रहा है।

#### पुरानी रंजिश के चलते अक्सर होता था विवाद

शहर के अंबेडकरनगर क्षेत्र के भाजपा पार्षद का बेटा हरेश की 29 वर्षीय जयेश से पुरानी रंजिश थी। इसके चलते दोनों के बीच किसी न किसी बात को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। सोमवार की रात भी यही हुआ और इसी दौरान हरेश ने उसके पेट में चाकू घोंप दिया।
मृतक जयेश की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने बताया कि उनके बेटे जयेश की आरोपी हरेश से पहले भी कई बार बहस हो चुकी है। जयेश सोमवार की रात पास ही के मंदिर में आरती करने गया था। यहां से लौटते वक्त हरेश से उसका विवाद हो गया और हरेश ने उसके पेट में चाकू घोंप दिया। खून से लथपथ बेटा मेरे पास आया और बोला- पेट में चाकू लगा है, जल्दी से 108 एंबुलेंस को बुला दो। आसपास के लोग उसे अस्पताल ले गए, लेकिन ज्यादा खून बह जाने के चलते उसकी मौत हो गई।

#### घर के पास लगे कैमरे में दिखाई दिया मृतक जयेश

घटना की सूचना मिलने के बाद पीएसआई, पीआई, डीवाईएसपी समेत काफिला अस्पताल पहुंचा। पुलिस ने मृतक के घर के आसपास और सड़क पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो जयेश का एक वीडियो हाथ लगा। फिलहाल पुलिस इसकी भी जांच में जुटी है कि वारदात में हरेश के साथ और कौन-कौन शामिल है।

### कानपुर में फिर हुआ ट्रैक्टर हादसा, मां बेटी की मौत

कानपुर देहात। उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात क्षेत्र में पिछले कुछ समय से ट्रैक्टर हादसों का सिलसिला थम नहीं रहा है। कानपुर देहात में थाना रूरा के अंतर्गत एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आकर मोटरसाइकिल सवार मां बेटी की मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार इस टक्कर में मां बेटी समेत तीन लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल सभी को सीएचसी रूरा में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टर ने मां-बेटी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## हेमंत लोहिया केस : पुलिस को बड़ी सफलता, आरोपी यासिर हुआ गिरफ्तार

एजेंसी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर डीजी (जेल) हेमंत कुमार लोहिया की हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मामले का मुख्य आरोपी माने जा रहे घरेलू कर्मचारी यासिर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस सोमवार रात से ही आरोपी की तलाश में लगातार जुटी हुई थी। खबरें आई थी कि मौके से बरामद हुए सीसीटीवी में आरोपी को हत्या के तुरंत बाद भागते देखा गया था।

52 वर्षीय लोहिया की हत्या के मामले में आरोपी यासिर को कानाचक इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस जल्दी इस मामले पर जानकारी साझा करेगी। आरोपी यासिर पुलिस अधिकारी के आवास पर काम करता था और वारदात के बाद से ही गायब था। पुलिस का कहना है किआरोपी डिप्रेशन का शिकार था। साथ ही कहा जा रहा है कि पुलिस को उसकी एक डायरी भी बरामद हुई है।

मामले की जांच जारी है और जम्मू और राजौरी में अस्थायी रूप से इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। डीजीपी दिलबाग सिंह ने कहा कि मामले की जांच जारी है। आरोपी ने दरवाजा बंद करके डीजी की हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि लोहिया कुछ दिनों से दोस्त के घर पर रह रहे थे। साथ ही उन्होंने जानकारी दी है कि आरोपी आरोपी एक आक्रामक और अस्थिर व्यक्ति था।

#### किसने ली जिम्मेदारी

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पुलिस अधिकारी लोहिया की हत्या की जिम्मेदारी द रेसिस्टेंस फोर्स ने ली थी।

खास बात है कि यह संगठन टारगेट किलिंग के कई मामलों में चर्चाओं में आ चुका है। इसके अलावा कुछ रिपोर्ट्स में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े (पीपुल्स एंटी फासिस्ट फोर्स) का नाम भी सामने आ रहा है।

## देश में कोरोना संक्रमण से मरने वालों की संख्या में कमी आयी

नयी दिल्ली। देशवासियों के लिए यह राहत की बात है कि अब कोविड-19 की चपेट में आकर जान गंवाने वालों की संख्याओं का सिलसिला धीरे-धीरे थमने लगा है। पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना महामारी के संक्रमण से केवल सात मरीजों की मौत हुई है और मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत तथा स्वस्थ दर 98.74 प्रतिशत है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 218.80 करोड़ टीके लगाए गए। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 1,968 नये मामले सामने आने के साथ संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 4,45,99,466 तक पहुंच गयी है और सक्रिय मामले 34598 हैं एवं सक्रिय दर 0.08 प्रतिशत है।

इसी अवधि में कोविड-19 संक्रमण से 3,481 मरीजों की सेहत में सुधार हुआ है, जिससे अब कोरोना से निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,40,36,152 हो गयी है। देश में मृतकों की संख्या 528716 है।

यहां पिछले 24 घंटों में 2,09,801 कोविड परीक्षण किए गये हैं। जिसके बाद कुल परीक्षणों की संख्या 89.59 करोड़ से अधिक हो चुकी हैं।

पिछले 24 घंटों में चार राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेश में कोराना के मामलों में बढ़ोतरी हुई है और अन्य राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में इसके मामलों में कमी देखी गयी है।

केरल में कोरोना के 620 संक्रमित मामले घटने के बाद सक्रिय मामले घटकर 8728 रह गए हैं और इस बीमारी से निजात पाने वालों की संख्या 6728689 हो गयी है और मृतकों का आंकड़ा 71200 पर बरकरार है।

महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों के दौरान 177 सक्रिय मामले घटने से कुल संख्या घटकर 2739 रह गयी है। इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या 7971346 हो गयी है और एक मरीज की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 148347 हो गया है।

गैंगरेप ?

### मां पीछे-पीछे दौड़ती रही, न्यूड मिला था शव; पिता का आरोप- गैंगरेप के बाद हत्या की

## यूपी : लड़की का शव लेकर 500 मीटर भागे पुलिसकर्मी

औरैया। औरैया के 17 साल की किशोरी का शव सोमवार को खेत में नग्न हालत में मिला। वह सुबह 8 बजे खेत में गई थी। तभी यह घटना हुई। शव लड़की के घर से 500 मीटर की दूरी पर मिला। उसके गले में दुपट्टा लिपटा हुआ था। पिता ने गैंगरेप के बाद बेटी की हत्या का आरोप लगाया है।
हालांकि, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हैवानियत की पुष्टि नहीं हुई है। एक आंख पर सूजन और होंठ में दांत के निशान मिले हैं। गला दबाने यानी दम घुटने से मौत की बात पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में आई है। लड़की की न्यूड लाश मिलने की खबर पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। वहां ग्रामीणों की भीड़ जमा होने लगी।
ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस ने तुरंत शव को बैग में पैक किया। इसके बाद वहां से लेकर भागने लगे। इस दौरान लड़की की मां पीछे-पीछे दौड़ लगाती रही। इसका एक वीडियो भी वायरल हुआ है। करीब 500 मीटर के बाद पुलिस ने शव को गाड़ी में रखा और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।
हालांकि, शव लेकर भागने की बात को स्क्चारु निगम ने खंडन किया है। उन्होंने कहा, खेत में शव मिला था, गाड़ी वहां से 500 मीटर दूर थी। ऐसे में पुलिसकर्मी शव को लेकर गाड़ी तक लाए थे।



#### घर से खेत गई थी किशोरी, तलाश की तो शव मिला

पीड़िता दिबियापुर के एक गांव में माता-पिता के साथ रहती थी। बड़ी दो बहन की शादी हो चुकी है। भाई परिवार के साथ सूरत, गुजरात में रहता है। सोमवार सुबह करीब 8 बजे गांव के बाहर खेतों में गई थी। उसी दौरान उसका पिता अपने खेतों पर काम करने चला गया। जब वह खेतों से घर लौटा तो बेटी नहीं थी। इस पर तलाश शुरू हई तो घर से करीब 5 सौ मीटर दूरी पर स्थित एक बाजरे के खेत में किशोरी का शव नग्न हालत में पड़ा था।
मृतका के पिता ने बताया, जब मैं खेतों से घर लौटा, तो बेटी घर पर नहीं मिली। उसकी तलाश शुरू की, तो पता चला कि वह खेत की तरफ गई थी। उसके बाद घर से करीब 500 मीटर दूर खेत में शव नग्न मिला। उसके गले में दुपट्टा लिपटा हुआ था। गैंगरेप के बाद उसकी हत्या की गई है। जिस बाजरे के खेत में शव पड़ा मिला है, वहां आस-पास करीब 200 मीटर तक बाजरा टूटा पड़ा मिला। मिट्टी पर घसीटने के निशान भी मिले हैं। अंदाजा लगाया जा रहा है कि किशोरी ने मरने से पहले बचने के लिए संघर्ष किया होगा। पुलिस और फोरेंसिक की टीम ने भी मौके से फैक्ट जुटाए हैं। पुलिस को मौके से चप्पल भी मिली हैं। कुछ दूरी पर चप्पल, अंडर गारमेंट्स के अलावा अन्य कपड़े भी मिले हैं। खुलासे के लिए पुलिस की 10 टीमें बनाई गई हैं, जिसमें सर्विलांस और स्वॉट की टीमें भी हैं। ढुल प्रशांत कुमार ने पिता और मां के अलावा कई ग्रामीणों से अलग-अलग बात की।

## शार्ट न्यूज

### केसीआर करेंगे राष्ट्रीय पार्टी की शुरुआत, किशन रेड्डी ने साधा निशाना

हैदराबाद। तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) सुप्रीमो और मुख्यमंत्री कालवाकुंतला चंद्रशेखर राव ने राष्ट्रीय पार्टी के शुभारंभ का मुहूर्त निर्धारित किया गया है और इसकी घोषणा बुधवार अपराह्न 1.19 बजे की जाएगी। केसीआर की ओर से राष्ट्रीय पार्टी के शुभारंभ पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने ट्वीट किया, अपने उत्तराधिकारी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए टीआरएस सरकार की सभी जनता का ध्यान हटाने के लिए, केसीआर 'नेशनल पार्टी' को सामने लाये हैं। उन्होंने कहा कि तेलंगाना के समझदार लोग केसीआर के नाटक को समझ रहे हैं। उन्हें अब और मूर्ख नहीं बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि टीआरएस नेता अपना सिर पकड़ रहे हैं क्योंकि उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि केसीआर एक राष्ट्रीय पार्टी क्यों बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीआरएस नेता निजी तौर पर कह रहे हैं कि केसीआर राष्ट्रीय पार्टी को सिर्फ एमआईएम के लिए बुला रहे हैं। मंत्री ने यह भी ट्वीट किया कि कलवाकुंतला परिवार दिवास्वप्न देख रहा है कि केसीआर प्रधानमंत्री होंगे, उनके बेटे मुख्यमंत्री होंगे और उनकी बेटी केंद्रीय मंत्री होगी। देश में कोई भी पार्टी या नेता केसीआर पर भरोसा नहीं करता। नई राष्ट्रीय पार्टी का नाम 'भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस)' होने की संभावना है। टीआरएस की स्थापना 27 अप्रैल, 2001 को केसीआर ने अलग तेलंगाना राज्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से की थी। इसके साथ ही 21 साल की टीआरएस राष्ट्रीय पार्टी में बदल जाएगी।

### बच्चे चोरी को लेकर नागालैंड के स्कूलों को एहतियाती कदम उठाने का निर्देश

कोहिमा। नागालैंड में स्कूल शिक्षा निदेशालय (डीओएसई) ने बच्चों की चोरी की बढ़ती घटनाओं के प्रति गंभीर रूख अख्तियार करते हुये राज्य के सभी सरकारी और निजी स्कूलों को एहतियाती कदम उठाने का निर्देश दिया है। डीओएसई के प्रधान निदेशक थवसीलन के ने मंगलवार को कहा कि बच्चे चोरी की घटनायें चिंता का विषय है। स्कूल प्रशासन बच्चों की सुरक्षा के लिये बाकायदा शिक्षक प्रभारी बनाये, जो स्कूलों में छात्रों से मिलने वाले प्रत्येक व्यक्ति की प्रामाणिकता की जांच करे। साथ ही संदेहास्पद व्यक्ति पर कड़ी नजर रखे। उन्होंने बताया कि स्कूलों से यह भी कहा गया है कि परिसर और मुख्य द्वार पर निगरानी के लिये सीसीटीवी कैमरे लगाये जायें। कक्षा के पहले पीरियड पर होने वाली उपस्थिति को सभी विषयों की टीचर अपनी कक्षा में जांचते रहे ताकि पीरियड के दौरान बच्चों के लापता होने की संभावना से बचा जा सके। डीओएसई ने कहा कि यदि कोई छात्र अनुपस्थित पाया जाता है तो स्कूल प्रशासन अथवा अध्यापक को उसके अभिभावक से संपर्क साध कर कारण जानना चाहिये। अपहरण के मामलों की रोकथाम और जागरूकता अभियान के लिए स्कूलों को पुलिस विभाग के तालमेल बैठाने की जरूरत है। साथ ही छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच नियमित संवाद होता रहना चाहिये।

### रूमा देवी ने महिला शक्तिकरण पर की चर्चा

उदयपुर। फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रैड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) के चेयरमैन प्रवीण सुथार ने सुप्रसिद्ध इंटरनेशनल फैशन डिजाइनर एवं राजस्थान सरकार राजिविका की ब्रांड एंबेसडर रूमादेवी से आज यहां मुलाकात कर महिला सशक्तिकरण पर चर्चा की। फिल्म उद्योग व्यापार संघ राजस्थान के चेयरमैन श्री सुथार ने बताया कि रुमादेवी से इस दौरान आगामी दिनों में राजस्थानी कला संस्कृति के संवर्धन हेतु थार हैरिटेज सप्ताह समारोह के आयोजन महिला उद्यमिता, महिला सशक्तिकरण हेतु फोर्टी एवं ग्रामीण विकास एवं चेतना संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में महिलाओं को अधिक से अधिक रोजगार देने की योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई। चर्चा के दौरान रूमा देवी ने स्मार्ट विलेज मिशन के बारे में बताया और गांवों को स्मार्ट बनाने के मिशन को आपसी सहयोग से सफल बनाने का आह्वान किया। इस दौरान रूमा देवी को प्रवीण सुथार ने मेवाड़ के आराध्य देव श्रीनाथ जी की प्रतिमा भेंट कर उनका उदयपुर आगमन पर स्वागत किया उनके साथ फोर्टी उदयपुर सम्भागीय अध्यक्ष निशांत शर्मा, फिल्म उद्योग एवं व्यापार संघ राजस्थान के बोर्ड सदस्य मनीष हिंगड़ , चार्टर्ड अकाउंटेंट महावीर चपलोत, आर्किटेक्ट कपिल जैन आदि मौजूद रहे।

### पिकअप से 165 पेटी अवैध शराब बरामद

भरतपुर। राजस्थान के करौली में कोतवाली पुलिस और डीएसटी टीम ने दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 165 पेटी अवैध शराब और पिकअप जब्त की है। थानाधिकारी डॉ उदयभान ने बताया कि डीएसटी प्रभारी मनीष शर्मा को कॉन्स्टेबल विक्रम सिंह की तरफ से एक पिकअप में अवैध शराब होने की सूचना मिलने पर भंवर विलास के पास मंडरायल रोड पर नाकाबंदी कर पुरानी ट्रक यूनियन से शिकारगंज की ओर आ रही पिकअप से अवैध शराब की ये पेटियां बरामद की गई। तलाशी के दौरान पुलिस को पिकअप के अन्दर से अलग-अलग ब्रांड की देशी, अंग्रेजी शराब की 165 पेटियां भरी हुई मिली। मामले में पुलिस ने हेमराज माली निवासी वार्ड नं 8 करणपुर और मीठालाल मीना निवासी जगडरपुरा थाना मंडरायल को गिरफ्तार कर लिया है।

### फर्जी हस्ताक्षर कर बैंक खाते से एक लाख रुपए निकालने वाला मैनेजर गिरफ्तार

भरतपुर। राजस्थान के करौली में कैलादेवी पुलिस ने फर्जीवाड़ा कर खाते से रुपए निकालने के आरोप में पंजाब नेशनल बैंक के एक मैनेजर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने विड्रॉल फॉर्म पर फर्जी हस्ताक्षर किए और ग्राहक के खाते से एक लाख रुपए निकाल लिए। कैला देवी थानाधिकारी निरंजन कुमार ने बताया कि सहायक उपनिरीक्षक प्यारेलाल ने बैंक खाते से रुपए निकालने के आरोपी बैंक मैनेजर संतोष कुमार मीना निवासी खिरखिडा थाना सपोटरा को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। आरोपी ने कैलादेवी पंजाब नेशनल बैंक शाखा में मैनेजर के पद पर रहते हुए एजेंट रामकिशोर मीना निवासी हनुमानपुरा थाना कुडगांव के साथ मिलकर फर्जी तरीके से बैंक से रुपए निकाले थे। आरोपी ने विड्रॉल फॉर्म पर फर्जी हस्ताक्षर कर परिवादी पिस्ताबाई पत्नी बबलू बैरवा निवासी रीछोटी थाना कुडगांव के महिला कल्याण कार्ड से एक लाख रुपए निकाल लिए। तत्कालीन बैंक मैनेजर आरोपी संतोष कुमार मीना से फर्जी तरीके से निकाली गई राशि की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही आरोपी एजेन्ट रामकिशोर मीना निवासी हनुमानपुरा थाना कुडगांव की तलाश की जा रही है।

### राजमार्ग पर लूटपाट करते पंजाब के चार बदमाशों सहित पांच गिरफ्तार

श्रीगंगानगर। राजस्थान के बीकानेर जिले में पिछले एक हफ्ता से राष्ट्रीय राजमार्ग पर लूटपाट और नकबजनी की वारदातें कर रहे पंजाब के चार बदमाशों सहित पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। बीकानेर जिले में महाजन थाना पुलिस ने एक स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार पांच बदमाशों को डकैती अथवा लूट की बड़ी वारदात करने की फिराक में पकड़ा है। इस गिरोह ने एक हफ्ते में नेशनल तथा स्टेट हाईवेज पर आते-जाते वाहनों को रोककर लूटपाट की कई वारदातें की हैं। वहीं एक शराब ठेके में चोरी को अंजाम दिया। थाना प्रभारी सीआई अनिल झाझडिया ने बताया कि रविवार -सोमवार की देर रात को शेरपुरा अंडर ब्रिज के पास खेतों में खड़ी एक संदिग्ध स्कॉर्पियो गाड़ी को काबू किया गया जिसमें पांच संदिग्ध युवक सवार थे। गिरफ्तार बदमाशों में हरदीपसिंह जटसिख (31) पुत्र दर्शनसिंह , बलरामसिंह कुम्हार (29), त्रिलोचनसिंह जटसिख (25), मनप्रीतसिंह मजहबी सिख (25)और राजेश कुमार (27) निवासी चक 22-केवाईडी थाना खाजूवाला जिला बीकानेर शामिल हैं। स्कॉर्पियो गाड़ी में एक गंडासा, एक हथौड़ा, एक कुल्हाड़ी, एक कुंटीनुमा सरिया,लाल मिर्च का पाउडर तथा दो संदिग्ध मोबाइल फोन मिले हैं। थाना प्रभारी के मुताबिक यह पांचों युवक स्मैक और अन्य प्रकार का नशा करने के आदी हैं।

---

इलेक्शन कमीशन ने लेटर लिख किया आगाह

# खोखले चुनावी वादे न करें राजनीतिक दल

एजेंसी




नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने सभी राजनीतिक दलों को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में आयोग ने राजनीतिक दलों को चुनावी वादों को लेकर आगाह किया है। इसमें राजनीतिक दलों से कहा गया है कि वह कोई भी खोखला चुनावी वादा न करें। जो भी चुनावी वादा किया जाए उसमें इस बात का ख्याल रखा जाए कि क्या वह आर्थिक रूप से क्या पूरे किए जाने लायक हैं। आयोग ने कहा है कि वह चुनावी वादों पर पूर्ण जानकारी ना देने और उसके वित्तीय स्थिरता पर पड़ने वाले अवांछनीय प्रभाव की अनदेखी नहीं कर सकता है। खोखले चुनावी वादों के दूरगामी प्रभाव होते हैं। राजनीतिक दलों द्वारा किए गए चुनावी वादों की घोषणा संबंधी प्रस्तावित प्रारूप में तथ्यों को तुलना योग्य बनाने वाली जानकारी की प्रकृति में मानकीकरण लाने का प्रयास किया गया है।

#### तैयार किया गया है नया प्रारूप

प्रस्तावित प्रारूप में वादों के वित्तीय निहितार्थ और वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता की घोषणा करना अनिवार्य है। सुधार के प्रस्ताव के जरिये, निर्वाचन आयोग का मकसद मतदाताओं को घोषणापत्र में चुनावी वादों की वित्तीय व्यवहार्यता के बारे में बताना है। साथ ही यह भी बताना है कि क्या वे राज्य या केंद्र सरकार की वित्तीय क्षमता के भीतर हैं या नहीं।

## मोदी पहाड़ी, गुर्जरों को आरक्षण देना चाहते हैं : शाह

जम्मू। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि कुछ लोग आदिवासी समुदायों में दरार उत्पन्न करने की कोशिश कर रहे हैं जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जम्मू कश्मीर के पहाड़ी, गुर्जर और बकरवाल समुदायों को आरक्षण देने के पक्षधर हैं। शाह कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर हैं और वह राजौरी जिले में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा कि धारा 370 की समाप्ति के बाद दलितों, पिछड़ों और पहाड़ी लोगों को आरक्षण का लाभ दिया गया है। उन्होंने कहा कि कश्मीर पर 70 वर्षों तक तीन परिवारों ने शासन किया है लेकिन प्रधानमंत्री इस क्षेत्र के लोगों के लिए एक उज्ज्वल और सुनहरे भविष्य की कल्पना करते हैं। उन्होंने कहा कि जनसभा में 'मोदी-मोदी' के नारे उन लोगों के लिए जवाब है जिन्होंने दावा किया था कि अगर अनुच्छेद 370 समाप्त हो गया तो खूनखराबा होगा। उन्होंने कहा कि श्री मोदी जम्मू कश्मीर के युवाओं के हाथों में लैपटॉप देखना चाहते हैं इस कारण यहां पथराव की घटनाएं बहुत कम हुई है।

## आठ साल बाद मंगलयान हुआ खामोश

**चेन्नई।** उम्मीद से कई गुना ज्यादा समय तक देश को मंगल ग्रह के बारे में जरूरी सूचनायें प्रदान करने के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का मंगलयान ईधन और बैट्री खत्म होने के कारण आठ साल बाद खामोश होकर अंतरिक्ष में गुम हो गया है। मंगलयान छोड़े जाने के आठ साल पूरा होने के मौके पर इसरो द्वारा आयोजित राष्ट्रीय बैठक में कहा गया कि वर्ष 2013 में मंगलयान को छह महीने के लिये प्रक्षेपित किया गया था मगर यान ने करीब आठ सालों तक मंगल ग्रह और सौर कोरोना की टोह लेते हुये कई महत्वपूर्ण जानकारियां भेजी। पिछली अप्रैल से यान से संपर्क नहीं साधा जा सका। इससे यह मान लिया गया कि यान में जरूरी ईधन और बैट्री पूरी तरह समाप्त हो चुकी है और यान अंतरिक्ष की गहराइयों में गुम हो चुका है। इसरो ने मंगलवार को आधिकारिक बयान जारी कर कहा यह घोषणा की जाती है कि अंतरिक्ष यान लापता हो चुका है और यह मान लिया गया है कि उसका जीवन पूरा हो चुका है। मंगल मिशन को हमेशा एक उल्लेखनीय तकनीकी सफलता के तौर पर जाना जायेगा। ग्रहों की खोज के इतिहास में यह वैज्ञानिक उपलब्धि बेहतरीन रही है। बैठक में इसरो के वैज्ञानिक सचिव शांतनु भाटवाडेकर ने कहा कि मंगलयान को पांच नवम्बर 2013 को लांच किया गया था। लगभग 300 दिन की यात्रा कर यान 14 सितम्बर 2014 को मंगल की कक्षा में स्थापित किया गया था। पिछले आठ सालों में मंगलयान ने लाल ग्रह को समझने में खासा योगदान दिया है। इसरो के पूर्व चेयरमैन डा के राधाकृष्णनन ने कहा कि मंगल मिशन से अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में काफी कुछ सीखने को मिला।

### कम दबाव का क्षेत्र आंध्र में भारी से बहुत भारी बारिश के आसार

अमरावती। आंध्र प्रदेश के तट से दूर पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर सोमवार से कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है जिससे भारी से बहुत भारी बारिश होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने मंगलवार को यहां दैनिक मौसम रिपोर्ट में कहा कि पांच अक्टूबर को उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश और यनम और दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में आज छिटपुट स्थानों पर भारी बारिश के आसार हैं। गुरुवार को उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यनम और दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश के आसार हैं।

## भाजपा ने कांग्रेस को लक्षित कर किया 'पीएफआई भाग्य' पोस्टर अभियान शुरू

बेंगलुरु। कर्नाटक में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच 'पोस्टर युद्ध' छिड़ा हुआ है तथा दोनों ही पार्टियां एक-दूसरे के खिलाफ किसी भी हद तक जाने को तैयार है।

कांग्रेस के 'पेसीएम' अभियान के खिलाफ जैसे को तैसा की नीति अपनाते हुए कर्नाटक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस के खिलाफ 'पीएफआई भाग्य' पोस्टर अभियान शुरू किया है।

इस पोस्टर में उन्होंने दावा किया है कि श्री सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली सरकार ने 2015 में 1,600 पॉपुलर फ्रंट ऑफ़ इंडिया (पीएफआई) कार्यकर्ताओं के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेकर राज्य में पीएफआई के विकास में मदद की।

उन्होंने सोमवार को यहां संवाददाताओं से कहा, जुलाई 2009 में शिवमोग्गा और मैसूरु में दंगों के लिए 1600 पीएफआई और केएफडी (कर्नाटक फोरम फॉर डिग्निटी) कार्यकर्ताओं के खिलाफ 175 मामले दर्ज किए गए थे, लेकिन श्री सिद्धारमैया के शासन के दौरान उन सभी को वापस ले लिया गया। राज्य के मंत्री आर अशोक ने कहा कि श्री सिद्धारमैया की सरकार ने पुलिस और कानून विभागों द्वारा उनके फैसले पर चिंता जताने के बावजूद पीएफआई और केएफडी कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामले वापस ले लिए थे।

मीडिया के सामने कुछ दस्तावेज रखते हुए, मंत्री ने बताया कि कांग्रेस विधायक तनवीर सैत ने दिसंबर 2012 में तत्कालीन मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को पीएफआई और केएफडी कार्यकर्ताओं को रिहा करने के लिए एक पत्र लिखा था क्योंकि वे 'निर्दोष' थे। अशोक ने इन कट्टरपंथी इस्लामी कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामले वापस लेने के लिए श्री सिद्धारमैया से माफी मांगने की मांग की। गौरतलब है कि राज्य की बसवराज बोम्मई की सरकार को कठघरे में खड़ा करने के लिए पार्टी ने 'पेसीएम' अभियान छेड़ रखा है।

## पीएफआई ने दक्षिण कन्नड़ में वापसी की चेतावनी दी

एजेंसी

मंगलुरु। दक्षिण कन्नड़ जिले के बंतवाल तालुक में मंगलवार को प्रतिबंधित कट्टरपंथी इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) ने कथित रूप से प्रतिशोध की भावना से चेतावनी जारी की है।

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा पीएफआई पर प्रतिबंध लगाने के कुछ दिनों बाद पीएफआई ने यह संदेश जारी करते हुए लिखा, 'सावधान (आरएसएस), हम प्रतिशोध की भावना से वापस आएंगे।' घटना का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने आज घटनास्थल का दौरा किया और इसकी जांच कर रही है। इस बीच, हिन्दू जागरण के कार्यकर्ताओं ने पुलिस से सड़क पर आपत्तिजनक संदेश लिखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। केंन्द्रीय गृह मंत्रालय ने 27 सितंबर को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के अंतर्गत पीएफआई और उसके सहयोगी संगठनों को पांच वर्षों के लिए प्रतिबंधित लगा दिया था। सरकार ने पीएफआई के अलावा, इसके सहयोगी रिहैब इंडिया फाउंडेशन, ऑल इंडिया इमाम काउंसिल, नेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन, नेशनल विमेन फ्रंट, जूनियर फ्रंट, कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया, एम्पावर इंडिया फाउंडेशन और रिहैब फाउंडेशन, केरल को 'गैरकानूनी' घोषित किया गया है। हालांकि सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया। इस संदर्भ में, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), राज्य पुलिस और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 22 सितंबर को 15 राज्यों में 93 ठिकानों पर पीएफआई के शीर्ष नेताओं और सदस्यों के घरों और कार्यालयों पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज, नकद, हथियार और बड़ी संख्या में डिजिटल उपकरण बरामद किए गए। पीएफआई के 45 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया जबकि 270 से ज्यादा सदस्यों को हिरासत में लिया गया।

### उधमसिंह नगर जनपद में पराली जलाने पर डीएम ने लगाया प्रतिबंध

नैनीताल। उत्तराखंड के उधमसिंह नगर में जिलाधिकारी (डीएम) किशोर पंत ने पुआल और पराली जलाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। पराली जलाने वालों के खिलाफ वायु एवं प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम,1981 के तहत कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। जिला प्रशासन की ओर से मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि विभिन्न स्रोतों से ज्ञात हुआ है कि फसल कटाई के बाद खेतों में बची हुई (अवशेष) पराली को जला दिया जाता है। जिससे पर्यावरण एवं वातावरण प्रदूषित होता है।

## बंगाल में विरोध प्रदर्शन में गिरफ्तार हुए फिल्म निर्माता रिहा

**कोलकाता।** प्रख्यात फिल्म निर्देशक कमलेश्वर मुखर्जी और राज्यसभा सदस्य विकास रंजन भट्टाचार्य सहित मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेताओं को बुकस्टाल को तोड़े जाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान सोमवार को गिरफ्तार किया गया था लेकिन रात को ही उन्हें रिहा कर दिया गया। माकपा कार्यकर्ताओं को उस दौरान गिरफ्तार किया गया था, जब वे दक्षिण कोलकाता में एक दुर्गा पूजा मार्की के बाहर माकपा द्वारा लगाई गई किताबों की एक दुकान को तोड़े जाने के खिलाफ सोमवार को सड़क पर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने दावा किया कि रासबिहारी एवेन्यू और प्रतापादित्य रोड के जंक्शन पर बुक स्टॉल और विरोध सभा से होने वाली दिक्कतों को टालने के लिए गिरफ्तारियां की गईं थी। माकपा ने आरोप लगाया कि रविवार शाम को गुंडों के समर्थन से मार्क्सवादी साहित्य की दुकान में तोड़फोड़ की गई। तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता बुक स्टाल को सजाते हुए लगाये गये चोर धोरो जेल भोरो (चोरों को पकड़ो, उन्हें जेल में डाल दो) पोस्टर को लेकर नाराज थे।

## आप सरकार ने पंजाब में गन्ने का दाम 20 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने गन्ना किसानों को एक बड़ी सौगात देते हुए गन्ने की खरीद पर 20 रुपये प्रति क्विंटल दाम बढ़ाने का फैसला किया है।

आप की पंजाब इकाई के प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग ने मंगलवार को यहां पत्रकारों से कहा कि किसानों के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान सरकार ने गन्ने की खरीद पर 20 रुपये प्रति क्विंटल दाम बढ़ाने का फैसला लिया है, जबकि किसानों के मुद्दे पर भाजपा शासित राज्यों की सरकारें किसानों का लगातार शोषण कर रही है। गन्ना किसानों को अब 360 रुपए के बजाए 380 रुपये प्रति क्विंटल की अदायगी की जाएगी। इसके लिए सरकार सालाना 200 करोड़ रुपए अतिरिक्त खर्च करेगी। कंग ने कहा कि गुजरात में भाजपा सरकार ने अभी तक लगभग 35 प्रतिशत गन्ना किसानों का बकाया नहीं चुकाया है, जबकि उत्तर प्रदेश,जो कुल गन्ना उत्पादन का 50 प्रतिशत योगदान देता है, वहां भाजपा सरकार ने 13 प्रतिशत से अधिक गन्ना किसानों के भुगतान को मंजूरी नहीं दी है। भाजपा के गुजरात मॉडल और अरविंद केजरीवाल के सुशासन मॉडल के बीच यही अंतर है कि वह किसानों और समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं, जबकि भाजपा केवल अपने झूठे दावों से लोगों को बेवकूफ बना रही है। कंग ने कहा कि अभी पंजाब में महज 1.25 लाख हेक्टेयर जमीन पर गन्ने की खेती होती है, जबकि चीनी मिलों की कुल पेराई क्षमता करीब 2.50 लाख हेक्टेयर है।

### फर्जी कारोबार से सरकार को लगाया लाखों का चूना,फर्म संचालक गिरफ्तार

सिरसा। हरियाणा में सिरसा जिले के कस्बा डबवाली में बीड़ी सिगरेट के फर्जी कारोबार का भंडाफोड़ हुआ है। फर्म संचालक ने राज्य सरकार को इस अवैध गोरखधंधे से लाखों रुपयों के राजस्व चोरी की चपत लगाई है। आरोपी की पहचान प्रवीण कुमार पुत्र गजानंद निवासी आर्य नगर अबोहर पंजाब के रूप में हुई है,जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस उपाधीक्षक कुलदीप सिंह बेनीवाल ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी प्रवीण कुमार ने वर्ष 2010 में मंडी डबवाली की अनाज मंडी में जगदंबे ट्रेडिंग कंपनी के नाम से एक फर्म रजिस्ट्रेशन करवाई थी।

## ब्रिगेडियर मिश्रा ने मेघालय के राज्यपाल के रूप में अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया

शिलांग। अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) बी.डी. मिश्रा ने मंगलवार को यहां राजभवन में आयोजित एक समारोह में मेघालय के राज्यपाल के रूप में शपथ ली।

जनवरी 2017 से अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल के रूप में कार्यरत 83 वर्षीय ब्रिग्रेडियर मिश्रा को मेघालय उच्च न्यायालय के न्यायाधीश हमरसन सिंह थांगख्यू ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। अधिकारियों ने कहा कि उनके पास मेघालय के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार तब तक बना रहेगा जब तक कि नियमित व्यवस्था नहीं हो जाती। साथ ही वह अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल के रूप में भी बने रहेंगे।

मिश्रा श्री सत्यपाल मलिक की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल तीन अक्टूबर को समाप्त हो गया था।

इस अवसर पर विधानसभा के अध्यक्ष मेटबाह लिंडोह, राज्य के गृह मंत्री लखमेन रिंबुई, कृषि मंत्री बंटीडोर लिंगदोह, मेघालय के पुलिस प्रमुख एल.आर. बिश्नोई और मुख्य सूचना आयुक्त एच. नोंगप्लुह तथा रक्षा अधिकारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री कोनराड संगमा, जो इस समय राज्य के बाहर 'आधिकारिक दौरे' पर हैं, ने राज्य में नए राज्यपाल का स्वागत किया है। उन्होंने ट्वीट किया,मेघालय के राज्यपाल के रूप में कार्यभार संभालने पर ब्रिगेडियर मिश्रा जी को बधाई और शुभकामनाएं। मेघालय के विकास को आगे बढ़ाने के लिए उनके परामर्श और समर्थन की प्रतीक्षा है। हम अपने खूबसूरत राज्य में उनका स्वागत करते हैं।

इस बीच, राज्यपाल मिश्रा ने शिलांग की साफ-सफाई के लिए प्रशंसा करते हुए कहा, यह एक अद्भुत जगह है और यह मेरी पहली यात्रा नहीं है। मैं यहां 1971 के युद्ध में आया था। यह 101 कैंप एरिया है। हमने युद्ध में भाग लिया और पाकिस्तान को हराया। यह एक अद्भुत जगह है और यहां के लोग भी अद्भुत हैं, इतने अच्छे इतने साफ क्षेत्र से मैं प्रभावित हूं।

## पुलिस ने पंजाब में भारी मात्रा में हथियार बरामद किए, एक गिरफ्तार

एजेंसी

मोगा। पंजाब में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में जिला पुलिस ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तीन हैंड ग्रेनेड सहित बड़े पैमाने पर हथियार बरामद किए हैं।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि सीआईए मोगा पुलिस ने कनाडा स्थित केटीएफ आतंकवादी अर्श डाला के साथ संबंध रखने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और हथियार की खेप बरामद की। उन्होंने बताया कि खेप में एक पिस्टल 30 बोर, 1 बरेटा पिस्टल 9 एमएम, 50 जिंदा कारतूस 30 बोर, 10 जिंदा कारतूस 9 एमएम, 3 हथगोले और अपराध में इस्तेमाल कार भी बरामद की गई है।

ये हथियार पाकिस्तान से पांच दिन पहले मोगा के गांव चंद पुराना की खेतों में ड्रोन के माध्यम से गिराए थे। यह उस दिन का मामला है जब मोगा में गांव रोडे में अमृतपाल सिंह की वारिस पंजाब दे नामक संस्था का अध्यक्ष बनाया गया था।

इससे पहले आज सुबह ही अमृतसर देहाती पुलिस ने भारत-पाकिस्तान सीमा के साथ लगती कंटीली तार के पास पाकिस्तान से भेजी गई हथियारों की खेप बरामद की थी। इसमें एक आईईडी (टिफिन बम), दो किलोग्राम हेरोइन, दो एके-56, एक पिस्तौल, 31 कारतूस और एक कार बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने योगराज नाम के युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पांच साथियों की पहचान कर केस दर्ज कर लिया है।

## सिरसा में नगर परिषद कर्मचारियों ने झाड़ू उल्टा कर किया रोष प्रदर्शन

एजेंसी

सिरसा। सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर नगर परिषद दमकल विभाग कर्मचारी संघ द्वारा संयुक्त तौर पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शहर के ट्रेड टॉवर से सुभाष चौक तक उल्टा झाड़ू उठाकर रोष प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन का नेतृत्व सिरसा ब्लॉक प्रधान नरेश चौहान, उप-प्रधान बलवंत सरबटा,सचिव अरुण कुमार व राज्य कमेटी फॉयर के सचिव सुखदेव रमणा ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान नगरपरिषद के कार्यकारी अधिकारी को अपनी मांगों का एक ज्ञापन भी सौंपा।

जिला प्रधान राज्य कमेटी के सदस्य मनोज अटवाल ने बताया कि नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा अपने पूर्व घोषित आंदोलन के तहत 11 व 12 अक्टूबर को क्रमिक भूख हड़ताल तथा 19 व 20 अक्टूबर को 2 दिन का काम छोड़कर हड़ताल करेगा। यदि सरकार ने 20 अक्टूबर तक मांगों का निवारण नहीं किया तो संघ को दो दिवसीय हड़ताल को अनिश्चितकालीन हड़ताल में परिवर्तित करेगा जिसकी सारी जिम्मेवारी हरियाणा सरकार की होगी। इस मौके पर राज्य कमेटी फॉयर के सचिव सुखदेव रमणा, सिरसा फॉयर जिला प्रधान राजेश खीचड़ और सचिव राजेश सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

कर्मचारी नेता मनोज अटवाल ने बताया कि राज्य सरकार से इस ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि प्रदेश में सभी सरकारी विभागों, निगमों, बोर्डों यूनिवर्सिटियों, पालिकाओं, नगर परिषदों से सफाई व सीवर के कार्य में जारी आउटसोर्स डोर-टू-डोर के ठेकों को समाप्त कर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों सहित सभी कच्चे सफाई व शिविर कर्मचारियों को पक्का किया जाए।

भविष्य में सभी प्रकार के ठेकों पर रोक लगाते हुए सफाई कर्मचारियों एवं सीवरमैनों की नियमित भर्ती की जाए, सफाई कर्मचारियों व सीवर कर्मचारियों के लिए एक्स ग्रेसिया पॉलिसी नीति अलग बनाई जाए।

## अफगान ड्राई फ्रूट्स से लदे पाकिस्तानी ट्रक से आधा किलो हेरोइन बरामद

अटारी (अमृतसर)। पंजाब में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सतर्क सैनिकों ने एक बार फिर राष्ट्र विरोधी तत्वों की प्रतिबंधित सामग्री की तस्करी के नापाक प्रयास को विफल कर दिया है। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि सोमवार को बल के जवानों ने अमृतसर सेक्टर में आईसीपी अटारी के जीरो लाइन/ट्रेड गेट पर अफगान ड्राई फ्रूट्स से लदे पाकिस्तानी ट्रक की तलाशी के दौरान ट्रक से 435 ग्राम हेरोइन बरामद की है। उन्होंने बताया कि ट्रक की तलाशी के दौरान यह पाया गया कि लोहे की पट्टी को काले चिपकने वाले टेप में संदिग्ध वस्तु के साथ लपेटा गया था और आगे लोहे की पट्टी चुंबक से जुड़ी हुई थी। संदिग्ध पैकेट को चुंबक की मदद से पीछे के टायर के मड गार्ड से छिपाया गया था। बीएसएफ के नारकोटिक्स डॉग ने नशीले पदार्थों के लिए सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। बीएसएफ ने ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ कानूनी औपचारिकताएं शुरू कर दी गई हैं।

## साइबर ठगी करने वाले आरोपी को पंजाब ने किया गिरफ्तार

भरतपुर। राजस्थान के भरतपुर में सीकरी थाना क्षेत्र के झांतली गांव में दबिश देकर पंजाब पुलिस ने सेक्सटॉर्शन से ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी पर पंजाब में मंशा जिले के बुधलड़ा इलाके में रहने वाले एक सेवानिवृत्त अधिकारी से साइबर क्राइम दिल्ली का पुलिस अधिकारी बनकर 19 लाख रुपए की ठगी की वारदात को अंजाम देने का आरोप है। बताया गया है कि पीड़ित के पुत्र हरेंद्र सिंह ने पंजाब पुलिस में 31 मई को शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया था कि उसके पिता जंगी सिंह के पास 16 मई को एक नंबर से वीडियो कॉल आया जिसे उन्होंने रिसीव किया लेकिन कुछ देर के अंदर आरोपियों ने फोन काट दिया। कुछ देर बाद फिर से एक कॉल आया जिसमें आरोपियों ने कहा कि वह यूट्यूब से बोल रहे हैं।

उनके पास जंगी सिंह की कुछ आपत्ति जनक वीडियो हैं जिन्हें वह वायरल कर देंगे।

## शार्ट न्यूज

### निर्माण के 20 दिन बाद ही टूट गई सड़कदो एक्सप्रेसवे को जोड़ने थी सड़क, पीडब्ल्यूडी ने कराया था निर्माण

जेवर। यमुना एक्सप्रेसवे से अट्टा गुजरान गांव को जाने वाली सड़क बनने के करीब 20 दिन बाद ही टूट गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित विभाग द्वारा खराब सामग्री लगाई गई है। जिसकी वजह से सड़क टूट गई है। लोगों ने इस संबंध में मामले की शिकायत भी संबंधित विभाग के बड़े अधिकारियों से करने को कहा है। गांव निवासी अरविंद सेक्रेटरी, राजेश, जयवीर, बल्ले नागर और सुरेश ने बताया कि उनके गांव से यमुना एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल की तरफ जाने वाली करीब 600 मीटर रोड को 20 दिन पहले पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनवाया गया था। उनका आरोप है कि जब रोड का निर्माण कराया जा रहा था। उसी दौरान ग्रामीणों ने खराब सामग्री का हवाला देते हुए संबंधित ठेकेदार से शिकायत भी की थी। आरोप है कि उसके बावजूद भी ठेकेदार में अच्छी सामग्री का आश्वासन देते हुए सड़क का निर्माण करा दिया था। ग्रामीणों का आरोप है कि बनने के करीब 20 दिन बाद सड़क जगह-जगह से टूट गई है। इसमें गड्ढे भी होने लगे हैं। उनका कहना है कि इस रोड से होकर यमुना एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे को भी लोग आते जाते हैं। साथ ही अन्य कई गांवों के लोग भी इसी रोड से होकर गुजरते हैं। उसके बावजूद भी पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही की वजह से खराब सामग्री लगाई गई है। जिसकी वजह से सड़क जल्दी टूट गई है। ग्रामीण ने जल्द ही इस संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों के कार्यालय पहुंचकर मामले की शिकायत करने को कहा है।

### विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत

ग्रेटर नोएडा। कुलेसरा की मधुबन विहार कॉलोनी निवासी विवाहिता की मंगलवार की सुबह संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुरालियों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतका के परिजनों की तहरीर पर ससुराल पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलरूप से ककोड़ थाना क्षेत्र के गांव निवासी नेत्रपाल ने अपनी बेटी प्रीति की शादी करीब चार साल पहले सिकंदराबाद थाना क्षेत्र के नदगडी गांव के रहने वाले कालूराम के साथ की थी। शादी के बाद कालूराम अपनी पत्नी प्रीति के साथ कुलेसरा की मधुबन विहार कॉलोनी में आकर रहने लगा। परिजनों का आरोप है कि कालूराम के परिवार के लोग प्रीति को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। उनके द्वारा उसके साथ मारपीट की जाती थी। मंगलवार सुबह प्रीति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के मुताबिक प्रीति के पिता नेत्रपाल की तहरीर पर पति और ससुराल पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### मुनाफा देने का झांसा देकर युवक से ठगी

नोएडा। ठग ने निवेश के नाम पर भारी मुनाफा देने का झांसा देकर युवक से 1.78 लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोपी ने एक महीने में धन दोगुना करने का लालच दिया था। पीड़ित ने सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में दीपक चौहान ने बताया कि वह परिवार के साथ सदरपुर कॉलोनी में रहते हैं। कुछ दिन पहले उनके मोबाइल पर एक मैसेज आया था। मैसेज में लिखा था कि व्यापार में निवेश करने पर एक महीने में दोगुना पैसा मिलेगा। इस पर युवक ने मैसेज में दिए गए नंबर पर बात की। कॉल रिसीव करने वाले ने कहा कि उनकी कंपनी निवेश पर भारी मुनाफा देती है। वह कई कंपनी में निवेशकों से पैसा निवेश कराते हैं। फिर उन्हें एक महीने में दोगुनी रकम देते हैं। आरोपी के झांसे में आकर पीड़ित ने 1.78 लाख रुपये का निवेश कर दिया। पैसे लेने के बाद आरोपी ने अपने मोबाइल नंबर बंद कर दिए। तब पीड़ित को ठगी का पता चला। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खुद को बैंक कर्मचारी बताकर युवती से जालसाजी

नोएडा। साइबर अपराधी ने युवती के क्रेडिट कार्ड से 10 हजार रुपये की ट्रांजेक्शन कर ली। आरोपी ने बैंककर्मी बनकर जालसाजी को अंजाम दिया। इस संबंध में पीड़िता ने सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कराया गया है। पुलिस को दी शिकायत में नेहा शुक्ला ने बताया कि वह सेक्टर-40 के ए ब्लॉक में रहती है। उनके मोबाइल पर एक व्यक्ति ने कॉल की थी। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक कर्मचारी बताया। उसने कहा कि उनके क्रेडिट कार्ड पर रिवॉर्ड प्वाइंट आए हैं। उसने इन प्वाइंट को रिडीम करने का झांसा देकर नेहा से उनके क्रेडिट कार्ड का ओटीपी नंबर हासिल कर लिया। इसी बीच आरोपी ने कार्ड से 10 हजार रुपये की ट्रांजेक्शन कर ली। जब पीड़िता के मोबाइल पर मैसेज आया तो ठगी का पता चला। फिर पुलिस को मामले की शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चेकिंग के दौरान पुलिस ने पकड़े लाखो के पटाखे



**ग्रेटर नोएडा।** दिवाली नजदीक आते ही अवैध पटाखों की सप्लाई का खेल शुरू हो गया है। गाड़ी में लादकर सप्लाई के लिए लाए जाए जा रहे पटाखों को दादरी पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुख्य तिराहे से पकड़ लिया। पटाखे दिवाली की सप्लाई के लिए लाए गए थे। पुलिस ने चालक को पकड़ लिया है। पटाखों की कीमत लगभग पांच लाख बताई गई है। दादरी की कस्बा इंचार्ज श्वेता सिंह ने बताया कि दादरी पुलिस मंगलवार को मुख्य तिराहे पर चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान महिंद्रा पिकअप गाड़ी आती दिखी। उन्होंने बताया कि महिंद्रा पिकअप गाड़ी को रुकवा लिया। जब गाड़ी की जाँच की गई तो गाड़ी में पटाखे लदे मिले। इस दौरान गाड़ी चालक को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने चालक विशाल को गिरफ्तार कर लिया है। और गाड़ी को पुलिस ने अपने कब्जे मे ले लिया।

# महिषासुर मर्दिनी महानवमी और विजय दशमी पर बाजारों में उत्साह





**कपिल शर्मा /गौरवशाली भारत**

आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के साथ शारदीय नवरात्रि का नौंवा दिन देवी माँ भगवती के सिद्धिदात्री स्वरूप को समर्पित है। नव दुर्गा सप्तशती उल्लेखनीय अनुसार यह दिवस अष्ट - सिद्धी नव - निधि को प्रदान करने के लिए सक्षम है। इस दिवस दुर्गा पूजा के साथ विशेष महानवमी उत्सव भी मनाया जाता है। महानवमी पर शारदीय नवरात्रि सम्पन्न हो जातें है।

इस दौरान घरों में हवन पूजा-पाठ कर नवरात्रि की नवमी तिथि को मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना के साथ-साथ माँ भगवती देवी के शारदीय नवरात्रे का अंतिम दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गय।

**ज्योतिषाचार्य पण्डित महेश कुमार वशिष्ट ने गौरवशाली भारत को बताया:** आश्विन उपलक्ष्य शारदीय नवरात्रों में महानवमी तिथि में माँ भगवती ने महिषासुर दैत्य का वध किया था। इसलिए नवमी तिथि में इनको महिषासुर मर्दिनी स्वरूप में भी देवी को पूजा जाता है।

उन्होंने कहा कि, इस दिन देवी के नौ रुपों में एक ही शक्ति रुप में समाहित होती हैं। जो सिद्धिदात्री शक्ति स्वरूप में उपासना की जाती है। उन्होंने कहा कि गुजरात, कोलकाता शहरों में गरभा नृत्य का आयोजन के साथ-साथ दुर्गा पूजन के पश्चात दुर्गा प्रतिमा को नवमी दिवस जल प्रवाहित किया जाता है।

**इस दिन सिद्धिदात्री का होता पूजा**

इस दिन देवी के श्रदालुओं द्वारा कन्याओं का पूजन किया जाता है साथ ही उन्हें विशेष शुद्ध रसोई में बने व्यंजन खीर, पुड़ी, हलवा, चना का भोजन प्रसाद करवाया जाता है।

नवरात्रि के नौवें दिन सिद्धिदात्री की पूजा होती है। माना जाता है कि मां सिद्धिदात्री भक्तों की मनोकामनाएँ पूरी करती हैं। वरदान स्वरूप उन्हें दीर्घायु-विद्या, यश, बल और धन प्रदान करती हैं। वेद-पुराणों व शास्त्रों में माँ भगवती देवी सिद्धिदात्री को सिद्धि और मोक्ष की देवी माना जाता है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, मां सिद्धिदात्री अष्ट सिद्धि नव निधि की देवी हैं।

**दुर्गा पूजा एवं दशहरे पर बाज़ारों में बहार, बच्चों में दिखा उत्साह**

मंगलवार सुबह से ही कन्याओं में महानवमी को लेकर खुशहाली छाई रही। कन्याओं ने श्रद्धालुओं के घर जाकर भोजन प्रसाद प्राप्त किया और उन्हें आशिर्वाद दिया। माँ भगवती देवी के नवरात्रों का मंगलवार अंतिम दिन रहा इस शुभ अवसर पर मन्दिर संचालक व श्रद्धालुओं ने अपने घरों में विशेष पर्व महानवमी को लेकर श्रीरामचरित मानस के बालकांड और दुर्गा सप्तशती व महिषासुर मर्दिनी का पाठ किया। इस विशेष शुभ अवसर पर घरों में सुबह से ही कन्या पूजन के साथ-साथ श्रद्धालुओं ने भगवती देवी सिद्धिदायिनी की पूजा अर्चना कर आशिर्वाद मांगा। इस शुभ दिवस पर माँ भगवती दुर्गा पूजा सहित मर्यादा पुरुषोत्तम एवं रघुकुल श्रीरोमणी श्री रघुनाथ-जानकी भगवान सीताराम जी का स्मरण किया। इस दौरान दशहरा को लेकर बाजारों में भी उमंग से भव्य सजावट देखी गई। व्यापारियों की उम्मीद बिते पर्वों की अपेक्षा आगामी त्यौहारों पर ग्राहकों की संख्या अधिक बढ़ेगी।

# सील इमारत में हो रहा था कंस्ट्रक्शन, दूसरे फ्लोर से मजदूर की गिरकर हुई मौत

**दो सितंबर को अवैध बताकर की थी सील**

नोएडा। नोएडा के होशियारपुर में निर्माणधीन इमारत से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। चौंकाने वाली बात ये है कि इस इमारत को नोएडा प्राधिकरण ने दो सितंबर को सील किया था। इमारत का निर्माण अवैध रूप से किया जा रहा था। इस घटना ने नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल, भूलेख विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिया है।

इमारत का निर्माण खसरा नंबर-483,488, 489 पर अवैध रूप से कराया जा रहा था। सीलिंग टीम ने कार्रवाई के दौरान नोटिस चस्पा कर स्पष्ट किया था कि अवैध निर्माण करने लोगों को सात दिन समय दिया जाता है कि यदि अनधिकृत निर्माण को लेकर कोई उत्तर देना है तो उसे वर्क सर्किल-5 में दिया जाए। सात दिन में यदि कोई जवाब नहीं दिया जाता तो मान लिया जाएगा कि आप इस संबंध में कुछ कहना नहीं चाहते। ऐसे में प्राधिकरण स्वयं इस स्ट्रक्चर को गिरायेगा। इस पर आने वाले खर्चे को वसूल करेगी। लेकिन इस सीलिंग के बाद



अधिकारियों ने निर्माण कंपनी को खुली छूट दे दी। वह सील बिल्डिंग में गुपचुप तरीके से निर्माण करता रहा, जबकि इस मामले पर लगातार अधिकारियों के पास शिकायत जा रही थी, लेकिन निर्माण को नहीं रुकवाया गया। अधिकारियों का कहना है कि वर्ष 1994 में उच्चतम न्यायालय में एक याचिका पर कई खसरा नंबर को स्थगित कर दिया था। उसमें यह खसरा नंबर भी शामिल है।

**50 हजार वर्गमीटर में बन रहा था कॉमर्शियल कांप्लेक्स**

एमपी थ्री रोड स्थित होशियार पुर बाजार में सर्विस रोड किनारे बड़े पैमाने करीब 50 हजार वर्ग मीटर पर अवैध रूप से वाणिज्यिक प्रतिष्ठान का निर्माण कराया जा रहा था। दो सितंबर को भूलेख विभाग टीम ने भारी भरकम पुलिस के साथ मौके पर पहुंच निर्माणाधीन साइट का काम बंद करा।

**संभल का रहने वाला था कामगार**

इमारत से गिरकर जिस मजदूर की मौत हुई उसका नाम शाहिद संभल का रहने वाला है।

नोएडा में बरौला में किराए के मकान में रहता था। थाना-49 प्रभारी ने बताया कि जिस समय मजदूर गिरा वह सेकेंड फ्लोर पर काम कर रहा था। घटना सोमवार शाम की है। बताया गया कि उसके साथ एक मजदूर और गिरा था। वह घायल है हालांकि पुलिस के पास उसकी जानकारी नहीं है।

# अर्थव्यवस्था को लेकर गुमराह कर रही सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सरकार पर अर्थव्यवस्था को लेकर गुमराह करने का आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष संस्था ने भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को कम कर दिया है। व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन ने अपनी रिपोर्ट 2022 में कहा है कि आर्थिक विकास दर को 8.2 प्रतिशत से कम कर 5.7 प्रतिशत तक गिरने की उम्मीद है। कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए पार्टी प्रवक्ता अंशुल अविजीत ने कहा, देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। मुद्रास्फीति उच्च बनी हुई है, बेरोजगारी बढ़ रही है और विकास अनुमानों को प्रत्येक बीतते दिन के साथ संशोधित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक वृद्धि पर रिपोर्ट परेशान करने वाली है। वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि दर घटकर 4.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सरकार इस संकट के लिए बार-बार वैश्विक स्थितियों को दोषी ठहरा रही है, पर हकीकत यह है कि इस पूरे संकट के लिए सरकार जिम्मेदार है। क्योंकि, सरकार आर्थिक स्थितियों को संभालने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है।

# 25 हजार का इनामी बदमाश चीता गिरफ्तार

**नौ मई को कलेक्शन एजेंट से लूटे थे 6.88 लाख**



नोएडा। नोएडा में नौ मई महागुन मजारिया सोसायटी के पास कलेक्शन एजेंट से लूटपाट करने वाले गिरोह का मास्टर मा इंड को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान जतिन उर्फ चीता निवासी त्रिलोकपुरी दिल्ली हुई है। मुठभेड़ थाना सेक्टर 113 क्षेत्र के सेक्टर 117 जंगल में हुई। बदमाश को जिला अस्पताल भेजा गया है। 27 मई को पुलिस उपायुक्त ने जतिन पर 25 हजार रुपये का इनामी घोषित किया था।

एडीसीपी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि इसके गिरोह ने 09 मई 2022 को नोएडा के कलेक्शन एजेन्ट से 06 लाख 88 हजार रुपये की लूट की थी। जिसमें इसके 05 साथियों को 16 मई 2022 को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। इसमें दो साथियों मेहुरुद्दीन और मुकुल शर्मा को गोली लगी थी। इन दोनों ने घटना का मास्टर मा इंड चीता को बताया था। तभी से पुलिस जतिन उर्फ चीता को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दे रही थी।

पुलिस ने बताया कि किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए यहां रेकी करने आया था। इस दौरान पुलिस ने इसे घेर लिया। पुलिस ने जतिन को रुकने का इशारा किया। उसने पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्यवाही में पुलिस ने बदमाश पर फायर किया। इसके पास से तमंचा, 10 हजार रुपए और गाजियाबाद से चोरी की गई बाइक बरामद की गई है।

**लूटपाट में पिता ने किया सहयोग**

एडीसीपी ने बताया कि पिता और एक महिला इसका लूटपाट में मदद करते थे। पिता अपराधी रहा है जिसके खिलाफ नोएडा, मुंबई में भी इसके खिलाफ लूट के मुकदमें दर्ज है। उन्होंने बताया कि यदि आज इसको गिरफ्तार नहीं किया गया होता तो बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे।

# दिल्ली-पंजाब वालों को 24 घंटे फ्री बिजली मिलती रहेगी : आप

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि भाजपा कितनी भी कोशिश कर ले, दिल्ली-पंजाब वालों को 24 घंटे फ्री बिजली मिलती रहेगी।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में मंगलवार को कहा कि मैं अपनी पूरी जिंदगी दिल्ली में रही हूं। दिल्ली में जो भी व्यक्ति पिछले 20-25 साल से रहा है, उसने दिल्ली में पावर कट और महंगे बिजली के बिल देखे हैं। जब 2013 में श्री अरविंद केजरीवाल ने वादा किया कि मैं 24 घंटे बिजली और सबसे सस्ते बिजली दूंगा तो किसी को विश्वास नहीं होता था। दिल्ली वालों ने 24 घंटे बिजली और सस्ती बिजली कभी नहीं देखी थी। पिछले सात साल में श्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की बिजली व्यवस्था में चमत्कार करके दिखाया है। जिस दिल्ली में घंटो घंटो के पावर कट होते थे वहीं 24 घंटे बिजली आती है। दिल्ली में इनवर्टर बैटरी बिकना बंद हो गई है और लाखों परिवारों को जीरो बिजली का बिल आता है। यह चमत्कार श्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की सरकार ने किया।

उन्होंने कहा कि यह चमत्कार अब पंजाब में भी शुरू हो गया है। वहां फरवरी में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी और पंजाब की सरकार ने एक जुलाई से 300 यूनिट बिजली फ्री की घोषणा की। जिसके बाद पंजाब में एक सितंबर से लोगों के घर में जीरो बिजली का बिल आना शुरू हो गया।

# दि.प.ला. द्वारा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में 'राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं आज़ादी का अमृत काल' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**प्रफुल्ल राय/गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। चांदनी चौक स्थित दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी,संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आज़ादी का अमृत महोत्सव श्रृंखला के अनुक्रम में दिनांक 03 अक्टूबर 2022 को प्रात: 11:30 बजे राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं आज़ादी का अमृत काल विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दिल्ली लाइब्रेरी बोर्ड के अध्यक्ष श्री सुभाष चंद्र कानखेड़िया की अध्यक्षता एवं दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी के महानिदेशक डॉ. आर. के. शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गाँधी स्मृति एवं दर्शन समिति के उपाध्यक्ष श्री विजय गोयल मुख्य अतिथि रहे तथा विश्वविख्यात कवि एवं लेखक पद्मश्री डॉ. श्याम सिंह शशि विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित रहे साथ ही, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. हरिसिंह पाल एवं दिल्ली लाइब्रेरी बोर्ड के सदस्य प्रो. शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि विजय गोयल ने कहा कि एक सच्चा राष्ट्रभक्त वह होता है जिसकी कथनी और करनी एक हो। इसका सच्चा उदाहरण महात्मा गांधी हैं। उन्होंने महात्मा गांधी के सत्य, सत्याग्रह, सद्भाव, अहिंसा जैसे सिद्धांतों पर चर्चा की। उन्होंने कहा हमें काम करने में आनंद महसूस करना चाहिए गाँधी जी सभी प्रकार के कार्य करने में आनंद महसूस करते थे इसलिए वे राष्ट्रपिता बने। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के सभी सिद्धांतों को अपनाना बहुत मुश्किल है इसलिए हमें कम से कम उन सिद्धांतों को अपनाने की कोशिश करनी चाहिए, जिनका पालन हम दृढ़ निश्चय के साथ कर सकें। उन्होंने महात्मा गांधी के जीवन से जुड़े सरल वृतान्तों के माध्यम से सभी श्रोताओं को अवगत कराया और उनके सिद्धांतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

विशेष अतिथि, विश्व विख्यात लेखक एवं कवि, पद्मश्री डॉ. श्याम सिंह शशि ने अपने जीवन के संघर्षमय वृतांतों को बताते हुए कहा कि कोई भी कार्य असंभव नहीं है, कार्य मुश्किल अवश्य होते हैं, लेकिन प्रयास व लग्न से पूरे किये जा सकते हैं द्ध डॉ. शशि ने बताया कि उन्होंने अंग्रेजी एवं हिंदी में 501 पुस्तकों की रचना की तथा 85 देशों का भ्रमण किया। उन्होंने अपनी पुस्तक भारतीय संविधान संस्कृति एवं रामराज्य के सन्दर्भ में कहा कि मैंने भारत की संस्कृति को संविधान में ढूंढा और उन्होंने भारत के संविधान में रामराज्य की परिकल्पना के सन्दर्भ में उकेरे गए रेखाचित्रों का वर्णन किया, जो कि नंदलाल बोस द्वारा बनाए गए थे। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा गांधी जी पर 100 से अधिक पुस्तकें छापी गई थी।

उन्होंने वीर सावरकर एवं अंडमान निकोबार जेल में स्वतंत्रता सेनानियों की संघर्षमयी स्थिति का जिक्र किया और अपनी स्वरचित कविताएँ भी श्रोताओं को सुनाई।

# प्रदेश में पहली बार रेरा से संबंधित बिल्डरों की कुर्क की गई संपत्ति की होगी 3 नवंबर को ई-नीलामी

**44 बिल्डरों की कुर्क 332 संपत्तियां की अनुमानित धनराशि 270 करोड़ है**

ग्रेटर नोएडा। प्रदेश में पहली बार गौतम बुध्द नगर प्रशासन रेरा से संबंधित बिल्डरों की कुर्क की गई संपत्ति को ई-नीलामी करने जा रहा है। ये संपति लगभग तीन अरब के करीब है. ये नीलामी 3 नवंबर को की जायेगी. इसकी विस्तृत जानकारी गौतम बुध नगर जनपद के अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध 6 अक्टूबर से उपलब्ध होगी, इस ई-नीलामी कोई भाग ले सकता है। प्रदेश में पहली बार रेरा से प्राप्त वसूली प्रमाण पत्र के वसूली हेतु बिल्डर की कुर्क की गई संपति की ई-नीलामी जिला प्रशासन करने जा रहा है एसडीएम (फाइनेंस एंड रिवेन्यू) वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर प्रदेश रेरा के तहत रिकवरी सर्टिफिकेट के करीब 1400 करोड़ रुपए विभिन्न बिल्डरों पर बकाया है. दादरी और सदर तहसील की टीम अब तक करीब 400 करोड़ रुपए की बिल्डरों की संपत्ति कुर्क कर चुकी है लेकिन नीलामी ना हो पाने के कारण बकाया रकम की वसूली नहीं हो पा रही थी।





**श्री धार्मिक रामलीला कमेटी कैलाश नगर के मंच पर स्पेशल कमिश्नर दिल्ली पुलिस मधुप तिवारी जी को सम्मानित करते कमेटी के प्रधान अरुण गुप्ता पप्पू।**

# गुरूद्वारा बंगला साहिब में शुरू होगा कार्डियो सेंटर

**आनंद राय/गौरवशाली भारत**

नयी दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी राजधानी दिल्ली में समाज के निचले तबके के हृदय रोग से पीड़ित मरीजों के लिए नवम्बर में गुरूद्वारा बंगला साहिब में कार्यरत गुरु हरिकृष्ण पालीक्लिनिक डिस्पेंसरी में कार्डियो यूनिट संचालित करेगी जिसमें मरीजों को देश में सबसे सस्ता उपचार मुहैया कराया जाएगा।

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह



कालका ने आज यहां यह जानकारी देते हुये बताया कि इस कार्डियो यूनिट के संचालन के लिए ई.सी.जी मशीन, टी.एम.टी बॉयो मॉनिटर, प्लस ऑक्सीमीटर, आक्सीजन कंस्ट्रेटर आदि मशीनरी एवं उपकरण स्थापित करने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है तथा यह मशीनरी एवं उपकरण अक्टूबर में खरीद लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारा बंगला साहिब में संचालित गुरू हरिकृष्ण पालीक्लिनिक में प्रस्तावित इस कार्डियो यूनिट में दिल्ली के प्रतिष्ठित निजी और सरकारी अस्पतालों के माहिर हृदय रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं मुफ्त प्रदान करेंगे तथा इस पालीक्लिनिक में मरीजों से कोई भी कंस्लटेशन फीस नहीं ली जाएगी जबकि सभी डायगनोस्टिक टेस्ट देश भर में सर्वाधिक सस्ती दरों पर प्रदान किए जाएंगे। इस कार्डियो यूनिट में मरीजों के डायगनोस्टिक टेस्टों की दरें "नो प्रॉफिट नो लॉस" बिना लाभ हानि के आधार पर तय की जाएंगी ताकि गरीब वर्ग के मरीजों को रियायती दरों पर बेहतर मेडिकल सुविधाएं प्रदान की जा सके। गरीब वर्ग के लोगों के हृदय रोगों की समय पर जांच तथा पहचान के लिए पालीक्लिनिक में विशेष जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे ताकि हृदय रोगों के प्रति समाज में जागरूकता पैदा की जा सके।

# आप ने 3500 स्थानों पर भाजपा एमसीडी के खिलाफ किया प्रतीकात्मक प्रदर्शन

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने दशहरा के अवसर पर मंगलवार को राजधानी में 3500 स्थानों पर कूड़े के रावण जलाकर भाजपा शासित निगम के खिलाफ प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया।

बुराड़ी से 'आप' विधायक संजीव झा ने कहा कि पिछले 15 सालों में निगम ने दिल्ली को कूड़े का शहर बनाकर रख दिया है। हाल ही में देश के 45 शहरों का एक स्वच्छता सर्वेक्षण हुआ और उसमें दिल्ली का 37वां स्थान था। हैरानी की बात है कि दिल्ली देश की राजधानी है और भाजपा ने उसको गंदगी का घर बनाकर रख दिया है। पूरी दिल्ली की जनता मानती है कि 15 सालों में भाजपा की निगम ने दिल्ली को सिर्फ कूड़ा दिया है। इसी के विरोध में आज हमने कूड़े का रावण जलाया है। यह विरोध एक जरिया है कि भाजपा कुंभकरण की नींद से जागे और समझे कि उन्होंने दिल्ली का क्या हाल कर दिया है।

कालका जी से 'आप' विधायक आतिशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पिछले 15 सालों से एमसीडी में शासन कर रही है। उन्होंने पूरी दिल्ली को कूड़ा-कूड़ा कर दिया है। आप दिल्ली में घुसिए तो तीन बड़े-बड़े कूड़े के पहाड़ आपका स्वागत करते हैं। आए दिन उन पहाड़ों में आग लगती है। वहां पर इतने मच्छर हैं, पानी में कीड़े हैं, प्रदूषण है। यहां पास ही में ओखला में कूड़े का पहाड़ है और अब भाजपा पास ही में एक नया कूड़े का पहाड़ बनाने की योजना बना रही है। दिल्ली के लोग परेशान हैं, उन्हें अपना शहर कूड़ा-कूड़ा नहीं चाहिए। जिस तरह रावण का दहन हुआ है, उसी तरह से लोगों ने मन बना लिया है कि भाजपा का दहन कर उसको निगम से बाहर करना है। जिस तरह केजरीवाल ने बिजली, पानी, अस्पताल को ठीक किया है, एमसीडी में भी आम आदमी पार्टी होगी तो दिल्ली की साफ सफाई हो जाएगी।

राजेंद्र नगर से विधायक दुर्गेश पाठक ने कहा कि भाजपा पिछले 15 सालों से एमसीडी में शासन कर रही है। मेरेयहाँ हर तरफ इसी तरह कूड़ा-कूड़ा है। पहले ही तीन कूड़े के पहाड़ बनाने से भाजपा का मन नहीं भरा तो अब 16 नए कूड़े के पहाड़ बनाने जा रहे हैं। आज पूरी दिल्ली की जनता इकट्ठी हुई है और 3500 से ज्यादा जगहों पर कूड़े के रावण जला रहे हैं।

## संपादकीय

# असंतोष का अर्थ

बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक विषमता और हिचकोले खाती अर्थव्यवस्था को लेकर विपक्षी दल तो काफी समय से सरकार की आलोचना करते रहे हैं।

मगर अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इसे लेकर सरकार को कठघरे में खड़ा कर दिया है। कुछ दिनों पहले सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा था कि देश तो संपन्न है, मगर यहां के लोग गरीब हैं। तब उन्होंने भी आर्थिक विषमता पर अंगुली उठाई थी।

अब संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भी इन स्थितियों के लिए सरकार को सीधे जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने कहा कि हमें दुख होना चाहिए कि बीस करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे हैं और तेईस करोड़ लोग प्रतिदिन पौने चार सौ रुपए से भी कम कमा रहे हैं। गरीबी हमारे सामने राक्षस जैसी चुनौती है। नागरिक कलह और खराब स्तर की शिक्षा गरीबी के दो प्रमुख कारण हैं। देश में चार करोड़ बेरोजगार हैं।

सिर्फ शहरों में नौकरियों की सोच ने गांवों को खाली और शहरों में जीवन को नर्क बना दिया है। स्थानीय स्तर पर रोजगार की व्यवस्था करना जरूरी है। वे स्वदेशी जागरण मंच के एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। संघ सरकार्यवाह की यह तल्ख टिप्पणी निस्संदेह सरकार के लिए, चिंता पैदा करने वाली है। मगर देखने की बात है कि वह इन समस्याओं से पार पाने के लिए क्या कदम उठाती है।

दरअसल, आर्थिक मोर्चे पर सरकार के सामने चुनौतियां चौतरफा हैं। वह एक तरफ संभालने का प्रयास करती है, तो बाकी दिशाओं में असंतुलन बढ़ जाता है। पिछले कुछ दिनों से अर्थव्यवस्था, महंगाई, बेरोजगारी, आयात-निर्यात, औद्योगिक उत्पादन, विदेशी मुद्रा भंडार के खाली होते जाने आदि को लेकर लगातार बुरी खबरें आ रही हैं। कोरोना के बाद सरकार आर्थिक कमजोरी के लिए बंदी को जिम्मेदार ठहराने का प्रयास करती और जल्दी ही बेहतर स्थिति बनने का भरोसा दिलाती रही, जबकि तमाम अर्थशास्त्री कोरोना से पहले ही बिगड़ती अर्थव्यवस्था को लेकर चेतावनी देने लगे थे।

कोरोना से पहले ही वाहन उद्योग चरमरा गया था और विदेशी कंपनियों ने अपना कारोबार समेटना शुरू कर दिया था। इस तरह प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर बुरा प्रभाव कोरोना से पहले शुरू हो गया था। सरकार दावे करती रही कि निर्यात बढ़ा है, मगर हकीकत इसके उलट थी। इसका सीधा असर औद्योगिक उत्पादन पर पड़ा और उसका प्रभाव रोजगार पर दिखने लगा। कोरोना काल की बंदी ने सूक्ष्म, मंझोले और छोटे उद्योगों की कमर तोड़ दी। कुटीर उद्योग संभल नहीं पाया। इस तरह जिस क्षेत्र में सबसे अधिक रोजगार पैदा होते थे, उसके दरवाजे बंद हो गए।

सरकार का जोर भारी उद्योगों को बढ़ावा देने पर अधिक रहा है। मगर वहां हाथ से काम करने वालों के लिए अवसर काफी कम होते हैं, जिससे रोजगार के मोर्चे पर कामयाबी नहीं मिल पाई। जिस देश में गरीबी और बेरोजगारी पर काबू पाने के लिए व्यावहारिक नीतियां अपनाने के बजाय कर उगाही पर जोर अधिक दिया जाता है, वहां अर्थव्यवस्था कभी टिकाऊ पैमाने तक नहीं पहुंच पाती।

विचित्र है कि सरकार गरीबों को मुफ्त अनाज देकर गरीबी से लड़ने का दम भरती रही है, जबकि उन्हें वास्तव में रोजगार की जरूरत है। इसी तरह जीएसटी संग्रह को आर्थिक मजबूती का पैमाना बताती रही है। इस तरह सरकार का राजस्व घाटा पूरा नहीं हो सकता। ऐसा नहीं माना जा सकता कि वित्तमंत्री इस सच्चाई से वाकिफ नहीं, मगर वे असल मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास ही अधिक करती देखी जाती हैं।

# ट्रैक्टर-ट्राली में यात्री बैठाने पर रोक लगाने का फैसला व्यवहारिक नहीं है

**अशोक मधुप**

उत्तर प्रदेश में उन्नाव में एक ट्रैक्टर–ट्राली पलट जाने से 26 लोगों की मौत हो गई। दस लोग घायल हुए। ये सब एक ट्रैक्टर–ट्राली से मुंडन संस्कार करके लौट रहे थे। घटना के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने ट्रैक्टर–ट्राली और डंपर में बैठकर सफर करने पर रोक लगा दी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदेश दिया कि ट्रैक्टर ट्राली–डंपर आदि में सवारी बैठाने के खिलाफ अभियान चलाया जाए। साथ ही ट्रैक्टर, डंपर आदि में सवारी ढोने पर दस हजार रुपया जुर्माना वसूला जाए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ये आदेश सुनने में अच्छा लगता है, लेकिन यह व्यवहारिक नहीं है। क्योंकि आम किसान और गांव में लोगों के लिए छोटे–मोटे कार्यक्रमों में आने–जाने का सस्ता और सरल परिवहन ट्रैक्टर ट्राली ही है। उत्तर प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे देश में ग्रामवासी किसान छोटे–मोटे कार्यक्रम, मेले, अंतिम संस्कार में आने–जाने के लिए ट्रैक्टर–ट्राली का ही प्रयोग करते हैं। इसलिए उत्तर प्रदेश सरकार का निर्णय व्यवहारिक नहीं लगता। इस निर्णय से गांव की जनता, किसान और पुलिस में टकराव होगा। विवाद बढ़ेंगे। सरकार के प्रति नाराजगी ही बढ़ेगी। इस दुर्घटना का कारण उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्रैक्टर ट्रॉली में सवारी ढोना मान लिया। जबकि इस घटना का कारण ट्रैक्टर–ट्राली में सवारी ढोना नहीं, बल्कि चालक का शराब पीकर ट्रैक्टर चलाना और ट्रैक्टर–ट्राली दौड़ाना है। उत्तर प्रदेश के उन्नाव जनपद के कोरवा गांव के राजू के बेटे का शनिवार को मुंडन था। मुंडन उन्नाव के चंद्रिका देवी मंदिर पर होना था। मुंडन के लिए ट्रैक्टर–ट्राली में सवार करीब 50 ग्रामवासी चंद्रिका देवी मंदिर के लिए निकले। राजू खुद ट्रैक्टर चला रहा था। शाम को मुंडन कराकर वापस चले। ट्राली में बैठने वालों ने बताया कि मंदिर से निकलते ही ट्राली में सवार ग्रामवासियों ने शराब के ठेके पर ट्रैक्टर ट्राली रोक ली। ट्राली में सवार महिलाओं के मना करने के बाद भी उन्होंने शराब पी। दरअसल मुंडन संस्कार खुशी का अवसर माना जाता है। ऐसे अवसर पर देहात में पुरुषों का शराब पीना आम बात है। यहां अन्यों के अलावा राजू ने खुद शराब पी। शराब पीने के बाद उसी ने ट्रैक्टर का स्टेयरिंग संभाला। बताया जाता है कि उसने ट्रैक्टर दौड़ाना शुरू कर दिया। गांव से चार किलोमीटर दूर अनियंत्रित हुए ट्रैक्टर की ट्राली सड़क की पुलिया के नीचे भरे पानी में पलट गई। ज्यादा मौत होने का कारण है कि ट्राली में सवार गांव वालों का ट्राली के नीचे दब जाना और उसके नीचे से न निकल पाना। देश ने आजादी के 75 साल में बहुत तरक्की की। गांव तक सड़कें बन गईं। कार पहुंच गईं। किंतु आज भी गांव में आने–जाने का सरल साधन ट्रैक्टर–ट्राली ही है। गांव में मौत होने पर मिलने वाले अपने ट्रैक्टर ट्राली लेकर मृतक के परिजनों के पास आ जाते हैं। यहीं से ये शव को लेकर दाह संस्कार के लिए पवित्र नदियों तक आते–जाते हैं। नदियों के किनारे लगने वाले मेलों के लिए भी यही होता है। ट्रैक्टर–ट्राली स्वामी अपने परिवार के साथ परिचितों के परिवार को भी अपनी ट्रैक्टर–ट्राली से मेले ले जाता है। अगले माह नवंबर में कार्तिक पूर्णिमा के मेले लगेंगे। ये पश्चिम उत्तर प्रदेश का बड़ा पर्व होता है। लाखों–करोड़ों श्रद्धालु इन मेलों में जाकर पवित्र नदियों में स्नान कर पूजन करते हैं। इन मेलों में ग्रामीण क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व 80 से 90 प्रतिशत तक होता है। ये सब अपने–अपने ट्रैक्टर–ट्राली से मेले जाते हैं। परिचित–परिवारजनों को अपने साथ ले जाते हैं। ये परंपरा पुरानी है। ट्रैक्टर–ट्राली से पहले घोड़ा–तांगा, बैलगाड़ी इस्तेमाल होती थी। अब गांव में ट्रैक्टर–ट्राली पहुंच गये हैं। आज भी हालत यह है कि देहात के कई नगरों के लिए दिन छिपने के बाद से आने–जाने वालों को बसें नहीं मिलतीं। दिन छिपने के बाद यहां जाने के लिए गांव जाने वाले ट्रैक्टर ट्राली, डंपर और ट्रक ही काम आते हैं। यदि ये गांव जाने वाले व्यक्तियों को न ले जाएं तो वे पूरी रात सड़क किनारे बैठे रहेंगे। उन्हें गांव के लिए वाहन नहीं मिलेगा। यही हालत सवेरे गांव से आने के लिए होती है। गांव तक कार पहुंची किंतु यह चार–पांच–छह यात्री ले जाने तक ही सीमित है। इससे ज्यादा व्यक्तियों के आने–जाने के लिए ट्रैक्टर–ट्राली ही सहारा है।

# जलते है केवल पुतले, रावण बढ़ते जा रहे ?



**-प्रियंका सौरभ**

**दशहरे पर रावण का दहन एक ट्रेंड बन गया है। लोग इससे सबक नहीं लेते। रावण दहन की संख्या बढ़ाने से किसी तरह का फायदा नहीं होगा। लोग इसे मनोरंजन का साधन के तौर पर लेने लगे हैं। हमें अपने धार्मिक पुरानों से प्रेरणा लेनी चाहिए। रावण दहन के साथ दुर्गुणों को त्यागना चाहिए। रावण दहन दिखाने का अर्थ बुराइयों का अंत दिखाना है। हमें पुतलों की बजाए बुराइयों को छोड़ने का संकल्प लेना चाहिए। समाज में अपराध, बुराई के रावण लगातार बढ़ रहे हैं। इसमें रिश्तों का खून सबसे अधिक हो रहा है। मां, बाप, भाई, बहन, बच्चों तक की हत्या की जा रही है। दुष्कर्म के मामले भी लगातार बढ़ते जा रहे हैं।**

हर साल विजयादशमी में रावण वध देखते है तो मन में आस होती है की समाज में बसे रावण कम होंगे ।लेकिन ये तो रक्तबीज के समान है। रावणों को संख्या में बेहिसाब इजाफा हो रहा है। एक कटे सौ पैदा हो रहे है। वो तो फिर भी महान था। विद्वान था,नीति पालक था,शूरवीर था,कर्तव्यनिष्ठ था,सच्चा शासक था,अच्छा पति था,अच्छा भाई था,भगवन शिव का उपासक था ।सीता का हरण किया, लेकिन बुरी नजर से नहीं देखा। विवाह का निवेदन किया लेकिन जबरन विवाह नहीं किया। एक गलती किया जिसकी उसे सजा भुगतनी पड़ी मगर आज के दौर में हज़ारों अपराध करने के बाद भी रावण सरेआम सड़कों पर घूम रहें है, कोई लाज नहीं,शर्म नहीं।

दशहरे पर रावण का दहन एक ट्रेंड बन गया है। लोग इससे सबक नहीं लेते। रावण दहन की संख्या बढ़ाने से किसी तरह का फायदा नहीं होगा। लोग इसे मनोरंजन का साधन के तौर पर लेने लगे हैं। देश में रावण की लोकप्रियता और अपराधों का ग्राफ लगातार ऊंचा होता जा रहा है। पिछले वर्ष के मुकाबले हर बरस देश के विभिन्न हिस्से में तीन गुणा अधिक रावण के पुतले फूंके जाते है। इसके बावजूद अपराध में कोई कमी आएगी, इसके बढ़ते आंकड़े देखकर तो ऐसा नहीं लगता। हमें अपने धार्मिक पुरानों से प्रेरणा लेनी चाहिए। रावण दहन के साथ दुर्गुणों को त्यागना चाहिए। रावण दहन दिखाने का अर्थ बुराइयों का अंत दिखाना है। हमें पुतलों की बजाए बुराइयों को छोड़ने का संकल्प लेना चाहिए। समाज में अपराध, बुराई के रावण लगातार बढ़ रहे हैं। इसमें रिश्तों का खून सबसे अधिक हो रहा है। मां, बाप, भाई, बहन, बच्चों तक की हत्या की जा रही है। दुष्कर्म के मामले भी लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

रावण सर्व ज्ञानी था उसे हर एक चीज का अहसास होता था क्योंकि वह तंत्र विद्या का ज्ञाता था। रावण ने सिर्फ अपनी शक्ती एवम स्वय को सर्वश्रेष्ट साबित करने में सीता का अपहरण अपनी मर्यादा में रह कर किया। अपनी छाया तक उस पर नही पड़ने दी। आज का रावन धूर्त है,जाहिल है, व्यभिचारी है, दहेज़ के लिए पत्नी को जलाता है, शादी की नियत से महिलाओ का अपहरण करता है। इस कुकृत्य में असफल हुआ तो बलात्कार भी। धर्म के नाम पर कत्लेआम करता है,लड़ने की शक्ति उसमे है नहीं,सो दुसरे के कंधे पर बन्दुक रख के चलाता है। नीतियों से उसका कोई वास्ता नहीं है,पराई नारी के प्रति उसके मन में कोई श्रद्धा नहीं। राजा अपने फायदे देख के जनता की सेवा करता है। आज का रावण उस रावण से क्रूर है, खतरनाक है, सर्वव्यापी है। वह महलों में रहता है। गली कुचो में रहता है। गाँव में भी है। शहर में भी है। वह गवार भी है ।पढ़ा लिखा भी है। लेकिन राम नहीं है की उसकी गर्दन मरोड़ी जा सके। बस एक आस ही तो है की समाज से रावणपन चला जाएगा खुद ब खुद एक दिन। रावण के दुख, अपमान और मृत्यु का कारण कोई नहीं था।

रावण की मृत्यु का मुख्य कारण वासना थी, जो उसके अंतिम विनाश का कारण था। इतिहास इस बात का गवाह है कि कामुक पुरुष (और महिलाएं भी) कभी सुखी नहीं रहे। विपरीत लिंग के प्रति उनके जुनून के कारण कई शक्तिशाली राजाओं ने अपना राज्य खो दिया। रावण ने सीता की शारीरिक सुंदरता के बारे में सुना, फिर उस पर विचार करना शुरू कर दिया और अंततः उस गलत इच्छा पर कार्य करना शुरू कर दिया। और अंत में वासना ही रावण की मृत्यु का मुख्य कारण बनी। लंकापति रावण महाज्ञानी था लेकिन अहंकार हो जाने के कारण उसका सर्वनाश हो गया। रावण परम शिव भक्त भी था। तपस्या के बल पर उसने कई शक्तियां अर्जित की थीं। रावण की तरह उसके अन्य भाई और पुत्र भी बलशाली थे। लेकिन आचरण अच्छे न होने के कारण उनके अत्याचार लगातार बढ़ते जा रहे थे जिसके बाद भगवान ने राम के रूप में अवतार लिया और रावण का वध किया। वाल्मीकि रामायण में रावण को अधर्मी बताया गया है। क्योंकि रावण ज्ञानी होने के बाद भी किसी भी धर्म का पालन नहीं करता था। यही उसका सबसे बड़ा अवगुण था।

जब रावण की युद्ध में मृत्यु हो जाती है तो मंदोदरी विलाप करते हुए कहती हैं, अनेक यज्ञों का विलोप करने वाले, धर्म व्यवस्थाओं को तोड़ने वाले, देव–असुर और मनुष्यों की कन्याओं का जहां तहां से हरण करने वाले, आज तू अपने इन पाप कर्मों के कारण ही वध को प्राप्त हुआ है।

रावण के जीवन से हमें जो सीख लेनी चाहिए वह यह है कि हमें कभी भी अपने हृदय में वासना को पनपने नहीं देना चाहिए। किसी भी प्रकार की वासना के लिए हमें लगातार अपने हृदय की जांच करनी चाहिए। अगर है तो उसे कली में डुबा दें। क्योंकि अगर अनियंत्रित छोड़ दिया गया तो यह हमें पूरी तरह से नष्ट कर देगा। सब कुछ चिंतन से शुरू होता है। आज के लोग इतने शिक्षित और समझदार हो गये है की सबको पता है बुराई और अच्छाई क्या होता है। लेकिन फिर भी दुनिया में बुराइयाँ बढती ही जा रही है ।जो सन्देश देने के लिए रावण दहन की प्रथा शुरू किया गया था, वो संदेश तो आज कोई लेना ही नही चाहता ।तो फिर हर साल रावण दहन करने से क्या फायदा है। बहुत से लोग इस दुनिया में इतने बुरे है की रावण भी उसके सामने देवता लगने लगे। ऐसे बुरे लोग बुराई के नाम पे रावण दहन करे तो ये तो रावण का अपमान ही है। साथ ही अच्छाई का भी।

# संघ को प्रशंसा या आलोचना से कोई फर्क नहीं पड़ता, वह तो बस राष्ट्रसेवा में लीन रहने वाला संगठन है

**बृजनन्दन राजू**

हिन्दू संगठन और राष्ट्र को परमवैभव पर ले जाने के जिस उद्देश्य को लेकर सन 1925 में विजयादशमी के दिन नागपुर में डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। संघ अपनी विकास यात्रा के 97 वर्ष पूर्ण कर चुका है। उपेक्षा व विरोध का सतत सामना करते हुए अत्यंत विपरीत परिस्थितियों से पार पाते हुए संघ कार्य आज अनुकूलता की स्थिति में पहुंचा है। इन 97 वर्षों की यात्रा में हिन्दू संगठन के साथ–साथ आम लोगों का विश्वास जीतने और राष्ट्र जागरण के प्रयास में संघ पूर्णतया सफल रहा है। देश दुनिया में आर.एस.एस. नाम से विख्यात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है। संघ की तुलना किसी दूसरे संगठन से नहीं कर सकते क्योंकि तुलना करने के लिए भी इसके जैसा कोई होना चाहिए। इसीलिए बहुत से लोग स्वार्थवश संघ को बुरा भला कहते हैं। कुछ लोग अज्ञानवश भी संघ की आलोचना करते हैं क्योंकि उनको संघ की असलियत पता नहीं है।

नागपुर से शुरू हुआ संघ विशाल वटवृक्ष का रूप धारण कर चुका है। इस वटवृक्ष की छांव में भारत की संस्कृति और परम्परा पुष्पित पल्लवित हो रही है। आज 50 से अधिक संगठन विविध क्षेत्रों में संघ से प्रेरणा लेकर कार्य कर रहे हैं। यह सभी संगठन स्वायत्त जरूर हैं लेकिन उनके पीछे संघ की शक्ति ही सक्रिय है। विविध क्षेत्रों में कार्य करने वाले संघ के आनुषांगिक संगठन विश्व के शीर्ष संगठनों में शुमार हैं चाहे किसान संघ हो, मजदूर संघ हो, विद्यार्थी परिषद हो, वनवासी बंधुओं के बीच कार्य करने वाला संगठन वनवासी कल्याण आश्रम हो, शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती, धर्म के क्षेत्र में सक्रिय विश्व हिन्दू परिषद हो या फिर राजनीति के क्षेत्र में सक्रिय भारतीय जनता पार्टी। यह सब विश्व में चोटी के संगठन हैं। भाजपा की आज देश के कई राज्यों में सरकार है वहीं प्रधानमंत्री, गृहमंत्री व कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर संघ के स्वयंसेवक विराजमान हैं। इसलिए भी आज संघ के बारे में जानने को देश दुनिया में उत्सुकता बढ़ी है।

किसी भी संगठन के बारे में जानने से पहले उस संगठन को शुरू करने वाले व्यक्ति के बारे में जानना जरूरी होता है। इसलिए यदि संघ को जानना है तो डॉ. हेडगेवार के जीवन के बारे में जानना होगा। उनके जीवन को समझे बिना संघ को नहीं समझा जा सकता। डॉ. हेडगेवार क्रान्तिकारी थे। मेडिकल की पढ़ाई के दौरान कलकत्ता में उनका क्रान्तिकारियों से संपर्क हुआ। पढ़ाई पूरी कर जब वह वापस नागपुर आये तो कांग्रेस में सक्रिय हो गये। कठोर परिश्रम, मितव्ययी व्यवहार के कारण शीघ्र ही वह कांग्रेस में प्रान्तीय स्तर के नेता बन गये। बाल गंगाधर तिलक की मृत्यु के बाद कांग्रेस का नेतृत्व महात्मा गांधी के हाथ में आ चुका था। तिलक की मृत्यु के पहले ही कांग्रेस नरम दल और गरम दल में विभक्त हो चुकी थी। क्रान्तिकारी अंग्रेजों की नाक में दम किये थे। कांग्रेस में तुष्टीकरण की नीति हावी हो रही थी। मुस्लिम कांग्रेसी वंदेमातरम गाने से इन्कार कर रहे थे जबकि गांधी जी ने मुस्लिमों का विश्वास जीतने के लिए देश में खिलाफत आन्दोलन शुरू कर दिया जबकि खिलाफत आन्दोलन का भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति से कोई मतलब नहीं था। तुर्की के खलीफा को उसकी गद्दी से हटा देने के बाद भारत के मुसलमानों ने इस आन्दोलन को शुरू किया था।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को राजनीतिक चश्मे से देखना सबसे बड़ी भूल है

**लोकेन्द्र सिंह**

राष्ट्रीय स्वयंसवेक संघ की प्रेरणा से प्रारंभ होने वाला सबसे पहला समविचारी संगठन है- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद। छात्र शक्ति को रचनात्मक दिशा देकर, राष्ट्र निर्माण निर्माण में सहयोगी बनाने के उद्देश्य से 9 जुलाई, 1949 को विद्यार्थी परिषद की स्थापना हुई।

डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने 1925 में विजयादशमी के दिन शुभ संकल्प के साथ एक छोटा बीज बोया था, जो आज विशाल वटवृक्ष बन चुका है। दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक–सामाजिक संगठन के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हमारे सामने है। नन्हें कदम से शुरू हुई संघ की यात्रा समाज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पहुँची है, न केवल पहुँची है, बल्कि उसने प्रत्येक क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। ऐसे अनेक क्षेत्र हैं, जहाँ संघ की पहुँच न केवल कठिन थी, बल्कि असंभव मानी जाती थी। किंतु, आज उन क्षेत्रों में भी संघ नेतृत्व की भूमिका में है। बीज से वटवृक्ष बनने की संघ की यात्रा आसान कदापि नहीं रही है। 1925 में जिस जमीन पर संघ का बीज बोया गया था, वह उपजाऊ कतई नहीं थी। जिस वातावरण में बीज का अंकुरण होना था, वह भी अनुकूल नहीं था। किंतु, डॉक्टर हेडगेवार को उम्मीद थी कि भले ही जमीन ऊपर से बंजर दिख रही है, परंतु उसके भीतर जीवन है। जब माली अच्छा हो और बीज में जीवटता हो, तो प्रतिकूल वातावरण भी उसके विकास में बाधा नहीं बन पाता है। भारतीय संस्कृति से पोषण पाने के कारण ही अनेक संकटों के बाद भी संघ पूरी जीवटता से आगे बढ़ता रहा।

अनेक झंझावातों और तूफानों के बीच अपने कद को ऊंचा करता रहा। अनेक व्यक्तियों, विचारों और संस्थाओं ने संघ को जड़ से उखाड़ फेंकने के प्रयास किए, किंतु उनके सब षड्यंत्र विफल हुए। क्योंकि, संघ की जड़ों के विस्तार को समझने में वह हमेशा भूल करते रहे। आज भी स्थिति कमोबेश वैसी ही है। आज भी अनेक लोग संघ को राजनीतिक चश्मे से ही देखने की कोशिश करते हैं। पिछले 97 बरस में इन लोगों ने अपना चश्मा नहीं बदला है। इसी कारण ये लोग संघ के विराट स्वरूप का दर्शन करने में असमर्थ रहते हैं। जबकि संघ इस लंबी यात्रा में समय के साथ सामंजस्य बैठाता रहा और अपनी यात्रा को दसों दिशाओं में लेकर गया।

संघ के स्वयंसेवक एक गीत गाते हैं– 'दसों दिशाओं में जाएं, दल बादल से छा जाएं, उमड़–घुमड़ कर हर धरती पर नंदनवन–सा लहराएं'। इसके साथ ही संघ में कहा जाता है– 'संघ कुछ नहीं करेगा और संघ का स्वयंसेवक कुछ नहीं छोड़ेगा'। इस गीत और कथन, दोनों का अभिप्राय स्पष्ट है कि संघ के स्वयंसेवक प्रत्येक क्षेत्र में जाएंगे और उसे भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के साथ समृद्ध करने का प्रयत्न करेंगे। संघ का मूल कार्य शाखा के माध्यम से संस्कारित और ध्येयनिष्ठ नागरिक तैयार करना है। अपनी स्थापना के पहले दिन से संघ यही कार्य कर रहा है। यह ध्येयनिष्ठ स्वयंसेवक ही प्रत्येक क्षेत्र में संघ के विचार को लेकर पहुँचे हैं और वहाँ उन्होंने संघ की प्रेरणा से समविचारी संगठन खड़े किए हैं। आज की स्थिति में समाज जीवन का कोई भी क्षेत्र संघ के स्वयंसेवकों ने खाली नहीं छोड़ा है। संघ से प्रेरणा प्राप्त समविचारी संगठन प्रत्येक क्षेत्र में राष्ट्रीय हितों का संरक्षण करते हुए सकारात्मक परिवर्तन के ध्वज वाहक बने हुए हैं।

शिक्षा, कला, फिल्म, साहित्य, संस्कृति, खेल, उद्योग, विज्ञान, आर्थिक क्षेत्र सहित मजदूर, इंजीनियर, डॉक्टर, प्राध्यापक, किसान, वनवासी इत्यादि वर्ग के बीच में भी संघ के समविचारी संगठन प्रामाणिकता से कार्य कर रहे हैं।




# विजयादशमी का पर्व वीरता का पूजन एवं शौर्य का उपासक रहा है



आओ भ्रष्टाचार और मानवीय विकारों पर विजय प्राप्त करने का संकल्प करें

मान्यताओं के अनुसार दशहरा जीत के सात विजय आयामों का जश्न है जिसका सार बुराई पर अच्छाई की जीत है – एडवोकेट किशन भावनानी

गोंदिया – ब्रह्मांड के धरातल पर सारी पृथ्वी में भारत एक ऐसा देश है जहां 12 महीने उत्सव की धूम रहती है जनवरी नववर्ष से लेकर वर्ष के अंतिम दिन तक अनेक प्रकार के धार्मिक सामाजिक सांस्कृतिक मेले उत्सव मनाए जाते हैं आध्यात्मिक और मान्यताओं का तो भारत गढ़ रहा है, इसलिए कहते हैं जहां धार्मिकता की अधिक खनक होती है वहां असुर शक्तियां दैत्य विघ्नकर्ता उन शुभ कार्यों में विघ्न डालने जरूर आते हैं क्योंकि विघ्न डालना ही उनका धर्म है और जबजब विघ्नकर्ताओं का आगमन हुआ है, तबतब विघ्नहर्ताओं का भी जन्म हुआ है,जिनमें राम, कृष्ण मां दुर्गा मां काली सहित अनेक देवी देवता प्रत्यक्ष प्रमाण है ।चुंकि 5 अक्टूबर 2022 को दशहरा याने विजयदशमी है, जिसे कहने को तो हम सिर्फ भगवान राम द्वारा रावण का वध करने को लेकर मनातें है परंतु आज हम जानेंगे कि इस विजयादशमी से जुड़ी सात अलग–अलग गाथाएं हैं जिनमें सत्य पर असत्य की विजय और बुराई पर अच्छाई की जीत है। विजयादशमी पर्व भारत के प्रमुख राष्ट्रीय पर्वों में से एक है। यह पर्व सनातन काल से मनाया जाता रहा है इस पर्व का मुख्य उद्देश्य सच्चाई की विजय के प्रतीक के रूप में जनमानस तक पहुंचाना है। यह पर्व सुख शांति,पाप का नाश करने वाला, काम क्रोध मोह से बचाने वाला, साहस शौर्य देने वाला, खुद पर विजय प्राप्त करने वाला पर्व है।

प्राचीन काल में अनेक राजाओं द्वारा युद्ध की शुरुआत इसी दिन किया करते थे। रावण दहन इस पर्व की मुख्य पहचान है यह बुराइयों का प्रतीक है जिसका अंत निश्चित ही होता है । इस पर्व में ही संदेश छिपा हुआ। वैसे यह वर्ष में तीन सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त में से एक मुहूर्त है शस्त्र पूजा इस पर्व की एक और खासियत है। आज यह पर्व ना केवल भारत अपितु संपूर्ण विश्व में किसी न किसी रूप में मनाया जाता है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से भ्रष्टाचार और मानवीय विकारों पर विजय प्राप्त करने के संकल्प विजयादशमी पर करने से के संबंध में चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम विजयादशमी याने दशहरा मनाने की करें तो हमें इसके बारे में जानकारी, उसकी उत्पत्ति धार्मिक महत्व और इसे मनाने के तरीकों के बारे में जानना जरूरी है हालांकि अनेक लोग इस पर्व को केवल राम द्वारा रावण का वध करने के संदर्भ में लेते हैं परंतु इस दिवस के पीछे कुल 7 मान्यताएं हैं। दशहरा का पर्व प्राचीनकाल से ही मनाया जा रहा है। परंपरा के अनुसार कालांतर में इसे मनाने के स्वरूप बदलता रहा है। इस दिन का बहुत महत्व माना गया है।(1) इस दिन माता कात्यायनी दुर्गा ने देवताओं के अनुरोध पर महिषासुर का वध किया था तब इसी दिन विजय उत्सव मनाया गया था। इसी के कारण इसे विजयादशमी कहा जाने लगा। विजया माता का एक नाम है। यह पर्व प्रभु श्रीराम के काल में भी मनाया जाता था और श्रीकृष्?ण के काल में भी।(2) वाल्मीकि रामायण के अनुसार भगवान राम ने ऋष्यमूक पर्वत पर आश्विन प्रतिपदा से नवमी तक आदिशक्ति की उपासना की थी। इसके बाद भगवान श्रीराम इसी दिन किष्किंधा से लंका के लिए रवाना हुए थे। यह भी कहा जाता है कि रावण वध के कारण दशहरा मनाया जाता है। दशमी को श्रीराम ने रावण का वध किया था।(3)यह भी कहा जाता है कि इसी दिन पांडवों को वनवास हुआ था और वे वनवास के लिए प्रस्थान कर गए थे। इसी दिन अज्ञातवास समाप्त होते ही, पांडवों ने शक्तिपूजन कर शमी के वृक्ष में रखे अपने शस्त्र पुनः हाथों में लिए एवं विराट की गाएं चुराने वाली कौरव सेना पर आक्रमण कर विजय प्राप्त की थी। इसी दिन पांडवों ने कौरवों पर भी विजय प्राप्त की थी।(4) यह भी कहा जाता है कि इसी दिन भगवान शिव की पत्नी देवी सती अपने पिता दक्ष के यज्ञ की अग्नि में समा गई थीं।(5)कुछ लोगों के अनुसार इस दिन से वर्षा ऋ?तु की समाप्ति के साथ ही चातुर्मास भी समाप्त हो जाता है। हालांकि चतुर्मास देव उठनी एकादशी पर समाप्त होता है।(6)कृषि वैसे देखा जाए, तो यह त्योहार प्राचीन काल से चला आ रहा है। आरंभ में यह एक कृषि संबंधीलोकोत्सव था। वर्षा ऋतु में बोई गई धान की पहली फसल जब किसान घर में लाते, तब यह उत्सव मनाते थे। इस दिन से वर्षा ऋतु की समाप्ति के साथ ही चातुर्मास भी समाप्त हो जाता है। वर्षा ऋतु में बोई गई धान की पहली फसल जबकिसान घर में लाते, तब यह उत्सव मनाते थे।(7) माना जाता है कि दशहरे के दिन कुबेर ने राजा रघु को स्वर्ण मुद्रा देते हुए शमी कीपत्तियों को सोने का बना दिया था, तभी से शमी को सोना देने वाला पेड़ माना जाता है। यह भी कहा जाता है कि एक ब्राह्मण ने एक राजा से दक्षिणा में 1 लाख स्वर्ण मुद्राएं मांग ली थी तो चिंतित राजा ने एक दिन की मौहलत मांगी। राजा को सपने में भगवान ने दर्शन देककर कहा कि शमी के पत्ते लेकर आओ मैं उसे स्वर्ण मुद्रा में बदल दूंगा। यह सपना देखते ही राजा की नींद खुल गई। उसने उठकर शमी के पत्ते लाने के लिए अपने सेवकों को साथ लिया और सुबह तक शमी के पत्ते एकत्रित कर लिए। तभी चमत्कार हुआ और सभी शमी के पत्ते स्वर्ण में बदल गए। तभी से इसी दिन शमी की पूजा का प्रचलन भी प्रारंभ हो गया। साथियों बात अगर हम विजयदशमी को भारत में प्रमुख राष्ट्रीय पर्वों में से एक भी करें तो, यह पर्व सनातन काल से मनाया जाता रहा है इस पर्व का मुख्य उद्देश्य सच्चाई की विजय के प्रतीक के रूप में जनमानस तक पहुंचाना है।

## आओ राष्ट्र प्रेम जनजागरण कराएं

आओ साथ मिलकर राष्ट्र प्रेम
का जनजागरण कराएं
हमारी परम्पाओं सभ्यताओं
कलाकृतियों में आस्था दर्शाए

भारत राष्ट्र प्रेम संस्कृति का ख़ज़ाना
है यह कभी भी कम ना हो पाए
घर घर में जाकर भारतीय राष्ट्र प्रेम
संस्कृति दिल से अपनाने का मंत्र
दिलाएं

बच्चों युवाओं में भारतीय राष्ट्र प्रेम
संस्कृति के प्रति प्रोत्साहन करवाएं
हमेशा याद दिलवाएं हम अपनी
विरासत की जड़ों को भूल न जाएं

डटकर लड़ना होगा हमें
पाश्चात्य संस्कृति से
ऐसा संकल्प करवाएं
हम अपनी जड़ों को भूल ना जाएं

पारंपरिक कला शैलियों को कायम
रखने हम ऐसा मिलकर रास्ता
अपनाएं बेहतर जिंदगी की तलाश में
हम अपनी जड़ों को भूल ना जाएं

हम देख रहे हैं कैसे शहरीकरण
स्वदेशी लोककला शैलियों को
नुकसान पहुंचा रहे हैं बड़े बुजुर्गों
की बातों को छोड़ पाश्चात्य संस्कृति
अपना रहे हैं

## शार्ट न्यूज

### मुलायम सिंह की हालत अब भी नाजुक, मेदांता में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम कर रही है इलाज

गुरुग्राम लखनऊ। तीन बार यूपी के मुख्यमंत्री रहे समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है। गुरुग्राम स्थिति मेदांता हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती मुलायम सिंह यादव की सेहत के बारे में जानकारी साझा करते हुए मंगलवार को मेदांता हॉस्पिटल ने बताया कि विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक बड़ी टीम सपा संरक्षक का इलाज कर रही है। मुलायम सिंह की हालत में गिरावट के चलते सोमवार को उन्हें क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में शिफ्ट किया गया था। सपा के संस्थापक और संरक्षक 82 वर्षीय मुलायम सिंह का यादव का मेदांता में इस साल अगस्त से इलाज चल रहा है। इसके पहले समाजवादी पार्टी ने एक ट्वीट में कहा था कि नेताजी (मुलायम सिंह यादव) की हालत स्थिर है। उनके बेटे और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल पहुंचे जहां उनके पिता भर्ती हैं। पीएम मोदी, यूपी के सीएम योगी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित देश के तमाम वरिष्ठ नेता सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की सेहत को लेकर चिंता जाहिर करते हुए इस बारे में जानकारी ली है। उन्होंने मुलायम सिंह के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की है।

### पूर्वी यूपी में स्वाइन फ्लू पहला केस, बीआरडी मेडिकल कॉलेज का डॉक्टर संक्रमित

**गोरखपुर**। पूर्वी यूपी में कोरोना, डेंगू के बाद स्वाइन फ्लू ने भी दस्तक दे दी है। बीआरडी मेडिकल कालेज के डॉक्टर में इसकी तस्दीक हुई है। उनकी हालत खतरे से बाहर है। इस समय घर पर ही उनका इलाज चल रहा है। यह इस साल का स्वाइन फ्लू का पहला मामला है। डॉक्टर को करीब एक हफ्ते पूर्व तेज बुखार हुआ। बदन में दर्द था। सांस फूलने लगी। शरीर में अकड़न हो रही थी। प्रारंभिक इलाज से उनकी सेहत में कोई सुधार नहीं हुआ। बुखार चढ़ने लगा। हालत बिगड़ने लगी। डॉक्टरों ने उनकी डेंगू, मलेरिया और कोविड की जांच कराई। तीनों की रिपोर्ट निगेटिव रही। एहतियातन उनकी स्वाइन फ्लू की जांच कराई गई। इस जांच के रिपोर्ट पॉजिटिव हो गए। इसके बाद हड़कंप मच गया। निजी अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर की निगरानी में बीआरडी के डॉक्टर का इलाज चल रहा है। हालत अब पहले से काफी बेहतर है। माइक्रोबॉयोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अमरेश कुमार सिंह ने बताया कि मेडिकल कालेज का एक डॉक्टर स्वाइन फ्लू पॉजिटिव मिला है। स्वाइन फ्लू का संक्रमण डॉयबिटीज और बीपी वाले मरीजों में संक्रमण खतरनाक हो सकता है। यह कोरोना की तरह का ही निमोनिया होता है।

### अब कौशल विकास मिशन का प्रशिक्षण इंटर कॉलेजों में भी होगा

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन योजना में हुनरमंद युवाओं को स्वरोजगार के लिये इंटर कालेजों में प्रशिक्षित कराया जायेगा। सरकार की पहल पर पहली बार कक्षा नौ से बारह तक के छात्र छात्राओं को कौशल विकास के दो पीरियड लगाकर प्रशिक्षण देने का फैसला किया गया है। इसके लिये जिले में राजकीय इंटर कालेज(जीआईसी) व राजकीय वालिका इंटर कालेज(जीजीआईसी) का चयन किया गया है। राज्य कौशल विकास मिशन के जिला प्रबंधक प्रदीप गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि जिले में मिशन के तहत 05 वर्ष में 05 हजार छात्र छात्राओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। जिसमें गैर प्रांत में करीब 1700 लोगों को विभिन्न ट्रेड की कंपनियों में रोजगार मिला। इनमें करीब एक हजार प्रशिक्षित युवा व युवती कम मानदेय के कारण वहां से काम छोड़कर वापस आ गये। जिससे युवाओ में बढ़ती कुंठा के मद्देनजर शासन ने अब कालेजों में कक्षा नौ से बारह तक के बच्चों को प्रशिक्षण देने का फैसला किया है। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने इसके लिये कॉलेजों से करार किया है। इसके तहत जीआईसी व जीजीआईसी के 280 छात्रों को प्रशिक्षित किया जायेगा। यह प्रशिक्षण चार महीने का होगा।

### योगी ने किया विधि विधान से नवमी पूजन

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र की नवमी के अवसर पर मंगलवार को यहां गोरखनाथ मंदिर में पूरे विधि-विधान से नवमी पूजन किया। योगी ने एक घंटे तक गोरखनाथ मंदिर में चली पूजन प्रक्रिया में नौ कन्याओं और एक बटुक भैरव का वैदिक मंत्रोचार के बीच पूजन कर उन्हें अपने हाथ से परोस कर भोजन कराया। कन्या पूजन की शुरूआत आज 11 बजे योगी द्वारा कन्याओं के पांव पखारने से हुयी। योगी ने बारी-बारी से मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की प्रतीक नौ कन्याओं और एक बटुक भैरव के पांव पखारे। इसके बाद उन्हें टीका लगाकर चुनरी ओढ़ा कर अन्य अनुष्ठान पूरे किये। पूजा अर्चना के बाद कन्या भोज कार्यक्रम शुरू हुआ। योगी ने एक एक कर सभी कन्याओं और बटुक भैरव को भोजन परोसा। इसी क्रम में उन्होंने पूजन कक्ष में मौजूद अन्य कन्याओं को भी पूरी श्रध्दा और भक्ति के साथ भोजन कराया। पूजन के बाद इन कन्याओं समेत सौ से अधिक कन्याओं व छोटे बालकों को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद योगी ने परोसा। भोजन के बाद कन्याओं को दक्षिणा देकर विदा किया। सीएम योगी के हाथों दक्षिणा मिलने से कन्यायें काफी प्रफुल्लित थीं। पूजन के बाद भोजन परोसते समय सीएम योगी बच्चों से निरंतर संवाद और ठिठोली भी करते रहे। यह भी ख्याल रखते रहे कि किसी भी बालक.बालिका की थाली में भोजन प्रसाद की कोई कमी न रहे। इसे लेकर वह मंदिर की व्यवस्था से जुड़े लोगों को निर्देशित करते रहे।

### नकली नोटों के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश में फर्रूखाबाद जिले के मऊदरवाजा थाना क्षेत्र में पुलिस ने नकली नोटों के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर इनके पास से 100 व 200 रुपये के नकली नोट बरामद किये हैं। फर्रुखाबाद के पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाना मऊदरवाजा में तैनात निरीक्षक रमेश कुमार तथा एसओजी उप निरीक्षक अशोक कुमार ने अपने दलबल के साथ रविवार को थाना क्षेत्र के ग्राम अर्रापहाड़पुर शनिदेव मंदिर के पास से ग्राम भोपतनगला निवासी धीरज शाक्य और मोहल्ला ढुईयां निवासी गौरव कश्यप को नकली नोटों के साथ पकड़ा। मीणा ने बताया कि इनके पास से 100 रुपये के 21 नकली नोट व 200 रुपये के 43 नकली नोट बदामद हुए। उन्होने बताया कि इनकी कीमत 20,700 रुपय है। अभियुक्तों ने पुलिस को बताया कि वे हरियाणा में पलबल से पहली बार नकली नोट लेकर आये थे। वे इन नोटों को बाजार में खरीददारी कर चलाने जा रहे थे।

### रामपुर : स्टाफ का टॉयलेट इस्तेमाल करने पर शिक्षक ने बच्ची को बेरहमी से पीटा

रामपुर। उत्तर प्रदेश के रामपुर में पिछले सप्ताह एक सरकारी स्कूल में स्टाफ के शौचालय का इस्तेमाल करने पर 07 साल की मासूम बच्ची को बेरहमी से पीटेने और उसे पढ़ाई बीच में ही छोड़कर घर भेजने का कथित मामला सोमवार को उजागर हुआ। बच्ची के पिता इंतजार अली ने पुलिस अधीक्षक से इस घटना की शिकायत करते हुए टीचर द्वारा उनके साथ भी मारपीट करने का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार यह मामला भोट थाना क्षेत्र में स्थित प्राथमिक विद्यालय का है। स्कूल में बच्चों और स्टाफ के लिए अलग टॉयलेट बना है। टॉयलेट गंदा होने के कारण बच्चे अक्सर घर जाकर ही टॉयलेट करते हैं। गत 27 सितंबर को 07 साल की छात्रा जब शौचालय गंदा होने की वजह से स्टाफ के टॉयलेट में जाने लगी तो टीचर मनीषा त्रिपाठी ने गुस्से से आगबबूला होकर छात्रा की जमकर पिटाई कर दी और उसे तुरंत दूसरी छात्राओं के साथ घर भेज दिया। भोट थाना क्षेत्र के पजावा गांव निवासी इंतजार अली ने पुलिस अधीक्षक से टीचर की शिकायत करते हुए कहा कि छात्रा के कंधे व कमर पर चोट के निशान साफ देखे जा सकते हैं। इसे देखकर उन्होंने जब अपनी पत्नी के साथ स्कूल में जाकर मामले की शिकायत की तो आरोपी टीचर मनीषा, एक अन्य टीचर हरीश कुमार और पूर्व ग्राम प्रधान के भाई नबी हसन ने उनके साथ मारपीट कर उन्हें स्कूल से भगा दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस में भी इसकी शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी।

## अग्निपथ योजना में फर्जी दस्तावेजों के जरिए भर्ती कराने का देते थे झांसा, पुलिस ने पांच को दबोचा

जहांगीराबाद। बुलंदशहर में अग्निपथ योजना में भर्ती कराने के नाम पर ठगी करने वाले पांच आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ये आरोपी युवाकों को अग्निवीर में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करते थे।

बुलंदशहर के जहांगीराबाद थाना से पांच जालसाजों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि आरोपियों के पास से जाली अंकपत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति



प्रमाण पत्र, ग्राम प्रधानों के लेटर हेड, मोहरें, 5 मोबाइल फोन, दो देसी तमंचे और तीन चाकू बरामद हुए है। बुलंदशहर के वरिष्ठ पलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि पुलिस ने मुखबीरों से खबर के आधार पर ग्राम तौली के मोड़ से पांच संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों की पहचन प्रमोद, दुर्गेश कुमार, राकेश कुमार और भरत कुमार के रूप में हुई है। एसएसपी ने बताया कि यह सभी अग्निपथ योजना के तहत युवाओं को भर्ती कराने का झांसा देते थे फिर उनसे लाख रुपये एठतें थे। रुपये लेने के बाद आरोपी युवकों को पूरा विश्वास दिलाते थे कि वे फर्जी दस्तावेजों की मदद से उनकी भर्ती करा देंगे।

## बुलंदशहर : पुलिस मुठभेड़ में अवैध असलहे के साथ बदमाश गिरफ्तार

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश में जनपद बुलंदशहर के सिकंदराबाद कस्बे में बीती देर रात पुलिस की चोरो से हुई मुठभेड़ के दौरान जवाबी गोलीबारी मे पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की डीबीबीएल रायफल, अवैध असलहा, कारतूस व बाइक आदि बरामद किया है।

बुलंदशहर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने मंगलवार को बताया कि थाना सिकन्दराबाद पुलिस कांवरा तिराहे पर चैकिंग कर रही थी, उसी समय गाजियाबाद की ओर से एक बाइक पर 02 संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रूकने का इशारा करने पर बदमाश बाइक को तेजी से मोड़कर कांवरा गांव की ओर भागने लगे। पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इसी दौरान बदमाश बाइक को छोड़कर भागने लगे, इस पर पुलिस ने जवाबी गोलीबारी की। इसमें एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। दोनों को पुलिस ने रात करीब 03.00 बजे गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार किये गये बदमाशों की पहचान जहांगीराबाद के ग्राम बांसुरी निवासी नरेश पुत्र हरवंश और विनोद उर्फ भूरा पुत्र भिक्की के रूप में हुई है।

## कानपुर देहात : एसडीएम ने 210 साल पुरानी रामलीला रुकवाई तो महंत ने त्यागा अन्न-जल

कानपुर देहात। यूपी के कानपुर देहात के शिवली थाना क्षेत्र में करीब 210 सालों से होने वाली रामलीला को एसडीएम ने रुकवा दिया तो इससे नाराज एक महंत ने अन्न जल का त्याग कर दिया है। एसडीएम का कहना था कि पहले से इजाजत लिए बगैर रामलीला का आयोजन किया जा रहा था इसीलिए यह कार्यवाही की गई। उधर, महंत और रामलीला कमेटी के अध्यक्ष स्थानीय नागरिकों के साथ धरने पर बैठ गए। फिर महंत ने अन्न जल का त्याग करने का एलान कर दिया। बाद में एडिशनल एसपी ने समझाबुझाकर मामला शांत कराया। बड़ी मुश्किल से महंत अनशन वापस लेने पर माने और तब जाकर रामलीला का मंचन शुरू हो सका। आयोजन से जुड़े लोगों ने जिलाधिकारी से लिखित शिकायत कर एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। वही, जिला प्रशासन ने मंगलवार को इलाके में स्थिति को तनावपूर्ण होते देख सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल मौके पर तैनात कर दिया है। दरअसल, कानपुर देहात के शिवली में साकेत धाम मंदिर पर हर साल की तरह इस साल भी 210वीं रामलीला का मंचन रविवार की देर रात हो रहा था। इस दौरान रात लगभग 12ः00 से 1ः00 के बीच मैथा के एसडीएम महेंद्र कुमार पहुंचे और रामलीला को बंद करवा दिया। इस दौरान क्षेत्रीय लोगों ने जब कारण पूछा तो एसडीएम ने अनुमति ना होने की बात कही। दूसरी ओर धार्मिक कार्यक्रम का हवाला देते हुए लोगों ने रामलीला को चालू रखने की बात कही, लेकिन एसडीएम ने महंत और क्षेत्रीय लोगों की बात को अनसुना कर दिया।

## ड्यूटी से नदारद तीन पुलिस निरीक्षक और दो उपनिरीक्षक निलंबित

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश में सहारनपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डा. विपिन टाडा ने लंबे समय से गैरहाजिर चल रहे तीन पुलिस निरीक्षकों और दो उपनिरीक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक तीन पुलिस निरीक्षकों राजेंद्र नागर, नरेश कुमार और पवन चौधरी और दो उपनिरीक्षकों वीरेंद्र सिंह और गंभीर सिंह को बिना किसी सूचना के अवकाश पर रहने के कारण निलंबित कर दिया गया है। एसएसपी ने पांचों के खिलाफ शिकायत की विभागीय जांच के भी आदेश दिये हैं। एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक इस मामले की जांच करेंगें।

## प्रमुख सचिव गृह का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर डीजीपी को भेजा लेटर, सुरक्षा देने की मांग

**लखनऊ**। सरकारी खर्च पर सुरक्षा के लिए गनर हासिल करने के लिए प्रमुख सचिव गृह के फर्जी हस्ताक्षर बना कर पत्र भेजा गया। पुलिस महानिदेशक कार्यालय में डाक से यह पत्र पहुंचा। लिफाफा खोले जाने पर फर्जी हस्ताक्षर और मोहर का इस्तेमाल किए जाने का पता चला। जिसके आधार पर हजरतगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

#### सुरक्षा कर्मी उपलब्ध करा 15 दिन में दे रिपोर्ट

फर्जी तरीके से तैयार किए गए पत्र में खुर्रमनगर निवासी नदीम आजमी और अब्दुल माजिद को दो-दो सुरक्षा कर्मी उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। पत्र में लिखा है कि नदीम और अब्दुल जमीन खरीद-फरोख्त का काम करते हैं। दोनों की कई लोगों से दुश्मनी है। 15 दिन के अन्दर सुरक्षा कर्मी उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट प्रमुख सचिव गृह कार्यालय भेजने की बात भी पत्र में लिखी है। पुलिस महानिदेशक को संबोधित किए गए लेटर में लगी मोहर और हस्ताक्षर का मिलान कराए जाने पर वह फर्जी साबित हुए हैं। जिसके बाद डीसीपी मध्य अपर्णा रजत कौशिक को जांच करने के निर्देश दिए गए थे। इस आधार पर हजरतगंज कोतवाली में वरिष्ठ उपनिरीक्षक दया शंकर द्विवेदी ने धोखाधड़ी, जाली दस्तावेज बनाने और सरकारी कार्य में बाधा डालने की धारा में एफआईआर दर्ज हुई है।

#### गोलागंज डाक घर से किया गया पोस्ट

24 सितंबर को प्रमुख सचिव गृह के नाम से फर्जी लेटर गोलागंज स्थित डाकघर से पोस्ट किया गया था। पत्र में भेजने वाले का पता नहीं लिखा है। जो दो नाम लिखे हैं। उनसे भी पूछताछ की गई है। शुरुआती जांच में दूसरे को फंसाने के लिए फर्जी लेटर बनाए जाने की बात सामने आई है। रजिस्टर्ड डाक से फर्जी पत्र बना कर किसने भेजा है। इसकी पड़ताल पुलिस कर रही है।

## टीवी दिखाने के बहाने अधेड़ ने मासूम के साथ किया दुष्कर्म

### घर में बच्ची के साथ आपत्तिजनक स्थिति में मिला

एजेंसी

आशियाना। लखनऊ में एक अधेड़ ने पड़ोस की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। मासूम अक्सर अधेड़ के घर टीवी देखने जाती थी। सोमवार को मौका का फायदा उठाकर 55 वर्षीय आरोपी ने मासूम के साथ गलत किया।

जब काफी देर तक बच्ची घर नहीं लौटी तो मां उसे ढूंढ़ते हुए आरोपी के घर पहुंची जहां अधेड़ बच्ची के साथ आपत्तिजनक स्थिति में मिला। वहीं चीख पुकार सुनकर आसपास लोग जमा हो गए और आरोपी की पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। ये घटना लखनऊ के आशियाना के बिजली पासी किला इलाके की है। एक महिला अपनी तीन बेटियों के साथ रहती है पति कई सालों से अलग रहता है। महिला दूसरों के घरों में काम करके अपना खर्चा चलाती है। वहीं पड़ोस में रहने वाला पुताई कारीगर उमाशंकर अकेले अपने घर में रहता है। महिला की बच्ची अक्सर उसके घर टीवी देखने जाती थी। सोमवार को 55 वर्षीय उमाशंकर की नियत खराब हो गई। उसने 8 वर्षीय बच्ची को टीवी दिखाने के बहाने अपने घर ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। जब बहुत देर तक मासूम घर नहीं आयी तो उसकी मां को चिंता सताने लगी। वह बच्ची को खोजते हुए उमाशंकर के घर गई। जहां आरोपी बच्ची के साथ आपत्तिजनक स्थिति में मिला। इसके बाद महिला ने शोर मचाया तो आसपास के लोग जमा हो गए। उन्होंने उमाशंकर की जमकर पिटाई कर दी फिर उसे पुलिस को सौंप दिया।

डीसीपी पूर्वी प्राची सिंह ने बताया कि बच्ची की मां की तहरीर पर आरोपी उमाशंकर को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

## रामलीला में भरत मिलाप के कारण टली बारावफात की तारीख

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर में मरकजी सीरत कमेटी ने एक बार फिर गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करते हुए इस बार 08 अक्टूबर को इलाके की मशहूर पंडित जी की रामलीला में 'भरत मिलाप' होने के कारण ईद मिलादुन्नबी (बारावफात) के कार्यक्रम को एक दिन आगे बढ़ाने का ऐलान किया है। कमेटी ने मंगलवार को बताया कि 09 अक्टूबर को पड़ने वाले इस त्योहार को 10 अक्टूबर को मनाने का फैसला लिया है। मरकजी सीरत कमेटी के सदर हफीज शाह ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस्लामिक कैलेंडर और चांद के अनुसार इस वर्ष ईद मिलादुन्नबी 09 अक्टूबर को है, लेकिन 8 तारीख को पंडितजी की मशहूर रामलीला में भरत मिलाप होगा।

## सत्याग्रह पर डीडीयू में प्रोफेसर फिर सस्पेंड, यूनिवर्सिटी की छवि खराब करने का आरोप

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय (डीडीयू) के हिन्दी विभाग के प्रो. कमलेश कुमार गुप्त को एक बार फिर सस्पेंड कर दिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक बिना नोटिस के धरना-प्रदर्शन करने तथा विश्वविद्यालय की छवि को खराब करने की जांच समिति की संस्तुति पर उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। प्रो. कमलेश गुप्त ने कहा कि इस सम्बंध में उनके पास कोई सूचना नहीं है। डीडीयू के मीडिया सेल द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, वाणिज्य विभाग के प्रो. अजेय गुप्ता तथा रसायन विज्ञान विभाग के प्रो. उमेश नाथ त्रिपाठी को भी धरना-प्रदर्शन करने तथा विश्वविद्यालय की छवि को खराब करने के लिए कारण बताओ नोटिस दिया गया था। उन्होंने इसका उत्तर संतोषजनक नहीं दिया। इस पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विश्वविद्यालय के अधिनियम की धारा 49 के प्रावधान 8.10 के अनुसार एक जांच समिति गठित की गई है। उल्लेखनीय है कि प्रो. कमलेश गुप्त पिछले करीब एक वर्ष से कुलपति प्रो. राजेश सिंह के कार्यकाल में हुई आय-व्यय की जांच करने और उन्हें पद से हटाए जाने की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। इसकी शिकायत उन्होंने राजभवन में की थी। राजभवन सचिवालय द्वारा इस शिकायत की जांच कुलपति को ही सौंपे जाने के बाद पिछले वर्ष 21 दिसम्बर को सत्याग्रह की शुरुआत की थी। उसी दिन विवि प्रशासन ने उन्हें निलंबित कर दिया था। उसके बाद विभिन्न चरणों में प्रो. कमलेश का सत्याग्रह चला था। 8 फरवरी को विवि प्रशासन ने उनके निलंबन को रिवोक कर दिया था। गांधी जयंती पर प्रो. कमलेश ने फिर से सत्याग्रह शुरू किया था। उसके एक दिन बाद डीडीयू प्रशासन की तरफ से यह निर्णय आया है। डीडीयू शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष प्रो. उमेश नाथ त्रिपाठी ने कहा कि सत्याग्रह करना हर नागरिक का मौलिक अधिकार है।

## सहारनपुर : चकवाली की प्रधान सर्वश्रेष्ठ कार्यों के लिए सम्मानित हुयीं

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश में सहारनपुर जिले के ब्लॉक रामपुर मनिहारान के गांव चकवाली की प्रधान सविता देवी को राष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया।

सीडीओ विजय कुमार ने मंगलवार को बताया कि ग्राम चकवाली में ग्राम प्रधान ने सामुदायिक शौचालय और 30 सड़कों का निर्माण कराया। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय का सौंदर्यकरण कराया। उन्होंने गांव में सोलर आरओ संयंत्र लगवाया। स्कूल की दीवारों पर सैन्य पेंटिंग करवाई, जिससे छात्रों में देशभक्ति की भावना जागृत हो।

वहां के स्कूल में सबसे अधिक छात्रों का पंजीयन होने पर प्रधान सविता देवी को जिलाधिकारी अखिलेश सिंह भी सम्मानित कर चुके हैं। गांव में 2000 पौधे रोपे गए। गोबर धन योजना के तहत बायोगैस प्लांट लगाया गया। गांव के तालाब का सौंदर्यकरण कर अमृत सरोवर बनाया जा रहा है और गांव में हर तरफ हरियाली और स्वच्छता है।

विकास के सभी बिंदुओं पर प्रधान सविता देवी ने उत्कृष्ट कार्य कर खुद का ध्यान राष्ट्रीय स्तर पर खींचने में सफलता हासिल की है।

## उत्तर प्रदेश में पांच और मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की होगी स्थापना

लखनऊ। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बुंदेलखंड में संचालित बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की सफलता और काशी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी के प्रति महिला किसानों के सकारात्मक रुझान को देखते हुए राज्य की योगी सरकार ने प्रदेश में दूध के उत्पादन को बढ़ाने के लिए महिला सामर्थ्य योजना की शुरुआत की है। इसके तहत बलनी मिल्क की तर्ज पर पांच शहरों में दुग्ध उत्पादन कंपनी शुरु की जायेंगी।

राज्य सरकार की ओर से यह जानकारी देते हुए मंगलवार को बताया गया कि महिला सामर्थ्य योजना के तहत रायबरेली, गोरखपुर, बरेली, प्रयागराज और लखनऊ में मिल्क



प्रोड्यूसर कंपनी शुरु करने के लिये 200 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की है। सरकार का दावा है कि इससे प्रदेश की महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी, वहीं प्रदेश की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।

इस योजना के तहत रायबरेली, गोरखपुर, बरेली, प्रयागराज और लखनऊ में पांच मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की स्थापना करने का लक्ष्य है। इसके साथ ही प्रदेश में सहकारिता पर आधारित मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की संख्या सात हो जायेगी। बलिनी और काशी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी समेत पांच नयी कंपनियों द्वारा अगले पांच वर्षों में रोजाना करीब 15 लाख लीटर दूध के संकलन का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्य में तकनीकी सहायता के लिए राज्य के ग्रामीण आजीविका मिशन ने राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड की आनुषंगी संस्था एनडीडीबी डेरी सर्विसेस के साथ अनुबंधन किया है।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के निदेशक भानुचन्द्र गोस्वामी ने बताया कि प्रदेश के रायबरेली और गोरखपुर में मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की स्थापना हो चुकी है। वहीं बरेली में पंजीकरण की प्रक्रिया चल रही है।

उन्होंने बताया कि रायबरेली में स्थापित सामर्थ्य मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी और गोरखपुर में स्थापित श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी को फरवरी में शुरु करने की तैयारी शुरू कर दी गयी है। इन दोनों कंपनियों के शुरू होने से रायबरेली के आस पास के 7 जिलों (रायबरेली, अमेठी, अयोध्या, सुल्तानपुर, फ़तेहपुर, कानपुर नगर और प्रतापगढ़) और गोरखपुर के आस-पास के 4 जिलों (गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया और कुशीनगर) के 1 लाख से अधिक महिला किसानों को संगठित दूध व्यवसाय से जोड़ा जाएगा।

## जौनपुर : तीन पीढ़ियों से रावण का पुतला बना रहा सुब्बन मियां का परिवार

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर में शाहगंज के भादी खास मोहल्ला के सुब्बन मियां और उनका परिवार पिछली तीन पीढ़ियों से दशहरा में दहन होने वाले रावण के पुतले को बना रहा है।

इनके द्वारा बनाये गए पुतले की लंबाई लगभग 80 फुट के आसपास है। इलाके में इनके पुतलों की मांग भी खूब रहती है। सुब्बन मियां बताते हैं कि लगभग 3 पीढ़ियों से उनका परिवार यह काम कर रहा है। उनका कहना है कि यह कारीगरी उन्हें विरासत में मिली है। जौनपुर मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूर शाहगंज में बन रहा 80 फ़ीट के रावण का पुतला आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। जिस तरह से यह पुतला चर्चा का विषय बना हुआ है वैसी ही कहानी उस पुतले को बनाने वाली परिवार की भी है। यहां रामलीला की शुरुआत 160 साल पहले हुई थी। तब से लेकर आज तक रावण के पुतले सहित राजा दशरथ का दीवान, अशोक वाटिका, मेघनाथ, सूपर्णखा, जटायू, हिरन आदि का पुतला बनाने का काम यह मुस्लिम परिवार करता चला रहा है। यह परिवार सुब्बन मियां का है।

भादी गांव निवासी सुब्बन खां बताते हैं कि उनके पहले उनके पिता कौसर खान रावण के पुतले को बनाने का काम करते थे। उनके पिता से पूर्व उनके दादा इस काम को करते थे। लगभग 3 पीढ़ियों से यह सिलसिला चला आ रहा है। वह बताते हैं कि उन्होंने यह कारीगरी देखते देखते सीख ली है। अपने पिता को पुतला बनाते देखते हुए सुब्बन मियां ने भी पुतला बनाना सीख लिया। वह बताते हैं कि उन्होंने बिल्कुल पढ़ाई लिखाई नहीं की है। उनकी आय का साधन यही है। वह बताते हैं कि मोहर्रम में ताजिया बनाते हैं तो वहीं दशहरा के रावण का पुतला भी बनाते हैं। उनका परिवार भी इस काम में उनका सहयोग करता है।

वह बताते हैं कि तीन पीढ़ियों से यह सिलसिला चला आ रहा है। इस काम मे कमाई कम रह गयी है, लेकिन ये चीजें कई पीढ़ियों से चली आ रही है ऐसे में वह भी इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। उनके 4 बच्चे हैं। वह कहते हैं कि उनके बच्चे पहले इस काम में उनका सहयोग करते थे। लेकिन अब पढ़ाई लिखाई कर अलग अलग काम में वह सभी लग गये हैं।

## इटावा : लंका दहन से पहले रामलीला पंडाल में लगी भीषण आग

इटावा। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले की भरथना तहसील में चल रही रामलीला के पंडाल में सोमवार को 'लंका दहन' का प्रहसन होने से पहले ही बिजली का शॉर्ट सर्किट होने से भीषण आग लग गयी। पुलिस के अनुसार आग लगने की सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची दमकल की टीम ने 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। भरथना में जवाहर रोड स्थित मिडिल स्कूल के प्रांगण में चल रही ऐतिहासिक 124वीं रामलीला में बिजली के शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। देखते देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इससे पंडाल में अफरातफरी मच गयी। इस बीच आग की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## औरैया : तीन दिन से लापता मजदूरों के शव पुरहा नदी में बरामद

औरैया। उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के बिधूना क्षेत्र में तीन दिन पहले लापता हुए दो मजदूरों के शव पुरहा नदी से बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने मंगलवार को बताया कि एक का शव सुबह हमीरपुर गांव के पास मिला, वहीं दूसरे का शव पुर्वा पट्टी गांव के पास पुल के नीचे मिला है। दोनों मजदूरों की हत्या कर नदी में फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार बिधूना कोतवाली की चौकी रूरूगंज क्षेत्र के गांव जुगराजपुर निवासी मजदूर श्रीचन्द्र (46) व गिरीश सविता (50) रविवार को चपोरा गांव निवासी किसान सुल्तान सिंह के खेत में ट्रेक्टर की बुआई के बाद बरहा बनाने गये थे। तभी से दोनों गायब थे। दोनों मजदूर शाम को घर नहीं पहुंचे तो चिंतित परिजन व ग्रामीण दोनों की खोजबीन में जुट गये। खोजबीन करते समय मंगलवार की सुबह करीब 8 बजे चपोरा गांव के पास पुरहा नदी में बनी अड्डी पर श्रीचन्द्र की दोनों व गिरीश की एक चप्पल मिली तो उसी के सहारे पुरहा नदी के किनारे ढूंढना शुरू किया। नदी के किनारे किनारे आगे बढ़े तो हमीरपुर गांव के सामने नदी में झाड़ियों में फंसा शव दिखाई दिया। पास जाकर देखा तो शव श्रीचन्द्र का था। ग्रामीणों ने श्रीचन्द्र का शव मिलने की जानकारी परिजनों को दी तो उनमें कोहराम मच गया। वहीं सूचना मिलते ही कोतवाली निरीक्षक जीवाराम व रूरूगंज चौकी इंचार्ज तन्मय चौधरी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## शार्ट न्यूज

### सिंगापुर की कंपनी ने मानसिक रोग को लेकर शुरू की ऐप

नयी दिल्ली। सिंगापुर स्थित स्टार्ट-अप सीक्रेट पोशन ने मानसिक बीमारी का मुकाबला करने और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए अपने ही नाम से एक मोबाइल ऐप शुरू की है। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि ऐप का उद्देश्य व्यक्तिगत लाभकारी योजनाएं बनाना, दैनिक प्रगति की निगरानी करना, समान अनुभवों से गुजर रहे अन्य लोगों से जुड़ना और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक सहायता प्राप्त करना है। यह ऐप आईओएस और गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है और उपयोगकर्ताओं को एक साधारण मूल्यांकन के आधार पर व्यक्तिगत योजनाएं बनाने और अपने लाभकारी लक्ष्यों पर रहने के लिए प्रतिदिन अपनी प्रगति को देखने या उसे पूर्ण करने की सुविधा प्रदान करती है। उपयोगकर्ता इस ऐप में हर दिन अपनी मनोदशा पर नजर रख सकते हैं और अपने विचारों को ई-डायरी में लिखकर समझ सकते हैं कि उनकी मनोदशा में बदलाव का कारण क्या है। इसके अलावा, उपयोगकर्ता व्यक्तिगत नेटवर्क बनाने के लिए समुदाय में अन्य लोगों के साथ जुड़ सकते हैं और दोस्तों के साथ चैट कर सकते हैं। स्टार्ट अप से संस्थापक और सीईओ फरहा सिद्दीकी ने कहा,वर्तमान में मानसिक रोग का इलाज करने पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। केवल चिकित्सा, दवा और प्रबंधन बेहतर जीवन की गारंटी नहीं देता है। इसके अलावा उस स्थान पर ना पहुंचने से पहले के प्रयासों पर ध्यान कंद्रित करना आसान होगा और इसका जवाब केवल अपने कल्याण के प्रति सचेत प्रयास करने में है।

### वैश्विक बनाने के आह्वान के साथ इंडिया मोबाइल कांग्रेस संपन्न

नयी दिल्ली। देश के 5 जी सेवा लाँच करने की साक्षी बनी चार दिवसीय इंडिया मोबाइल कांग्रेस वैश्विक बनाये जाने के आह्वान के साथ आज संपन्न हो गयी। इसके समापन के अवसर पर संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आयोजकों से इसे ग्लोबल बनाने की अपील की और कहा कि इसके लिए 30 दिनों के भीतर में एक समिति बनायी जानी चाहिए। दूरसंचार विभाग और संचार सेवायें देने वाली कंपनियों के शीर्ष संगठन सीओएआई द्वारा आयोजित यह कांग्रेस का छठवां संस्करण था। जिसमें रिकार्ड 1.07 लाख लोग पहुंचे। इसमें सात हजार सरकारी कर्मचारी, विभिन्न विषयों पर आयोजित 80 सम्मेलनों में 13500 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इन सम्मेलनों को 362 लोगों ने संबोधित किया। इसमें 17 राज्यों के मंत्रियों, 30 हजार छात्र और 150 सरकारी कंपनियों के अधिकारियों ने भाग लिया। इसमें कुल 1811 प्रदर्शकों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के बाद इस वर्ष इस कांग्रेस का आयोजन भौतिक तौर पर किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसका शुभारंभ करने के साथ ही देश में 5 जी सेवा का भी शुभारंभ किया था। अब देश की तीन प्रमुख दूरसंचार कंपनियां रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया 5 जी सेवायें शुरू कर रही है।

### रुपया 20 पैसे उछला

मुंबई। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर पर दबाव बनने के साथ ही घरेलू स्तर पर शेयर बाजार में रही जबरदस्त तेजी से मिले समर्थन के बल पर आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 20 पैसे की उछाल लेकर 81.62 रुपये प्रति डॉलर पर रहा। पिछले दिवस रुपया 81.82 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। रुपया आज 15 पैसे की मजबूती लेकर 81.67 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और यही इसका निचला स्तर भी रहा। सत्र के दौरान यह 81.36 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर तक चढ़ा। शेयर बाजार में रही सवा दो फीसदी की तेजी से भी रुपया को बल मिला। अंत में यह पिछले दिवस की तुलना में 20 पैसे की मजबूती लेकर 81.62 रुपये प्रति डॉलर पर रहा।

### इंजीनियरिंग वस्तुओं के निर्यात में 17 प्रतिशत की गिरावट

नयी दिल्ली, 04 अक्टूबर (वार्ता) भारतीय इंजीनियरिंग उत्पाद संवर्द्धन परिषद (ईईपीसी) के अध्यक्ष महेश देसाई ने कहा कि सितंबर 2022 में इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात वार्षिक आधार पर 17 प्रतिशत गिरकर 7.81 अरब डॉलर रहा जो वर्ष 2021 के इसी महीने में 9.41 अरब डॉलर था। व्यापार के आंकड़ों पर उन्होंने कहा कि समुद्र में माल की आवाजाही में अगस्त 2022 में भी नकारात्मक वृद्धि दर्ज की थी। यूरोप और चीन में मंदी का भारतीय इंजीनियरिंग क्षेत्र पर प्रभाव बीते कुछ महीनों में निर्यात वृद्धि में कमी के साथ दिखाई दे रहा है। श्री देसाई ने कहा कि रूस से गैस आपूर्ति में व्यवधान के चलते यूरोप में उत्पन्न ऊर्जा संकट और कई उन्नत प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में ऐतिहासिक रूप से उच्च मुद्रास्फीति के परिणामस्वरूप अनिश्चितता जारी है। भू-राजनीतिक मुद्दों और यूरोप एवं अन्य देशों पर इसके प्रभाव के कारण वित्त वर्ष वाली तिमाहियां चुनौतीपूर्ण और इंजीनियरिंग निर्यात में महत्वपूर्ण गिरावट का जोखिम हो सकता है। उल्लेखनीय है कि देश का निर्यात सितंबर 2022 में 3.52 फीसदी घटकर 32.62 अरब डॉलर रह गया जबकि सितंबर 2021 में यह 33.81 अरब डॉलर था। आयात सितंबर 2021 के 56.29 अरब डालर के मुकाबले सितंबर 2022 में 5.44 फीसदी बढ़कर 59.35 अरब डालर पहुंच गया। इस दौरान वित्तीय घाटा पिछले वर्ष सितंबर के 22.47 अरब डालर से बढ़कर 26.72 अरब डॉलर हो गया।

### नर्चरडाटफार्म की एचडीएफसी एर्गो के साथ साझेदारी

बेंगलुरु। एग्रीकल्चर-टेक्नालॉजी स्टार्ट-अप नर्चरडॉटफार्म ने साधारण बीमा कंपनी एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी के साथ साझेदारी कर प्लेटफॉर्म पर मौजूद 23 लाख किसानों के लिए अपने बीमा समाधानों को बेहतर करेगी और इनका विस्तार करेगी। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि किसानों को कृषि चक्र के प्रत्येक चरण में तरह-तरह के जोखिमों का सामना करना पड़ता है। इन जोखिमों में मौसम की अनिश्चितता से लेकर फसल के उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव, काम की प्रकृति के कारण निजी स्वास्थ्य से संबंधित जोखिम और बाजार में कीमत के उतार-चढ़ाव के कारण किसानों के लिए भारी राजस्व हानि तक कुछ भी या सबकुछ हो सकता है। ज्यादातर किसान महंगे प्रीमियम और इससे जुड़े थकाऊ कागजी कार्रवाई के कारण बीमा का विकल्प नहीं चुनते हैं। उसने कहा कि उसका लक्ष्य 2022-23 में लगभग 20 लाख किसानों को अपने बीमा समाधान पेश करना है। किसानों का लचीलापन बढ़ाने और जोखिम कम करने वाले समाधान मुहैया कराने के लिए यह निरंतर नवाचार करता रहेगा।

### पीट्रॉन की नये टीडब्ल्यूएस की घोषणा




नयी दिल्ली। डिजिटल ऑडियो एक्सेसरीज और लाइफस्टाइल ब्रांड पीट्रॉन ने इस फेस्टिव सीज़न में विशेष रूप से नए टीडब्ल्यूएस लॉन्च के साथ तैयार है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि उत्सवों के उत्साह को बढ़ाने के लिए वह अपने सबसे ज्यादा बिकने वाले गैजेट्स पर भारी छूट भी दे रहा है। कंपनी के संस्थापक और सीईओ अमीन ख्वाजा ने कहा, हमने ई-कॉमर्स दिग्गज अमेज़ॅन और फ्लिपकार्ट की वार्षिक उत्सव सेल के दौरान अपनी उपभोक्ता मांगों को पूरा करने के लिए इस महीने कई नए प्रोडक्ट लॉन्च किए हैं और हमारे टीडब्ल्यूएस तथा वियरेबल्स की मांग में वृद्धि के साथ शुरुआत हुई। दशहरा और दिवाली नजदीक आने और सकारात्मक ग्राहक भावना के माहौल में टीडब्ल्यूएस की मांग बढ़ने की उम्मीद है। कंपनी के सभी नये उत्पाद ई कॉमर्स कंपनियों के प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

# दशहरे पर लॉन्च होगा जियो टू 5जी बीटा ट्रायल

एजेंसी

नयी दिल्ली। अरबपति मुकेश अंबानी की दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो की ट्रू-5जी सेवा का बीटा ट्रायल दशहरे से देश के चार शहरों दिल्ली, मुंबई, कोलकत्ता और वाराणसी में शुरू हो रहा है।

कंपनी ने आज यह घोषणा करते हुये कहा कि अभी यह सेवा आमंत्रण पर आधारित है जो जियो मौजूदा यूजरों में से कुछ चुनिंदा यूजर को इसका इस्तेमाल करने के लिए भेजा जाएगा। यूजर को इसके साथ ही वेलकम-ऑफर भी मिलेगा, जिसके तहत उसको 1जीबी पीएस तक की स्पीड और अनलिमिटेड 5जी डेटा मिलेगा। आमंत्रित यूजर इन जियो ट्रू 5जी सेवा का अनुभव करेंगे और उनके अनुभवों के आधार पर ही कंपनी विस्तृत 5जी सेवा लॉन्च करेगी।

उसने कहा कि 'वी केयर' मूल मंत्र पर आधारित यह सेवा शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, कौशल विकास, छोटे, मध्यम और बड़े उद्यमों, आईओटी , स्मार्ट होम और गेमिंग जैसे क्षेत्रों को पूरी तरह बदलने वाली है और 140 करोड़ भारतीयों पर इसका सीधा असर पड़ेगा। जैसे-जैसे शहर तैयार होते जाएंगे, अन्य शहरों के लिए बीटा परीक्षण सेवा को खोलने की घोषणा की जाएगी। उपयोगकर्ता इस बीटा परीक्षण का लाभ तब तक उठा पाएंगे जब तक कि शहर का नेटवर्क कवरेज पर्याप्त रूप से मजबूत नहीं हो जाता। आमंत्रित जियो वेलकम ऑफर यूजर को अपना मौजूदा जियो सिम नही बदलना होगा। बस उसका मोबाइल 5जी होना चाहिए। 5जी सेवा ऑटोमैटिक अपग्रेड हो जाएगी।

रिलायंस जियो इन्फोकॉम के अध्यक्ष आकाश अंबानी ने कहा, हमारे प्रधान मंत्री के आह्वान पर ही जियो ने भारत जैसे बड़े आकार के देश के लिए सबसे तेज़ 5जी रोल-आउट की योजना तैयार की है। जियो 5जी एक ट्रू 5जी होगा, और हमारा मानना है कि भारत ट्रू 5जी से कम का हकदार नहीं है। जियो 5 जी दुनिया का सबसे एडवांस 5जी नेटवर्क होगा, जिसे भारतीयों ने, भारतीयों के लिए बनाया है।

उन्होंने कहा कि 5जी एक ऐसी सेवा नहीं हो सकती जो कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों के लिए या सिर्फ बड़े शहरों तक उपलब्ध हो। यह पूरे भारत में हर नागरिक, हर घर और हर व्यवसाय के लिए उपलब्ध होना चाहिए। तभी पूरी अर्थव्यवस्था में उत्पादकता, कमाई और जीवन स्तर में मूलभूत बदलाव आ सकता है।

# आईडीबीआई बैंक ने स्थापना दिवस पर शुरू की विभिन्न योजनाएं

मुंबई। निजी क्षेत्र के आईडीबीआई बैंक ने अपने 59वें स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को ग्राहक केंद्रित और लगातार विकसित हो रहे वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में कई योजनाओं की शुरुआत की।

आईडीबीआई ने एक बयान में कहा कि बैंक ने ग्राहकों और व्यापार में शामिल गैर-ग्राहकों के लिए ओपन नेटवर्क डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) में प्रवेश की घोषणा की। ओएनडीसी एक खुला नेटवर्क है जो एमएसएमई और अन्य खुदरा व्यापारियों को अपने डिजिटल स्टोर स्थापित करने और डिजिटल वाणिज्य लहर का लाभ उठाने में मदद करेगा। आईडीबीआई बैंक ओएनडीसी सेलर्स ऐप पर व्यापारियों को इस प्लेटफॉर्म पर आने के लिए सक्षम बनाएगा।

बैंक ने पूर्ण डिजिटल और बिना कागज के बैंक के कामकाज को सक्षम करने के लिए ऋण आवेदन की जांच के लिए अंतर्निहित क्षमताओं के साथ किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण प्रक्रिया के डिजिटलीकरण के लिए डिजीकेसीसी प्लेटफॉर्म शुरू किया। केसीसी ऋणों के डिजिटलीकरण के लिए यह अपनी तरह की पहली पहल है, अभी इसे महाराष्ट्र में शुरू किया गया है,धीरे-धीरे इसे उन राज्यों में विस्तारित किया जाएगा।

# सनमीना, रिलायंस के बीच संयुक्त उद्यम को लेकर घोषित लेनदेन पूरा

मुंबई। विनिर्माण समाधान कंपनी सनमीना कॉर्पोरेशन और रिलायंस समूह की रिलायंस स्ट्रैटेजिक बिजनेस वेंचर्स लिमिटेड ने ने घोषणा कि की दोनों कंपनियों ने पहले से घोषित संयुक्त उद्यम लेनदेन को पूरा कर लिया है। दोनो कंपनियों ने मंगलवार को जारी संयुक्त बयान में कहा कि यह साझेदारी सनमीना के 40 वर्षों के उन्नत विनिर्माण अनुभव और भारतीय व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र में रिलायंस की विशेषज्ञता और नेतृत्व का लाभ उठाएगी। सभी निर्माण चेन्नई में सनमीना के 100 एकड़ के परिसर में होंगे, जिसमें भविष्य के विकास के अवसरों का समर्थन करने के अलावा समय के साथ व्यापार की जरूरतों के आधार पर नयी विनिर्माण साइटों तक संभावित रूप से विस्तार करने की क्षमता होगी। देश में यह संयुक्त उद्यम एक विश्व स्तरीय इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण केंद्र बनाएगा। इसमें विकास बाजारों और संचार नेटवर्किंग , चिकित्सा और स्वास्थ्य प्रणाली, औद्योगिक और क्लीनटेक, और रक्षा और एयरोस्पेस जैसे उद्योगों के लिए उच्च प्रौद्योगिकी अवसंरचना हार्डवेयर को प्राथमिकता दी जाएगी।

# वर्ष 2022 की दूसरी तिमाही में हुए 20.57 अरब लेन-देन

एजेंसी

नयी दिल्ली। डिजिटल भुगतान क्षेत्र में देश में 2022 की दूसरी तिमाही (अप्रैल-जून) में 36.08 लाख करोड़ रुपये के 20.57 अरब लेन-देन हुए।

वर्ल्डलाइन ने मंगलवार को जारी इंडिया डिजिटल पेमेंट्स रिपोर्ट में वर्ष 2022 की दूसरी तिमाही के आंकड़े पेश किए।

रिपोर्ट के अनुसार दूसरी तिमाही के आंकड़ो में व्यक्ति से व्यक्ति(पी2पी) को किए गए यूपीआई भुगतान की मात्रा 49 प्रतिशत और मूल्य के हिसाब से 67 प्रतिशत रही लेकिन व्यापार की दृष्टि से व्यक्ति से व्यापारी (पी2एम) को किए गए भुगतानों की मात्रा 34 प्रतिशत और मूल्य के अनुसार 17 प्रतिशत रही।

क्रेडिट और डेबिट कार्डों से किए गए भुगतानों का हिस्सा मात्रा की दृष्टि से आठ प्रतिशत और मूल्य को लेकर 14 प्रतिशत रहा। इस दौरान यूपीआई का डिजिटल भुगतानों में वर्चस्व देखा गया, लेकिन क्रेडिट कार्डों की वृद्धि में भी तेजी दर्ज की गयी और यह बड़े भुगतानों के लिए पहली पसंद रहा।

रिपोर्ट के अनुसार छोटे लेनदेन में भी यूपीआई की बड़ी मात्रा में उपस्थित दर्ज की गयी।

आलोच्य तिमाही में यूपीआई से 17.4 अरब से अधिक लेने देने हुए जो राशि के हिसाब 30.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक हैं। यह वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही से संख्या और राशि के अनुसार क्रमश: 118 और 98 प्रतिशत अधिक है।

इस दौरान शीर्ष भेजने वाले स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक और पेटीएम पेमेंट्स बैंक रहे जबकि शीर्ष लाभार्थी बैंक पेटीएम पेमेंट्स बैंक, यस बैंक, एसबीआई, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक थे।

रिपोर्ट में बताया गया कि जून 2022 में यूपीआई क्यूआर कोड की संख्या वार्षिक आधार पर 92 प्रतिशत बढ़कर 19.52 करोड़ के करीब पहुंच गयी।

ऑनलाइन क्षेत्रों, ई-कॉमर्स (वस्तुओं और सेवाओं के लिए खरीदारी), गेमिंग, यूटिलिटी और वित्तीय सेवाओं ने मात्रा के अनुसार 86 प्रतिशत और मूल्य में 47 प्रतिशत से अधिक डिजिटल भुगतान हुआ, जबकि शिक्षा, यात्रा, आतिथ्य और सरकारी क्षेत्र ने शेष मात्रा में 14 प्रतिशत और मूल्य में 53 प्रतिशत का योगदान दिया।

वर्ल्डलाइन ने रिपोर्ट में बताया कि भौतिक स्पर्श बिंदुओं पर सबसे अधिक लेनदेन महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और केरल में हुआ जबकि शहरों में हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, मुंबई और पुणे आगे रहे।

# 25,000 टावर लगाने के लिए 36,000 करोड़ स्वीकृत



नयी दिल्ली। केन्द्र सरकार ने दूरदराज के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के उद्देश्य से अगले 500 दिनों में देश में 25 हजार टावर लगाने के लिए 36 हजार करोड़ रुपये स्वीकृत की है।

राजधानी में चल रही चार दिवसीय इंडिया मोबाइल कांग्रेस में ही राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के इससे जुड़े मंत्रियों का तीन दिवसीय डिजिटल इंडिया सम्मेलन भी शुरू हुआ था। इसका समापन कल देर शाम हुआ। संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में यह बैठक शुरू हुयी थी। श्री वैष्णव ने कल इसके समापन के अवसर पर कहा कि डिजिटल इंडिया और देश के हर कोने तक इसकी पहुंच के लिए सम्पर्क महत्वपूर्ण है। उन्होंने घोषणा की कि आगामी 500 दिनों में नए 25,000 टावर लगाने के लिए 36,000 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पीएम गति शक्ति में तेजी से शामिल होने के लिए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि 2000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय के लिए राज्यों को विशेष सहायता का समर्थन किया गया है। उन्होंने राज्यों को पहले से ही सक्रिय रहने और अपने राज्यों में व्यवसायों को आकर्षित करने के लिए व्यापार अनुकूल नीतियां बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। सबका साथ और सबका विकास के आदर्श पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों, चाहे वे बड़े हों अथवा छोटे, की प्रतिबद्धताएं ही डिजिटल इंडिया को उच्च स्तर पर ले जाने तथा आत्मनिर्भर भारत और ट्रिलियन डॉलर वाली डिजिटल अर्थव्यवस्था को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

इस बैठक में राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के साथ डिजिटल इंडिया पहल के प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर चर्चा हुई। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी और कौशल विकास तथा उद्यमिता राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर और संचार राज्य मंत्री देवुसिंह चौहान के साथ 12 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, मध्य प्रदेश, गुजरात, गोवा, मणिपुर, उत्तराखंड, तेलंगाना, मिजोरम, सिक्किम और पुडुचेरी के आईटी मंत्री इसमें शामिल हुए।

बैठक में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी नियम,ऑनलाइन गेमिंग और डेटा गवर्नेंस, डिजिटल इंडिया भाषिणी तथा डिजिटल भुगतान और माईस्कीम और मेरी पहचानजैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर तीन सत्रों का आयोजन किया। माईस्कीम पर पात्रता/प्रोफाइल आधारित सेवा खोज पर एक डेमो की प्रस्तुति दी गई। सम्मेलन के तीसरे दिन इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय ने टियर 2 शहरों में स्टार्टअप्स को आकर्षित करना और उन्हें बनाए रखना, लोक सेवाओं में उभरती हुई तकनीक का उपयोग, भारत को प्रतिभाओं का देश बनाने, राज्यों में डिजिटल सुशासन का निर्माण तथा मेक-इन-इंडिया फॉर द ग्लोब-इंडिया एज़ सेमीकंडक्टर नेशन शीर्षक से पांच पैनल चर्चाएं आयोजित कीं।

# सितंबर 2022 में देश का निर्यात 3.52 फीसदी घटा




नयी दिल्ली। देश का निर्यात सितंबर 2022 में 3.52 फीसदी घटकर 32.62 अरब डॉलर रह गया। जबकि सितंबर 2021 में यह 33.81 अरब डॉलर था।

वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी।

मंत्रालय के अनुसार हालांकि देश का आयात सितंबर 2021 के 56.29 अरब डालर के मुकाबले सितंबर 2022 में 5.44 फीसदी बढ़कर 59.35 अरब डालर पहुंच गया। जबकि व्यापार घाटा पिछले वर्ष सितंबर के 22.47 अरब डालर से बढ़कर 26.72 अरब डॉलर हो गया। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) के दौरान निर्यात 15.54 प्रतिशत बढ़कर 229.05 अरब डॉलर तक पहुंच गया। जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में निर्यात 198.25 अरब डालर हुआ था। इसी प्रकार चालू वित्त की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में आयात 37.89 फीसदी बढ़कर 378.53 अरब डॉलर तक पहुंच गया। जबकि पिछले वर्ष अप्रैल-सितंबर के दौरान 274.50 अरब डालर की वस्तुओं का आयात हुआ था। मंत्रालय के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही में व्यापार घाटा बढ़कर 149.47 अरब डॉलर हो गया जबकि अप्रैल-सितंबर, 2021-22 में यह 76.25 अरब डॉलर था।

# पीएचडी चैंबर के शीर्ष पदों पर नयी नियुक्तियां

एजेंसी

नयी दिल्ली। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में सर्वश्री साकेत डालमिया, संजीव अग्रवाल और हेमंत जैन को क्रमश: अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयी है।

पीएचडी चैंबर ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि अक्टूबर 2022 से इन गणमान्यों ने पदभार ग्रहण कर लिया है।

मार्बल सिटी (पीजी इंडस्ट्री लिमिटेड) के प्रबंध निदेशक श्री डालमिया की कंपनी के पास अत्याधुनिक वैश्विक मुखौटा उत्पादों के साथ कई संयुक्त उद्यम हैं और इसे भारत के 100 सबसे तेजी से बढ़ते निर्यात घरानों में से एक के रूप में सम्मानित किया गया था।

एमएमजी के अध्यक्ष श्री अग्रवाल के नेतृत्व में कंपनी ने शीतल पेय, तेल और गैस सेवाओं के अपने मुख्य व्यवसाय संचालन में शीर्ष स्थान हासिल किया है। पिछले दो दशकों में एमएमजी ने औद्योगिक और उपभोक्ता व्यवसायों में सफलतापूर्वक विविधीकरण किया है, एक मजबूत वित्तीय स्थिति के साथ एक नैतिक और जिम्मेदार संगठन का निर्माण किया है। केएलजे समूह की कंपनियों के प्रबंध निदेशक श्री जैन एक प्रशिक्षित व्यवसाय प्रबंधन पेशेवर हैं जिनके मार्गदर्शन में कंपनी ने अच्छी वृद्धि की है।

# विजयदशमी से पहले निवेशकों के बल्ले बल्ले




मुंबई। वैश्विक स्तर से मिले सकरात्मक संकेतों के बल पर घरेलू स्तर पर हुयी चौतरफा लिवाली के बल पर विजयदशमी से पहले आज निवेशक बल्ले बल्ले हो गये जब सेंसेक्स और निफ्टी में सवा फीसदी से अधिक तेजी दर्ज की गयी।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1276.66 अंक उछलकर 58 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार करते हुये 58065.47 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 386.95 अंकों की बढ़त लेकर 17 हजार अंक के पार 17274.30 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान छोटी और मझौली कंपनियों में भी लिवाली बनी रही जिससे बीएसई का मिडकैप 2.42 प्रतिशत उछलकर 25141.18 अंक पर और स्मॉलकैप 1.49 प्रतिशत चढ़क 28723.02 अंक पर रहा।

बीएसई में सभी समूहों में तेजी रही जिसमें धातु में सबसे अधिक 3.43 प्रतिशत और हेल्थकेयर में सबसे कम 0.78 प्रतिशत की तेजी रही। इस दौरान बीएसई में कुल 3564 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2580 को मुनाफा हुआ और 855 कंपनियां इस तेजी में भी नुकसान में रही जबकि 129 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

वैश्विक स्तर पर हांगकांग 0.83 प्रतिशत और चीन के शंघाई कंपोजिट 0.55 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर सभी प्रमुख सूचकांक हरे निशान में रहा। इसमें ब्रिटेन का एफटीएसई 2.08 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 3.15 प्रतिशत और जापान का निक्केई 2.96 प्रतिशत शामिल है। अमेरिकी शेयर बाजार में भी हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं।

बीएसई का सेंसेक्स 717 अंकों की बढ़त लेकर 57 हजार अंक के स्तर को पार करते हुये 57506.65 अंक पर खुला और सत्र के दौरान यही इसका निचला स्तर भी रहा। इस दौरान यह लिवाली के बल पर 58099.94 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा। कल हुयी भारी गिरावट के कारण यह 56788.81 अंक पर आ गया था लेकिन आज की लिवाली के बल पर यह 1276.66 अर्थात 2.25 प्रतिशत की बढ़त लेकर 58065.47 अंक पर रहा।

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से तीन को इस तेजी में भी नुकसान हुआ जबकि 27 कंपनियां तेजी में रही।

एनएसई का निफ्टी 260 अंकों की तेजी लेकर 17 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार करते हुये 17147.45 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 17117.30 अंक के निचले स्तर तक उतरा लेकिन इसके बाद शुरू हुयी लिवाली के बल पर यह 17287.30 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा।

अंत में यह पिछले दिवस के 16887.35 अंक की तुलना में 2.29 प्रतिशत अर्थात 368.95 अंकों की बढ़त लेकर 17274.30 अंक पर रहा। निफ्टी में शामिल 50 कंपनियों में से मात्र दो को नुकसान हुआ जबकि 48 बढ़त हासिल करने में सफल रही।

# ईवी बैटरी स्वैपिंग स्टेशन और चार्जिंग स्टेशन के लिए एजेंसियां चयनित

नयी दिल्ली। एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीईएसएल) ने आज 124 बैटरी स्वैपिंग स्टेशन, इलेक्ट्रिक दोपहिया और तीन पहिया वाहनों के लिए 352 स्टैंडिंग चार्जर और इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहनों के लिए 1,294 स्टैंडिंग डीसी फास्ट चार्जर लगाने के लिए एजेंसियों का चयन करने की घोषणा की। सीईएसएल ने बताया कि अहमदाबाद, बेंगलुरू, चेन्नई, दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, पुणे और सूरत में इंस्टाल किए जाने वाले चार्जिंग स्टेशनों के साथ यह परियोजना बिल्ड, ओन और ऑपरेट (बीओओ) मॉडल पर काम करेगा और आठ साल के लिए वैध होगा। इस निविदा के तहत, चार्ज प्वाइंट ऑपरेटर्स (सीपीओ) को क्षेत्र में स्थापना और परिचालन के लिए उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई साइट पर सीईएसएल की तरफ से उपयोग का अधिकार दिया जाएगा। ऑपरेटर्स प्राप्तियों यानी आय को सीईएसएल के साथ साझा करेंगे। यह बिजनेस मॉडल पिछले मॉडल से अलग है, जिसमें सीईएसएल इन स्टेशनों में निवेश, स्वामित्व और परिचालन के लिए जिम्मेदार थी। व्यापक बाजार भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए, सीईएसएल ने देश में बेहद जरूरी चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर की स्थापना के उद्देश्य से अधिकतम भागीदारी को सक्षम बनाने और प्रोत्साहन देने के लिए बिजनेस मॉडल में बदलाव किया है। एक सरकारी एजेंसी के रूप में, सीईएसएल जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी जो किसी भी तरह की बाधा से मुक्त हो, जिसका मूल्यांकन किया गया हो और ईवी चार्जिंग और बैटरी स्वैपिंग स्टेशनों की विभिन्न श्रेणियों के कार्यान्वयन के लिए इकाइयों को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराई गई हो।निविदा में 11 कंपनियों ने भागीदारी की, जिनमें से 5 का चयन किया गया। सफल ऑपरेटर्स इन ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशनों की डिजाइनिंग, इंजीनियरिंग, इंस्टालेशन, टेस्टिंग, कमीशनिंग और संचालन के लिए जिम्मेदार होंगे।

सीईएसएल की एमडी और सीईओ महुआ आचार्य ने कहा, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर जरूरी है। इसे कैसे और किस गति से बढ़ावा दिया जाए, यह हमारे लिए एक बड़ी चुनौती है। मैं बेहद आशावादी हूं कि मार्केट प्लेयर्स के साथ जोड़ने वाला यह मॉडल हमें वे सभी नतीजे देगा जो हम चाहते हैं यानी हमें बड़ी संख्या में चार्जिंग स्टेशन मिलेंगे। देश के हर जिले में ई-व्हीकल चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर की स्थापना के हमारे प्रयास में अगला बड़ा कदम इस निविदा को सफलतापूर्वक पूरा करना होगा। मैं केंद्र के साथ-साथ एजेंसियों और राज्यों के उन सभी हितधारकों के प्रति उनके समर्थन के लिए आभार प्रकट करूंगी, जिनके साथ हम काम कर रहे हैं। वर्तमान में, सीईएसएल 1,017 ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशनों का क्रियान्वयन कर रही है, जिनमें से 427 सार्वजनिक रूप से उपयोग हो रहे हैं। इस निविदा के साथ, 1,770 नए चार्जिंग स्टेशन जुड़ जाएंगे।सीईएसएल एक दूसरे सिस्टम पर चार्जिंग स्टेशनों की मेजबानी में ऑपरेटर्स और ई-मोबिलिटी सेवा प्रदाताओं को सक्षम बनाने के लिए एक चार्ज प्रबंधन प्रणाली और मोबाइल ऐप्लीकेशन के विकास की प्रक्रिया में है। इससे उपभोक्ताओं को अधिकतम कवरेज और विजिबिलिटी मिलेगी।

## शार्ट न्यूज

### भारत ने एशियाई कप क्वालीफायर में जीत के साथ शुरुआत की

अल खोबार (सऊदी अरब)। भारत ने मंगलवार को यहां सऊद बिन जलावी स्टेडियम में एएफसी अंडर-17 पुरुष एशियाई कप 2023 क्वालीफायर की शानदार शुरुआत करते हुए मालदीव को 5-0 से मात दी। भारत के लिये कप्तान वानलालपेका गुइटे (11वां मिनट) लल्हमिंगछुआंगा फनाई (25वां मिनट), अमन (59वां मिनट) और फीनिक्स ओइनम (71वां मिनट) ने गोल जमाये। साथ ही बॉबी सिंह ने 67वें मिनट में पेनल्टी को गोल में तब्दील किया। मलेशिया की ओर से कोई भी खिलाड़ी बॉल को नेट तक नहीं पहुंचा सका। भारतीय अंडर-17 पुरुष टीम इस जीत के साथ एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप-डी में तीसरे स्थान पर आ गयी है।

### एआईएफएफ ने स्टिमक के अनुबंध का विस्तार किया

नयी दिल्ली। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने मंगलवार को एएफसी एशियाई कप 2023 के अंत तक के लिये यहां अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के साथ अपने अनुबंध के विस्तार पर हस्ताक्षर किए। अनुबंध का विस्तार करने के निर्णय की सिफारिश पिछले महीने एआईएफएफ की तकनीकी समिति द्वारा की गई थी और बाद में कोलकाता में कार्यकारी समिति ने इसकी पुष्टि की। कार्यकारी समिति ने तकनीकी समिति की उन सिफारिशों को भी स्वीकार किया जिनके तहत अगर भारत एशियाई कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचता है तो स्टिमक का अनुबंध स्वत: नवीनीकृत हो जाएगा। स्टिमक ने कहा, मैं बेहद खुश हूं कि एआईएफएफ ने हमारी प्रक्रिया पर भरोसा किया है। हमने क्वालीफायर में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है, और हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हम एशियाई कप तक खुद को तैयार करते रहें और महाद्वीपीय चरण में अच्छी छाप छोड़ें। क्रोएशिया के 55 वर्षीय स्टिमक 2019 से ब्लू टाइगर्स के कोच हैं। उनकी अगुवाई में भारतीय टीम ने लगातार दूसरी बार एएफसी एशियाई कप के लिये क्वालीफाई किया है।

### राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण जीतने पर ईशा सम्मानित

हैदराबाद। तेलंगाना के खेल सचिव संदीप कुमार सुल्तानी ने 36वें राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली निशानेबाज ईशा सिंह को मंगलवार को सम्मानित किया। ईशा ने रविवार को महिलाओं की 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल स्पर्धा में अपना पहला राष्ट्रीय खेल स्वर्ण पदक जीता। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार, खेल सचिव सुल्तानी ने ईशा सिंह को इस उपलब्धि के लिये शुभकामनाएं दीं और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

### मुमताज़ ख़ान ने जीता एफआईएच साल का उभरता हुआ सितारा पुरस्कार

लुसाने। भारत की युवा हॉकी खिलाड़ी मुमताज़ ख़ान को 'एफआईएच साल 2021-22 का उभरता हुआ महिला सितारा' पुरस्कार से नवाज़ा गया है। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। एफआईएच ने बताया कि मुमताज़ ने बेल्जियम की शारलोट एंग्लेबर्ट को केवल तीन अंकों से हराया। मुमताज़ को वोटिंग के बाद कुल 32.9 अंक मिले जबकि एंग्लेबर्ट 29.9 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। नीदरलैंड की लूना फोक (16.9 अंक) ने तीसरा स्थान हासिल किया। मुमताज़ ने जीत के बाद कहा, मुझे यकीन नहीं हो रहा कि मैंने यह पुरस्कार जीत लिया है। यह पिछले एक साल में पूरी टीम की मेहनत है, जो रंग लाई है। मैं अपनी जीत का श्रेय अपनी टीम को देती हूं। मुझे लगता है कि यह पुरस्कार इस बात का प्रमाण है कि मैंने पिछले एक साल में ट्रेनिंग ग्राउंड पर जो पसीना बहाया है, उससे मुझे एक बेहतर खिलाड़ी बनने में मदद मिली है। उन्होंने कहा, यह केवल मेरे करियर की शुरुआत है। मैं सीखने की प्रक्रिया को जारी रखूंगी और अपना खेल बेहतर करने के लिये मेहनत करती रहूंगी। मुमताज़ ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी के दरवाज़े पर एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप 2022 में दस्तक दी, जहां उनके खेलने के अनूठे तरीके और गोल करने की क्षमता ने सभी को आकर्षित किया।

### टी20 विश्व कप का हिस्सा न होने के कारण दुखी हूं : जसप्रीत बुमराह

नयी दिल्ली। भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने मंगलवार को कहा कि वह टी20 विश्व कप 2022 में हिस्सा न ले पाने के कारण दुखी हैं, लेकिन वह भारतीय टीम के अभियान के दौरान उनका समर्थन करेंगे। बुमराह ने ट्वीट किया, मैं इस बात से दुखी हूं कि मैं इस बार टी20 विश्व कप का हिस्सा नहीं बनूंगा, लेकिन अपने प्रियजनों से मिली शुभकामनाओं, देखभाल और समर्थन के लिए आभारी हूं। मैं ठीक होते हुए ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम के अभियान के दौरान उनका समर्थन करूंगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने सोमवार को बताया था कि जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से बाहर हो गये हैं। बीसीसीआई की चिकित्सीय टीम ने यह फैसला विस्तृत जांच और विशेषज्ञों के परामर्श के बाद लिया था। शाह ने बताया कि बोर्ड जल्द ही टी20 विश्व कप के लिये बुमराह के विकल्प की घोषणा करेगा। भारत को अपना विश्व कप अभियान पाकिस्तान के खिलाफ 23 अक्टूबर को शुरू करना है। रोहित शर्मा की टीम छह अक्टूबर को पर्थ के लिये रवाना होगी।

### उत्तर प्रदेश की कलारीपयट्टू टीम त्रिवेंद्रम रवाना

लखनऊ। त्रिवेंद्रम में सात अक्टूबर से खेली जाने वाली 14वीं राष्ट्रीय कलारीपयट्टू राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिये उत्तर प्रदेश की 32 सदस्यीय टीम मंगलवार को रवाना हो गयी। उत्तर प्रदेश कलारीपयट्टू एसोसियेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रवीण गर्ग ने टीम रवाना होने से पहले खिलाड़ियों को किट प्रदान की और प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। त्रिवेंद्रम के सेंट्रल स्टेडियम में सात से 10 अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश खिलाड़ी मेयपट्टू , चुवाडुकुल, लाठी, उर्मी, हाईकिक और फाइट की प्रतिस्पर्धा में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि त्रिवेंद्रम में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ी मध्य प्रदेश में आयोजित होने वाले 'खेलो इंडिया' में प्रतिभागी होंगे।

### एशियाई जूनियर : दूसरा दिन भी उलटफेर के नाम

लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय एशियाई जूनियर (अंडर-14) टेनिस प्रतियोगिता का दूसरा दिन मंगलवार भी कई उलटफेर का गवाह बना। बालक और बालिका वर्ग के मुकाबलों में कई वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अपने गैर वरीय प्रतिद्वंदी से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गये। विजयंतखंड स्टेडियम के टेनिस कोर्ट में बालिका वर्ग में गैर वरीयता प्राप्त खुशी गौर ने दूसरी वरीयता प्राप्त हनी जुमानी को 7-5, 6-2 से हराकर सबको चौंका दिया जबकि सातवीं वरीयता प्राप्त मेहर शर्मा को आश्रिता माहेश्वरी ने 6-3,1-6, 6-4 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त अलीना फरीद ने समाइरा कोहली को 6-2, 6-4 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। तीसरी वरीयता प्राप्त दिया चौधरी ने मेहा पाटिल को सीधे सेटों में 6-2, 6-2 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की की, वहीं आठवीं वरीयता प्राप्त तनिष्का भटनागर ने जुफिशा खान को आसानी से 6-0, 6-1 से हराकर आखिरी आठ में जगह बना ली। बालक वर्ग के मुकाबले भी उलटफेरों से अछूते नहीं रहे। पांचवी वरीयता प्राप्त शौर्य भारद्वाज को गैरवरीयता प्राप्त वरद उंद्रे ने 6-4, 6-4 से हरा दिया। इसी तरह छठी वरीयता प्राप्त अयान दहिया को गैर वरीयता प्राप्त दिशेंदर लांबा ने 6-3, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। आठवीं वरीयता प्राप्त आरव भेकल भी उलटफेर शिकार हुए और उत्तर प्रदेश के वंशराज जलोटा ने उन्हें 6-1, 6-3 से हरा दिया।


# भारत ने एकतरफा मैच में यूएई को 104 रनों से हराया

सिलहेट। भारत ने दीप्ति शर्मा (64) और जेमिमाह रॉड्रिगेज़ (75 नाबाद) के अर्द्धशतकों की बदौलत मंगलवार को महिला एशिया कप 2022 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 104 रनों से मात दी।

भारतीय महिलाओं ने यूएई को 20 ओवर में 179 रन का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में यूएई 74 रन ही बना सकी।

भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन सलामी बल्लेबाज सबभिनेनी मेघना (10) और ऋचा घोष (शून्य) का विकेट जल्दी गंवा दिया। दयालन हेमलता (02) के रनआउट होने के बाद दीप्ति और जेमिमाह ने मोर्चा संभालकर चौथे विकेट के लिये 127 रन की विशाल साझेदारी की।

दीप्ति ने 49 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों के साथ 64 रन बनाये, जबकि जेमिमाह ने टूर्नामेंट का अपना दूसरा अर्द्धशतक जड़ते हुए 45 गेंदों पर 11 चौकों के साथ 75 रन की नाबाद पारी खेली। दीप्ति का विकेट गिरने के बाद पूजा वस्त्राकर भी पांच गेंदों पर 13 रन बनाकर आउट हो गयीं, जिसके बाद किरण नवगिरे (10 नाबाद) ने चार गेंदों पर दो चौके लगाकर भारत को 178 रन के स्कोर तक पहुंचाया।




यूएई ने 179 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए पांच रन पर ही तीन विकेट गंवा दिये।

सलामी बल्लेबाज तीर्था सतीश एक रन बनाकर रनआउट हो गयीं जबकि ईशा ओज़ा (04) और नताशा चेरियथ (शून्य) को राजेश्वरी गायकवाड़ ने आउट किया।

इसके बाद कविशा इगोडागे और खुशी शर्मा ने विकेट पर 15.4 ओवर का समय बिताते हुए चौथे विकेट के लिये 58 रन जोड़े। खुशी 50 गेंदों पर तीन चौकों के साथ 29 रन बनाकर आउट हो गयीं, जबकि कविशा ने 54 गेंदों पर तीन चौकों के साथ नाबाद 30 रन बनाये। इसके अलावा छाया मुगल ने छह रन जोड़े।

भारत की ओर से गायकवाड़ ने तीन ओवर में 20 रन देकर दो विकेट लिये, जबकि हेमलता ने तीन ओवर में आठ रन देकर एक विकेट अपने नाम किया।

## विमान में न बैठ पाने के कारण विश्व कप से बाहर हुए हेटमायर

सेंट जॉन्स (एंटिगुआ)। वेस्ट इंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज शिमरन हेटमायर ऑस्ट्रेलिया जाने वाली उड़ान में न बैठ पाने के कारण आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में शामिल नहीं हो सकेंगे।

क्रिकेट वेस्ट इंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने मंगलवार को बताया कि हेटमायर की जगह शमारह ब्रूक्स को विश्व कप स्क्वाड में शामिल किया गया है।

सीडब्ल्यूआई ने बयान जारी करके कहा, सीडब्ल्यूआई चयनकर्ता समिति ने यह फैसला लिया क्योंकि हेटमायर ऑस्ट्रेलिया के लिये अपनी पुनर्योजित उड़ान में नहीं बैठ सके। उनकी ऑस्ट्रेलिया यात्रा को पारिवारिक कारणों की वजह से उनके अनुरोध पर शनिवार से सोमवार किया गया था।

बयान में कहा गया, उड़ान उपलब्धता एक वास्तविक चुनौती होने के चलते उनके लिए सोमवार को गयाना से एक सीट मिली थी। इसका अर्थ है कि वह दुर्भाग्य से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार पांच अक्टूबर को मेट्रिकॉन स्टेडियम में पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय नहीं खेल सकते थे। हेटमेयर ने आज सुबह क्रिकेट निदेशक जिमी एडम्स को सूचित किया कि वह आज दोपहर



न्यूयॉर्क के लिए अपनी उड़ान के लिए हवाई अड्डे पर समय पर नहीं पहुंच पाएंगे।

एडम्स ने कहा, हमने सीडब्ल्यूआई निदेशक मंडल को सूचित किया कि चयनकर्ता समिति ने टी20 विश्व कप स्क्वाड में शिमरन हेटमायर की जगह शमारह ब्रूक्स को शामिल करने का फैसला किया है।

उन्होंने कहा, हमने पारिवारिक कारणों से शिमरन की उड़ान को शनिवार से सोमवार तक बदल दिया था, उन्हें यह स्पष्ट कर दिया गया था कि अगर ऑस्ट्रेलिया की यात्रा में कोई और देरी और समस्याएं होती हैं, तो हमारे पास टीम में उनकी जगह किसी और खिलाड़ी को रखने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। हम इस अत्यंत महत्वपूर्ण वैश्विक आयोजन की तैयारी के लिए टीम की क्षमता से समझौता करने के लिए तैयार नहीं हैं।

## अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी पर पूर्व सैनिक ने चलाई गोली

बटाला। पंजाब में गुरदासपुर जिले की बटाला सब्जी मंडी में पार्किंग ठेकेदार ने मंगलवार सुबह मामूली विवाद के पश्चात एक अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी पर गोली चला दी, लेकिन खिलाड़ी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। पीड़ित खिलाड़ी जरमनजीत सिंह निवासी हसनपुर कलां ने बताया कि वह बटाला सब्जी मंडी से सब्जी लेकर वापस अपने गांव को जा रहा था। इसी बीच, सब्जी मंडी में पार्किंग ठेकेदार पूर्व सैनिक मनजीत सिंह ने खिलाड़ी को पर्ची कटाने के लिए कहा। पार्किंग की पर्ची न कटवाने पर खिलाड़ी ने कहा कि वह घर के लिए सब्जी लेकर जा रहा है, बेचने के लिए नहीं, इसी बात पर मनजीत और जरमन में बहस हो गई। जरमन ने बताया कि बहस इतनी बढ़ गई कि मनजीत ने उसके पैर पर गोली चला दी। उसे हालांकि गोली नहीं लगी। घटना के बाद मनजीत मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मनजीत के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

## दक्षिण अफ्रीका ने मैच जीता, भारत ने श्रृंखला

इंदौर। दक्षिण अफ्रीका ने राइली रूसो (100 नाबाद) के शतक और क्विंटन डी कॉक (68) के अर्द्धशतक की बदौलत भारत को तीसरे टी20 में मंगलवार को 49 रन से मात दी। भारत ने इस हार के बावजूद श्रृंखला 2-1 से जीत ली।

दक्षिण अफ्रीका ने भारत के सामने 20 ओवर में 228 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में भारतीय टीम 178 रन ही बना सकी।

रूसो ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपना पहला सैकड़ा जमाते हुए 48 गेंदों पर सात चौकों और आठ छक्कों के साथ 100 रन की पारी खेली। उनका साथ क्विंटन डी कॉक ने दिया जिन्होंने 43 गेंदों पर छह चौकों और चार छक्कों की बदौलत 68 रन बनाये।

भारत के लिये दिनेश कार्तिक ने 46(21), दीपक चाहर ने 31(17) और ऋषभ पंत ने 27(14) रन बनाये, लेकिन कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। तेज रन गति के बावजूद नियमित अंतराल पर विकेट गंवाने के कारण भारत 18.3 ओवर में 178 रन पर ऑलआउट हो गयी।

भारत ने टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका को पहले बल्लेबाजी के लिये बुलाया और कप्तान टेम्बा बावुमा (03) एक बार फिर बड़ा योगदान देने में असफल



रहे। बावुमा का विकेट गिरने के बाद क्रीज पर आये राइली रूसो ने क्विंटन डी कॉक के साथ मिलकर तेजी से रन जोड़े। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिये 48 गेंदों पर 90 रन की साझेदारी हुई। डी कॉक रनआउट होकर पवेलियन लौट गये, लेकिन रूसो ने इसके बाद ट्रिस्टन स्टब्स (23) के साथ 87 रन की साझेदारी करते हुए अपना शतक पूरा किया। रूसो-स्टब्स की विस्फोटक साझेदारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने अंतिम पांच ओवरों में 73 रन जोड़े। स्टब्स 19वें ओवर में बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में आउट हो गये, लेकिन उनके बाद क्रीज़ पर आए डेविड मिलर ने पांच गेंदों पर तीन छक्के जड़कर दक्षिण अफ्रीका को 20 ओवर में 227/3 के स्कोर तक पहुंचाया।


भारत की ओर से उमेश यादव ने तीन ओवर में 34 रन देकर एक विकेट लिया जबकि दीपर चाहर ने एक विकेट के बदले चार ओवर में 48 रन दिये।


भारत ने 228 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते तेजी से रन बनाये लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट भी गिरते रहे। कप्तान रोहित शर्मा पहले ओवर में शून्य रन पर आउट हो गये, जबकि श्रेयस अय्यर एक रन बनाकर वेन पार्नेल की गेंद पर पगबाधा हुए।

ओपनिंग करने उतरे ऋषभ पंत ने कुछ दर्शनीय शॉट खेले लेकिन 14 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों के साथ 27 रन ही बना सके। बल्लेबाजी क्रम में चौथे स्थान पर भेजे गये दिनेश कार्तिक ने भारत के लिये 21 गेंदों पर सर्वाधिक 46 रन बनाते हुए चार चौके और इतने ही छक्के जड़े।

भारत के 78 रन पर चार विकेट गिरने के बाद सूर्यकुमार (नौ) विकेट पर आखिरी बल्लेबाज थे, और आठ रन बाद उनके आउट होते ही भारत की उम्मीदें समाप्त हो गयीं।

# दुबई के हिंदुओं को दशहरे से पहले गिफ्ट, भव्य मंदिर का होगा उद्घाटन





**दुबई।** रामनवमी के मौके पर दुबई में रह रहे हिंदू समुदाय के लोगों को एक बड़ा तोहफा मिलने वाला है। दुबई के जबेल अली इलाके में दशहरे से एक दिन पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन होने वाला है। इस भव्य मंदिर को कई सालों की मेहनत से तैयार किया गया है। खलीज टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि यह मंदिर सिंधी गुरु दरबार मंदिर का विस्तार है, जो संयुक्त अरब अमीरात का सबसे पुराना हिंदू मंदिर है। इस मंदिर का शिलान्यास 2020 में किया गया था। इसके निर्माण के साथ ही हिंदू समुदाय का दशकों पुराना सपना पूरा हो जाएगा, जो इस इलाके में एक मंदिर की उम्मीद लंबे समय से कर रहे थे।

गल्फ न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक इस मंदिर में आम लोगों को आने की अनुमति 5 अक्टूबर से होगी। इस मंदिर में कुल 16 देवाताओं की मूर्तियां हैं। हिंदू समेत किसी भी धर्म को मानने वाले लोगों को मंदिर में आने की परमिशन होगी।

इस मंदिर को अनौपचारिक तौर पर 1 सितंबर को ही खोल दिया था। तब से अब तक हजारों लोग मंदिर में जाकर उसकी डिजाइन और भव्यता को निहार चुके हैं।

सफेद मार्बल पत्थर का इस्तेमाल इसे बनाने में बहुतायत से किया गया है। छत पर घंटियां लगाई गई हैं और अरबी एवं हिंदू ज्यामितीय डिजाइन से इसे तैयार किया गया है।

इस मंदिर में प्रवेश के लिए पहले से बुकिंग की जरूरत है। इसके लिए क्यूआर कोड आधारिक बुकिंग सिस्टम तैयार किया गया है। इसके अलावा वेबसाइट पर जाकर भी बुकिंग कराई जा सकती है। पहले ही दिन से इस मंदिर में हजारों लोग आ चुके हैं। खासतौर पर साप्ताहिक अवकाश के मौकों पर लोग यहां आते रहे हैं। मंदिर के मुख्य गुंबद पर थ्री डी प्रिंट से तैयार गुलाबी रंग का कमल लहराता है। ज्यादातर देवी-देवताओं की प्रतिमाएं प्रार्थना कक्ष में स्थापित की गई हैं। मंदिर में प्रवेश के लिए सुबह 6:30 से रात 8 बजे तक का समय तय किया गया है। हर दिन इस मंदिर में आसानी से 1 हजार से 1200 तक लोग आ सकते हैं।

## तीन वैज्ञानिकों को मिला भौतिकी का नोबेल पुरस्कार

स्टॉकहोम। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने क्वांटम भौतिकी के क्षेत्र में उनके शोध के लिए एलेन एस्पेक्ट, जॉन एफ क्लॉसर और एंटोन ज़िलिंगर को भौतिकी में नोबेल पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने एक बयान में कहा, भौतिकी 2022 में नोबेल पुरस्कार एलेन एस्पेक्ट, जॉन एफ क्लॉसर और एंटोन ज़िलिंगर को उलझे हुये फोटॉनों के साथ प्रयोग करने के लिए, बेल असमानताओं के उल्लंघन को स्थापित करने और अग्रणी क्वांटम सूचना विज्ञान के लिए काम करने लिए प्रदान किया गया। बयान में कहा गया, इन वैज्ञानिकों की शोध के परिणामों ने क्वांटम सूचना के आधार पर नई तकनीक का रास्ता साफ हो गया है।

## नॉर्थ कोरिया ने जापान के ऊपर से दागी बैलिस्टिक मिसाइल; अलर्ट जारी होते ही अंडरग्राउंड छिपे लोग

एजेंसी

टोक्यो। उत्तर कोरिया ने मंगलवार को मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल दागी, जो जापान के ऊपर से गुजरते हुए प्रशांत महासागर में जा गिरी। जापान के अधिकारियों ने आसपास की इमारतों को खाली करने के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र के निवासियों के लिए जे -अलर्ट जारी किया है। 2017 के बाद पहली बार ऐसा अलर्ट जारी किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, वार्निंग के सायरन बजते ही लोग सुरक्षित जगहों पर छिपने लगे। ऐसा माना जा रहा है कि उत्तर कोरिया ने क्षेत्र में अमेरिकी सहयोगियों को निशाना बनाने वाले हथियारों का परीक्षण तेज कर दिया है। जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि उत्तर कोरिया की ओर से एक मिसाइल दागी गई, जिसके जापान के ऊपर गुजरते हुए प्रशांत महासागर में गिरने की आशंका है। देश के होक्काइदो और आओमोरी क्षेत्र में ट्रेन सेवाएं कुछ समय के लिए निलंबित की गईं थी, जो अब बहाल कर दी गई हैं। प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा, उत्तर कोरिया की ओर से हाल ही में किए गए परीक्षण की कड़ी निंदा करता हूं। मैं मौजूदा स्थिति को लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के साथ बातचीत करूंगा।

### 'नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं'

जापान कैबिनेट के मुख्य सचिव हिरोकाजू मात्सुनो ने कहा कि उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण के बाद किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि मिसाइल 22 मिनट तक हवा में रहने के बाद देश के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर समुद्र में गिरी। वहीं, दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि उन्हें उत्तर के उत्तरी अंतर्देशीय क्षेत्र से दागी गई बैलिस्टिक मिसाइल के बारे में पता चला है। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया की सेना ने निगरानी बढ़ा दी है और अमेरिका के साथ निकट समन्वय बनाए हुए है।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक येओल ने कहा कि उत्तर कोरिया ने मध्यम दूरी की मिसाइल का प्रक्षेपण किया, जो 4,000 किलोमीटर (2,485 मील) की दूरी तय कर सकती है। इसका मतलब है कि यह मिसाइल गुआम तक पहुंचने में सक्षम होगी। यूं ने कहा कि उन्होंने प्रक्षेपण पर चर्चा करने के लिए एक राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाई।

### यूक्रेन को नाटो में शामिल होने में पोलैंड से मदद मिलने का भरोसा

कीव। यूक्रेन में राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री येरमाक ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने पोलैंड के राष्ट्रपति एंड्रेज डूडा से कहा है कि कीव को भरोसा है कि उसके नाटो में शामिल होने में वारसा सक्रिय रूप से मदद करेगा। श्री येरमाक ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर कहा,हम नाटो में यूक्रेन को शामिल करने और यूक्रेन की अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा गारंटी सुनिश्चित करने में पोलैंड की सक्रिय सहायता पर भरोसा करते हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को नाटो में शामिल करने सहित द्विपक्षीय सहयोग पर बातचीत के लिए हाल ही में वे वारसा में पोलैंड के राष्ट्रपति से मिले थे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि कि डोनेट्स्क, खेरसॉन और जपोरिजिया क्षेत्रों को रूस में शामिल करने के लिए किए गए जनमत संग्रह के बाद उन्हें उम्मीद है नाटो उनके देश को शामिल करने में तेजी लाएगा।

### तीन वैज्ञानिकों को मिला भौतिकी का नोबेल पुरस्कार

स्टॉकहोम। फ्रांस के एलेन एस्पेक्ट, अमेरिका के जॉन एफ क्लॉजर और ऑस्ट्रिया के एंटोन ज़िलिंगर ने क्वांटम सूचना विज्ञान पर उनके काम के लिए भौतिकी में 2022 का नोबेल पुरस्कार जीता है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने मंगलवार को इस आशय की घोषणा की। अकादमी ने एक बयान में कहा,यह पुरस्कार उनके 'उलझे हुए फोटॉन के साथ प्रयोग, बेल असमानताओं के उल्लंघन को स्थापित करने और अग्रणी क्वांटम सूचना विज्ञान' के लिए दिया गया है। बयान में कहा गया, उनके परिणामों ने क्वांटम सूचना के आधार पर नई तकनीक के लिए रास्ता साफ कर दिया है। श्री आस्पेक्ट का जन्म 1947 में फ्रांस के एजेन में हुआ और वह पेरिस-सैकले विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं। श्री क्लॉसर (80) अमेरिका में जे.एफ. क्लॉसर एंड एसोसिएट्स में एक शोध भौतिक विज्ञानी हैं। इसी तरह श्री ज़िलिंगर(77) वियना विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। इस वर्ष की पुरस्कार राशि एक करोड स्वीडिश क्रोनर (लगभग 920,000 अमेरिकी डॉलर) है, जिसे तीनों पुरस्कार विजेताओं के बीच समान रूप से साझा किया जाएगा।

### न्यूजीलैंड में साल के अंत तक कोरोना की नयी लहर आने की संभावना

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड साल के अंत से पहले एक और कोविड-19 वायरस की लहर की चपेट में आ सकता है। कोराना महामारी के विशेषज्ञ ने मंगलवार को चेतावनी दी। न्यूज़ीलैंड हेराल्ड की एक रिपोर्ट के अनुसार कैंटरबरी विश्वविद्यालय के प्रो. माइकल प्लांक ने नागरिकों से कहा कि यदि उन्होंने बुस्टर डॉज नही ली है तो ले ले। उन्होंने जर्मनी, डेनमार्क, बेल्जियम और ब्रिटेन जैसे यूरोपीय देशों में बढ़ते कोविड-19 में मामलों और अस्पतालों में भर्ती होने वाले रोगियों की बढ़ती संख्या का हवाला देते हुये कहा कि यह आसन्न महामारी लहर का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि कमजोर प्रतिरक्षा और नए ओमाइक्रोन सब-वेरिएंट बीक्यू .1.1, एक बीए.5 वंशज, और एक अन्य उप-प्रकार, बीए.2.75.2 जैसे कारकों को भविष्य में एक और लहर के निर्माण में योगदान करने के लिए जोड़कर देखा जा सकता है।

### अफगानिस्तान में हुआ शक्तिशाली विस्फोट

काबुल। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में मंगलवार को एक शक्तिशाली विस्फोट हुआ। काबुल पुलिस के प्रवक्ता खालिद जादरान ने यह जानकारी दी। श्री जादरान ने कहा कि घटना को अंजाम देने के लिए विस्फोटकों को परवान के इलाके में स्थित इंटरकांटिनेंटल होटल के पास सड़क पर लगाया गया था। राहत की बात यह है कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। खामा प्रेस समाचार एजेंसी को बताया कि राजनीतिक दल जमीयत-ए-इस्लामी (अफगानिस्तान की इस्लामिक सोसाइटी) का कार्यालय भी वहीं पर स्थित है,जहां पर विस्फोट हुआ। घटना से संबंधित जांच की जा रही है। अभी तक किसी आतंकवादी समूह ने इस विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा



# ये टिप्स अपनाएंगे तो हर कोई हो जाएगा आपके पर्सनैलिटी का फैन

आप पर्सनालिटी डेवलपमेंट शब्द को परिभाषित करने का प्रयास करते हैं तो आपके मन में क्या ख्याल आता है? क्या आपको लगता है अच्छे कपड़े पहनना या अंग्रेजी बोलना या फिर लोगों से मिलना पर्सनालिटी डेवलपमेंट है? तो जवाब मिलेगा नहीं। केवल यह शब्द मिलकर पर्सनालिटी डेवलपमेंट का कार्य नहीं करते बल्कि कई ऐसी चीजें हैं जो पर्सनालिटी डेवलपमेंट का कार्य करते हैं। आइए कुछ टिप्स के विषय में जान लेते हैं जो पर्सनैलिटी डेवलपमेंट का कार्य करते हैं।

## कॉन्फिडेंस बनाएं रखें

किसी भी कार्य को आसान करने का सबसे पहला मंत्र है कॉन्फिडेंस। अगर आप किसी भी काम करते समय कॉन्फिडेंस रखते हैं तो आप किसी भी समस्या का हल ढूंढ सकते हैं। कॉन्फिडेंस से भरे लोगों से हर व्यक्ति आकर्षित हो जाता है। अगर आप अपनी पर्सनालिटी को अच्छे से डेवलप करना चाहते हैं को खुद में कॉन्फिडेंस बिल्ड करने का प्रयास करें। कॉन्फिडेंस बढ़ाने के लिए आप ज्यादा से ज्यादा पढ़ना शुरू करें और नए-नए विषयों को एक्सप्लोर करना शुरू करें।

## हर विषय पर ओपिनियन बनाने का प्रयास करें

अगर आप खुद को दूसरों से अलग बनाना चाहते हैं तो प्रयास करें कि आप हर विषय में अपना एक ओपिनियन बनाएं ताकि कभी आपसे पूछा जाए तो आप जवाब दे सकें। लेकिन ध्यान रखें कि बिना मांगे ओपिनियन देने से आपकी पर्सनालिटी को नेगेटिव रूप में भी प्रदर्शित कर सकता है।

## अच्छे श्रोता बनें

हम हमेशा उन लोगों को दूसरे के मुकाबले अधिक तवज्जो देते हैं जो हमारी बातों को सुनते हैं। कई लोग ऐसा मानते हैं कि अच्छा श्रोता होना एक अच्छे व्यक्तित्व की निशानी है। अगर आप भी अपनी पर्सनालिटी को बेहतर बनाना चाहते हैं तो लोगों को सुनना शुरू करें और एक अच्छा श्रोता बनने का प्रयास करें।

## बॉडी लैंग्वेज को सुधारें

पर्सनैलिटी डेवलपमेंट के लिए बॉडी लैंग्वेज पर काम करना बेहद जरूरी है। आपकी बॉडी लैंग्वेज भी आपके बारे में कई बातें बताती है। आपके चलने, बैठने, बातें करने या खाने के तरीके सहित सब कुछ आपके आस-पास के लोगों पर प्रभाव डालता है। अच्छी बॉडी लैंग्वेज एक अच्छी पर्सनालिटी की तरफ कार्य करती है।



# इन तरीकों से खुद को कर सकते हैं जॉब में मोटिवेट

**आज के दौर में जब जॉब की इतनी बहुतायत है, वहीं लोगों में उस जॉब को पानी के लिए जरूरी स्किल्स की कमी है। अक्सर ऐसा देखने में आता है कि कुछ लोगों में अपनी सब्जेक्ट की नॉलेज तो है, पर कहीं न कहीं कई ऐसी वजहें होती है जो उन्हें अपने फील्ड में बहुत अच्छा करने से रोकती हैं। ये लोग डिमोटिवेट होते हैं। तो आइए जानते हैं खुद को मोटिवेट कैसे किया जाए**

- खुद को शांत रखना सीखिए। ऐसा करने से आपका दिमाग ठीक तरीके से काम करता है और आप किसी भी समस्या का सामना कर सकते हैं।
- ऐसे विचारों को माइंड में कभी न लाएं जो आपके किसी अच्छे काम को प्रभावित करें। हम अक्सर दूसरों से राय लेने में नहीं चूकते। जब कुछ नया करने जा रहे होते हैं। अब यह निर्भर करता है कि जिससे आपने राय ली है, वह आपका हित चाहने वाला है या नहीं, तो तुरंत किसी की बात को न मानें। उस पर विचार करें। उसके बाद ही कोई कदम उठाएं।
- अगर आप किसी काम के लिए जा रहे हों तो अपने डर पर विजय हासिल करें। कॉन्फिडेंट रहिए, डर दूर करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप सामने वालों को भी अपनी ही तरह एक आम इंसान ही समझें। सोचिए कि अगर आप किसी ऊंची पोस्ट पर होते हैं तो सब आपके हाथ में होता।
- जब आप कोई इंटरव्यू के लिए जा रहे हों तो ये सोचिए कि आप कई इंटरव्यू दे चुके हैं। भले ही यह आपका पहला इंटरव्यू रहो। इससे आपका कॉन्फिडेंस हाई रहेगा। अपनी सक्सेस को हमेशा अपने साथ लेकर चलें। यह कभी न सोचें कि अगर सिलेक्शन न हुआ तो।
- जब आप किसी इंटरव्यू के लिए जाएं तो अपना बेस्ट देने की कोशिश करें। अपनी कमियों को खुद पर हावी न होने दें। जो भी स्किल या नॉलेज आपके पास है उसे बेहतर ढंग से एक्सप्रेस करें।
- साफ-सुथरी बात सभी को अच्छी लगती है। आपका बात करने का अंदाज विनम्र होना चाहिए। साथ ही स्पष्ट और कम शब्दों में होना चाहिए।



# बहुत बड़ा है एविएशन इंडस्ट्री का दायरा

अगर आप भी एविएशन इंडस्ट्री में अपना करियर बनाने की सोच रहे हैं, लेकिन अपने आप को पायलट व केबिन क्रू बनने के काबिल नहीं पाते, तो निराश मत हो, क्योंकि इसके अलावा भी अब इस सेक्टर में कई डिपार्टमेंट ऐसे हैं जहां आप अपना करियर बना सकते हैं। ज्यादातर लोग एविएशन क्षेत्र के दायरे को पायलट, एयर होस्टेज व केबिन क्रू तक सीमित कर देते हैं, लेकिन इसका दायरा बहुत बड़ा है। आप इस इंडस्ट्री में एयरपोर्ट मैनेजमेंट, एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ, फ्लाइट इंजीनियर, एयर टिकटिंग, एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स, एयर कार्गो मैनेजमेंट, मीटिरियोलॉजिस्ट आदि जॉब प्रोफाइल पर भी कार्य कर सकते हैं।

## ग्राउंड स्टाफ

एविएशन इंडस्ट्री में ग्राउंड स्टाफ महत्वपूर्ण होते हैं। इनका कार्य एयरपोर्ट की साफ-सफाई के साथ उसके रखरखाव करना है। एयरपोर्ट पर प्लेन जब उतर जाता है, तो उसके बाद पैसेंजरों की सुविधा और सुरक्षा का ध्यान रखना होता है। इसके साथ ही एयरपोर्ट पर सामान ढुलाई और माल स्टॉक का कार्य भी ग्राउंड स्टाफ को ही कराना होता है। ग्राउंड स्टाफ की एयरपोर्ट पर अलग-अलग कार्य की जिम्मेदारी संभालते हैं। एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ में करियर बनाने के लिए आप एयरपोर्ट मैनेजमेंट से रीलेटेड सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, बैचलर और मास्टर लेवल के कोर्स कर इस फील्ड में प्रवेश कर सकते हैं। 12वीं के बाद आप इस सेक्टर में प्रवेश कर सकते हैं।

## एयर कार्गो मैनेजमेंट

इस जॉब प्रोफाइल पर रहकर करियर बनाने के लिए आपको डिप्लोमा इन इंटरनेशनल एयर कार्गो मैनेजमेंट कोर्स करना होगा। जिसमें आप एविएशन हिस्ट्री एवं जियोग्राफी के अतिरिक्त कार्गो लॉ, कस्टम्स रूल्स, वेयरहाउसिंग, एयरक्राफ्ट लिमिटेशन व लोडिंग कैपेसिटी, क्लीयरेंस प्रोसिजर, क्लेम रूल्स, बीमा और फ्री ट्रेड जोन जैसे विषयों से रूबरू होंगे। इस क्षेत्र में भी प्रवेश के लिए आपको न्यूनतम 12वीं की शैक्षणिक योग्यता होना जरूरी है। यह कोर्स आपको 6 माह से 1 वर्ष तक का होता है।

## एयर टिकटिंग

एविएशन के एयर टिकटिंग में करियर बनाने के लिए न्यूनतम 12वीं की शैक्षणिक योग्यता के साथ 18 वर्ष से ऊपर की आयु होनी चाहिए। न्यूनतम 6 माह से 9 माह तक की अवधि वाले कोर्स डिप्लोमा इन एयर टिकटिंग एंड ट्रैवल मैनेजमेंट में ट्रैवल एजेंसी बिजेनस, वर्ल्ड टाइम जोन, एयरपोर्ट व एयरलाइन कोड्स, पेमेंट मोड्स, फॉरेन करेंसी, पासपोर्ट व वीजा आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है।

## फ्लाइट इंजीनियर

एविएशन के क्षेत्र में फ्लाइट इंजीनियर का कार्य बहुत अहम होता है। प्लेन के सभी पुर्जों की जांच करना इनकी जिम्मेदारी होती है। इसके लिए इलेक्टॉनिक्स इलेक्ट्रिकल्स, मैकेनिकल, एयरोनॉटिकल या कम्प्यूटर में से किसी एक में ग्रेजुएशन होना जरूरी है। अगर आपके पास फ्लाइट इंजीनियर का ग्राउंड पाठ्यक्रम या एयर क्राफ्ट इंजीनियर लाइसेंस या सीपीएल है तो आप अप्लाई कर सकते हैं। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि आपने 12वीं विज्ञान विषयों से पास की हो और आपकी उम्र तीस साल से ज्यादा ना हो, तो आप इसमें करियर बना सकते हैं।

## एयर ट्रैफिक कंटोलर्स

एविएशन के क्षेत्र में यह एक और महत्वपूर्ण जॉब प्रोफाइल है। एयरपोर्ट पर बने टॉवर से एयर ट्रैफिक कंटोलर्स हर वक्त प्लेन की उड़ानों पर नजर रखते हैं। इस फील्ड में करियर बनाने के आपको रेडियो इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रोनिक इंजीनियरिंग बीटेक या डिप्लोमा करना होगा।

## मीटिरियोलॉजिस्ट

एविएशन में मीटिरियोलॉजिस्ट का भी बड़ा रोल होता है। इसमे कैरियर बनाने के लिए अगर आपके पास मौसम विज्ञान, भौतिक, कम्प्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक्स, गणित और दूरसंचार में ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री है तो आप इसके लिए अप्लाई करने योग्य हैं।

## टूर एंड ट्रैवल

अगर आप एविशन के क्षेत्र में रहकर अतिरिक्त कमाई करना चाहते हैं तो टूर एंड ट्रैवल आपके लिए बेस्ट होगा, इस क्षेत्र में आपको बहुत काम मिलेगा। इस क्षेत्र में आने के लिए आप 6 माह का सर्टिफिकेट कोर्स से लेकर तीन वर्षीय बैचलर इन ट्रैवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट और उसके बाद पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स भी कर सकते हैं।

### यहां से कर सकते हैं कोर्स

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एरोनॉटिक्स, नई दिल्ली
- फ्रांकलिन एविएशन एकेडमी, दिल्ली
- विंग्स कॉलेज ऑफ एविएशन टेक्नोलॉजी, पुणे
- ए जे एविएशन एकेडमी, मुम्बई
- राजीव गांधी एविएशन एकेडमी, हैदराबाद
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एरोनॉटिक्स साइंस, जमशेदपुर
- हिंदुस्तान एविएशन एकेडमी, बंगलूरू

# क्या है आर्कियोलॉजी? किस कोर्स के बाद मिलेगी हाई सैलरी



अगर आप इतिहास से लगाव रखते हैं और आप रोमांच के साथ रहस्य से पर्द उठाना चाहते हैं। साथ ही आपमें ऐतिहासिक चीजों को जानने और उनके बारे में तरह-तरह की जानकारियां पता करने की इच्छा है तो आप आर्कियोलॉजिस्ट के तौर पर अपना करियर बना सकते हैं। इतिहास और भूगोल के रहस्यों से पटे भारत में इसके अच्छे

हड़प्पा सभ्यता के बाद से भारत में ऐतिहासिक खोज न के बराबर हुई है और फिलहाल इतिहास संबंधित खोज को लेकर एक बड़ा वैक्यूम यहां बना हुआ है, जो बड़े आइडियाज और क्रिएटिविटी का इंतजार कर रहा है। इसके साथ ही दुनियाभर में शोध के लिए आर्कियोलॉजी के विद्यार्थियों की मांग है।

## क्या है आर्कियोलॉजी

पृथ्वी पर छपी पुरानी सभ्यता और संस्कृति का वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अध्ययन करना व उनकी खोज करना आर्कियोलॉजी कहलाता है। आर्कियोलॉजी में उस इतिहास के बारे में यह जानने की कोशिश की जाती है कि पुरानी सभ्यताओं में लोगों का रहन- सहन कैसा था। किस तरह की वस्तुओं का वो इस्तेमाल करते थे। अनुमानों

लेकर तत्कालीन समाज और परिवेश के आकलन का काम भी एक आर्कियोलॉजिस्ट को करना होता है। साथ ही वह कार्बन डेटिंग और समय गणना का काम भी करता है। सभी तरह के ऐतिहासिक वस्तु या सभ्यता के वर्तमान से जुड़ाव और विकास के क्रम को निर्धारित करने की जिम्मेदारी भी एक आर्कियोलॉजिस्ट की होती है।

## किस तरह का होता है कोर्स

अगर आप इस क्षेत्र में जाना चाहते हैं तो आपको 12वीं की परीक्षा इतिहास विषय के साथ पास करनी होगी। इसके बाद आप

आर्कियोलॉजी में डिप्लोमा, बैचलर, मास्टर और पीएचडी पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं, जिनमें प्रवेश के लिए अलग-अलग योग्यताएं निर्धारित की गई हैं। इससे जुड़े कोर्स देश के सभी प्रमुख विश्वविद्यालयों से किए जा सकते हैं। मास्टर इन कंजर्वेशनए प्रिजरवेशन एंड हेरिटेज मैनेजमेंट और मास्टर इन आर्कियोलॉजी एंड हेरिटेज मैनेजमेंट जैसे कोर्स इस क्षेत्र में आगे बढ़ने की सीढ़ी हो सकते हैं। इसके अलावा आप हिस्टॉरिकल आर्कियोलॉजी, जिओ आर्कियोलॉजी, आर्कियोबॉटनी, क्रॉनोलॉजिकल, एथनोआर्कियोलॉजी, एक्सपेरिमेंटल ऑर्कियोलॉजी, आर्कियोमेट्री जैसे कोर्स भी कर सकते हैं।

## जरूरी योग्यता

एक बेहतरीन आर्कियोलॉजिस्ट अथवा म्यूजियम प्रोफेशनल बनने के लिए प्लीस्टोसीन पीरियड अथवा क्लासिकल लैंग्वेजए मसलन पाली, अपभ्रंश, संस्कृत, अरेबियन भाषाओं में से किसी की जानकारी आपको कामयाबी की राह पर आगे ले जा सकती है। आर्कियोलॉजी न केवल दिलचस्प विषय है बल्कि इसमें कार्य करने वाले प्रोफशनल्स के लिए चुनौतियों में भरा क्षेत्र भी है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए अच्छी विश्लेषणात्मक क्षमताए तार्किक सोचए कार्य के प्रति समर्पण जैसे महत्वपूर्ण गुण जरूर होने चाहिए। कला की समझ और उसकी पहचान भी आपको औरों से बेहतर बनाने में मदद करेगा।

## यहां से कर सकते है कोर्स

- आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया
- बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी
- दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ हेरिटेज रिसर्च एंड मैनेजमेंट
- कर्नाटक स्टेट यूनिवर्सिटी

### जॉब ऑप्शन क्या हैं

आर्कियोलॉजी में कोर्स पूरा करने के बाद आपको जॉब के कई ऑप्शन मिलेंगे। जिनमें मुख्य रूप से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग, नई दिल्ली, राज्यों में स्थित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग, विभिन्न संग्रहालय, एनजीओ और यूनिवर्सिटी, विदेश मंत्रालय का हिस्टोरिकल विभाग, शिक्षा मंत्रालय, पर्यटन विभाग, इंडियन काउंसिल ऑफ हिस्टोरिकल रिसर्च आदि।

### सैलरी व संभावनाएं

यह ऐक ऐसा क्षेत्र है जहां पर आपको रोमांच और रहस्य के साथ अच्छी सैलरी भी मिलती है। अगर आपने किसी प्राइवेट सेक्टर में जाना चाहते हैं तो आप 30 से 50 हजार रूपये प्रतिमाह की जॉब आसानी से पा सकते हैं, जो अनुभव व आपकी खोज के साथ

जॉब प्रोफाइल के हिसाब से लाखों रूपये की सैलरी पा सकते हैं।

# इंश्योरेंस इंडस्ट्री में करियर बनाना है बेहद आसान

**इंश्योरेंस इंडस्ट्री एक ऐसी इंडस्ट्री है जो पिछले कुछ सालों से लगातार तेजी से विस्तार कर रही है, जिसके चलते एक्चुरियल प्रोफेशनल्स की डिमांड काफी बढ़ गया है। अगर आप भी इंश्योरेंस सेक्टर में करियर बनाने का सोच रहे हैं तो यह समय काफी अच्छा है, खास कर कोरोना के बाद इंश्योरेंस के हेल्थ सेक्टर में बूस्ट आया है। आज के समय लगभग हर परिस्थिति से निपटने के लिए बीमा कंपनियों के पास पॉलिसी हैं। जीवन बीमा, यात्रा बीमा, वाहन बीमा, स्वस्थ्य बीमा तथा गृह बीमा इनमें सबसे ज्यादा प्रचलित हैं।**



## एजुकेशन

इस क्षेत्र में जाने के लिए आप 12वीं व ग्रेजुएशन के बाद भी जा सकते हैं, लेकिन विषय का पूरा ज्ञान लेने के लिए एक्चुरियल साइंस से संबंधित कोर्सेस में स्नातक डिग्री के लिए मैथ्स या स्टेटिस्टिक्स में 55 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं पास होना आवश्यक है जबकि पीजी डिप्लोमा, मास्टर्स डिग्री और सर्टिफिकेट कोर्स के लिए मैथ्स-स्टेटिस्टिक्स, इकोनॉमेट्रिक्स सब्जेक्ट से स्नातक जरूरी है। स्टूडेंट्स, इंस्टीट्यूट ऑफ एक्चुरीज ऑफ इंडिया को मेंबर के तौर पर भी ज्वाइन कर सकते हैं। एक्चुरी प्रोफेशनल बनने के लिए स्टूडेंट्स को एक्चुरियल सोसाइटी ऑफ इंडिया का फेलो मेंबर होना जरूरी है। यह संस्थान इसमें कोर्सेस भी कराता है।

## इंश्योरेंस का कार्य क्षेत्र

इसके लिए मैथ्स और स्टैटिस्टिक्स के मेथड्स का इस्तेमाल करके इंश्योरेंस और फाइनेंस इंडस्ट्री में जोखिम का अनुमान लगाते हैं। एक्चुरियल प्रोफेशनल्स यह हिसाब लगाते हैं कि किसी पॉलिसी होल्डर को प्रीमियम के तौर पर कितनी राशि का भुगतान करना होगा या किसी कंपनी को पेंशन या रिटर्न पर कितना खर्च करना होगा। प्रोफेशनल का काम अचानक घटी घटना के आर्थिक प्रभाव का अंदाजा लगाने का भी होता है। आज इस क्षेत्र से जुड़े प्रोफेशनल्स को इंश्योरेंस इंडस्ट्री का बैकबोन भी कहा जाने लगा है।

## स्किल व एलिजिबिलिटी

इस क्षेत्र में कार्य करने के लिए खुद को अपडेट रखना जरूरी है। खुद में लोगों की परेशानी को समझने, नई तकनीक सीखने में हिचकिचाहट न होने, कम्युनिकेशन के साथ मैथ और स्टेटिस्टिक्स पर पकड़ मजबूत रखने जैसे स्किल का होना जरूरी है। अपनी योग्यता के आधार पर आप एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर एंड असिस्टेंटए डेवलपमेंट ऑफिसरए इंश्योरेंस एजेंटए इंश्योरेंस सर्वेयरए एक्चुरी मैनेजरए रिस्क मैनेजर जैसे पदों पर काम कर सकते हैं।

## जॉब्स के अवसर

अगर आपके पास एक्चुरियल साइंस की डिग्री है तो आपके लिए इन दिनों नौकरियों के लिए कई रास्ते खुल गए हैं। इंश्योरेंस, बैंकिंग, बीपीओ-केपीओ, आईटी सेक्टर, मल्टीनेशनल कंपनियों, फाइनेंशियल कंपनियों आदि में इनके लिए अच्छे मौके होते हैं। दूसरी तरफ, बीपीओ कंपनी में भी जोखिम के बारे में विश्लेषण करने के लिए बड़े पैमाने पर एक्चुरियल प्रोफेशनल्स की हायरिंग होती है। बीपीओ में काम करने वाले एक्चुरी प्रोफेशनल्स की सैलरी भी आम बीपीओ एंप्लॉइज की तुलना में दो से तीन गुना अधिक होती है।

भारत में संभावनाएं इसलिए भी अधिक हैं, क्योंकि वैश्विक ग्राहकों को कम संसाधन और न्यूनतम लागत में अच्छी सुविधाएं मुहैया करा रहे हैं। वहीं एक्चुरियल प्रोफेशनल्स की डिमांड सरकारी और प्राइवेट इंश्योरेंस कंपनियों में ही नहीं, बल्कि टेरिफ एडवाइजरी कमिटी, इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी, सोशल सिक्योरिटी स्कीम, फाइनेंशियल एनालिसिस फर्म में भी है।

## सैलेरी

इस क्षेत्र में आप फ्रेशर के तौर पर प्रतिमाह 20 से 30 हजार रुपये तक आसानी से पा सकते हैं। वहीं अनुभव व समय के साथ किसी उच्च पद पर पहुंचने पर आप 1 लाख रुपये का मासिक वेतनमान भी ले सकते हैं। यदि आपने किसी टॉप कॉलेज से एमबीए इन इंश्योरेंस किया है तो आप अपनी फर्स्ट जॉब में ही ज्यादा बेहतर वेतनमान की अपेक्षा कर सकते हैं।

## प्रमुख संस्थान

कालेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज, दिल्ली विश्वविद्यालय
एकेडमी ऑफ इंश्योरेंस मैनेजमेंट, दिल्ली
बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, दिल्ल
इंश्योरेंस इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, मुंबई
एक्चुरियल सोसाइटी ऑफ इंडिया
अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, अलीगढ़
यूनिवर्सिटी ऑफ पुणे, पुणे
एमिटी स्कूल ऑफ इंश्योरेंस एंड एक्चुरियल साइंस, नोएडा